उज्जैन
शुक्रवार
17
अप्रैल, 2026
मूल्य- 2 रु.
वर्ष-12
अंक-163
मालवा डिवीजन 402/2024-2026
आर एन आई क्रमांक 2013/57651

दैनिक ब्रह्मास्त्र



आकांक्षा पुरी बोलीं खेसारी लाल यादव संग जोड़ी हिट... अश्मित पटेल के साथ साड़ी फरमेश में दिखी केमिस्ट्री: कहा- ऐसा मौका पहले नहीं मिला

पेज- 8

# ट्रैक्टर ट्रॉली पलटने से 4 महिलाओं की मौत

## 26 घायल, श्योपुर से 4 ग्वालियर रेफर, कई गंभीर, मदद के लिए चीखते-चिल्लाते रहे लोग

ब्रह्मास्त्र ›› श्योपुर

मध्य प्रदेश के श्योपुर जिले में गुरुवार रात तेज रफ्तार ट्रैक्टर ट्रॉली पलटने से 4 महिलाओं की मौके पर ही मौत हो गई, जबकि 28 लोग घायल हो गए। इनमें से 4 लोगों को ग्वालियर रेफर किया गया है। हादसे के बाद मौके पर चीख-पुकार मच गई। लोग मदद के लिए चिल्लाते रहे। मामला विजयपुर थाना क्षेत्र के खिरतपाल गांव का है।

जानकारी के मुताबिक, मृतकों की पहचान सरोज गुर्जर, सुनैना गुर्जर, सीमा गुर्जर और गीता राव के रूप में हुई है। ट्रैक्टर से बीरपुर थाना क्षेत्र के घूंघस गांव से विजयपुर थाना क्षेत्र के झारबड़ौदा गांव भात मांगने कार्यक्रम में शामिल होने के लिए जा रहे थे।

मुख्यमंत्री मोहन यादव ने हादसे पर दुख व्यक्त किया है। उन्होंने मृतकों के परिजनों को 4 लाख रुपए, गंभीर रूप से घायलों को 1 लाख रुपए और अन्य घायलों को 50,000 रुपए की आर्थिक सहायता प्रदान करने के निर्देश दिए हैं।



### ट्रैक्टर के नीचे दबे लोगों को बाहर निकाला

ट्रॉली के अंदर ज्यादातर महिलाएं और बच्चे थे। विजयपुर से 3 किलोमीटर पहले खिरतपाल गांव के पास ट्रैक्टर अनबैलेंस हो गया। इससे ट्रॉली पलट गई। घायलों में कई की हालत गंभीर बताई जा रही है। स्थानीय लोगों ने तुरंत राहत कार्य शुरू किया। ट्रैक्टर के नीचे दबे लोगों को बाहर निकाला। नजदीकी अस्पतालों में भर्ती कराया।

### पलटी हुई ट्रॉली को हाथों से सीधा किया

घटनास्थल पर मौजूद प्रत्यक्षदर्शियों ने बताया कि हादसे के बाद लोगों ने क्रेन का इंतजार नहीं किया। हाथों से ही पलटी हुई ट्रॉली को सीधा किया। इससे मृतकों और घायलों को बाहर निकाला गया। घायलों को घटनास्थल पर मौजूद गाड़ियों की मदद से अस्पताल पहुंचाया गया।

### मौके पर पहुंचे पूर्व मंत्री रामनिवास रावत

घटना की सूचना मिलते ही प्रशासनिक अमला मौके पर पहुंच गया। पूर्व वनमंत्री रामनिवास रावत, एसडीएम अभिषेक मिश्रा और टीआई राजन गुर्जर सहित पुलिस और प्रशासन के अधिकारी घटनास्थल पर मौजूद रहे। राहत और बचाव कार्य की निगरानी करते रहे।

## इंडोनेशिया के घने जंगल में हेलिकॉप्टर क्रैश, 8 की मौत



ब्रह्मास्त्र ›› इंडोनेशिया

इंडोनेशिया के कालीमंतन प्रांत में एक हेलिकॉप्टर क्रैश हो गया, जिसमें सवार सभी 8 लोगों की मौत हो गई। अधिकारियों ने शुक्रवार को इसकी पुष्टि की।

यह हेलीकॉप्टर गुरुवार सुबह एक प्लांटेशन इलाके से उड़ान भरने के सिर्फ 5 मिनट बाद ही संपर्क से बाहर हो गया। राहत एजेंसी के प्रमुख मोहम्मद स्याफी ने बताया कि जहां हेलीकॉप्टर का संपर्क टूटा, वह इलाका घने जंगल और पहाड़ियों से भरा हुआ है, जिससे बचाव कार्य में काफी दिक्कत आ रही है। रेस्क्यू टीम को हेलीकॉप्टर के मलबे का एक हिस्सा, जो पूंछ बताया जा रहा है, उस जगह से करीब 3 किलोमीटर पश्चिम में मिला है जहां आखिरी बार संपर्क हुआ था।

हादसे की वजह अभी तक साफ नहीं हो पाई है। हेलीकॉप्टर में 6 यात्री और 2 क्रू मेंबर सवार थे और सभी की इस हादसे में मौत हो गई। शुक्रवार को सेना और पुलिस की मदद से बचाव दल जमीन के रास्ते घटनास्थल तक पहुंचने की कोशिश कर रहा है। यह हेलिकॉप्टर एक पाम ऑयल कंपनी के प्लांटेशन इलाके से उड़ा था और एक निजी एविएशन कंपनी का था।

## लश्कर के को-फाउंडर आमिर हमजा पर फायरिंग अस्पताल में भर्ती

**लाहौर।** पाकिस्तान के लाहौर में आतंकी संगठन लश्कर-ए-तैयबा के संस्थापक सदस्य आमिर हमजा पर अज्ञात हमलावरों ने गोली चला दी। हमले के बाद उन्हें अस्पताल में भर्ती कराया गया है, जहां उनकी हालत गंभीर बताई जा रही है। मीडिया रिपोर्ट्स के मुताबिक, हमलावरों ने लाहौर में एक न्यूज चैनल के दफ्तर के बाहर उन पर फायरिंग की। हमला किसने और क्यों किया, यह अभी साफ नहीं हो पाया है। यह एक साल से भी कम समय में दूसरा मौका है, जब हमजा पर हमला हुआ है। इससे पहले पिछले साल मई में भी उनके घर के बाहर अज्ञात लोगों ने उन्हें गोली मारी थी। पिछले हमले के बाद उन्हें अस्पताल ले जाया गया था। इसके बाद पाकिस्तानी अधिकारियों ने उनकी सुरक्षा बढ़ा दी थी, हालांकि उस घटना पर कोई आधिकारिक बयान सामने नहीं आया था।



## स्पेस में 18 बार खतरे में आए भारतीय उपग्रह

**नई दिल्ली।** इसरो की इंडियन स्पेस सिचुएशनल अवेयरनेस रिपोर्ट-2025 के मुताबिक, पिछले साल भारत को अपने सैटेलाइट्स को सुरक्षित रखने के लिए बहुत सतर्कता बरतनी पड़ी। 2025 में इसरो के सैटेलाइट्स के लिए करीब डेढ़ लाख से ज्यादा अलर्ट जारी हुए। ये अलर्ट अमेरिकी स्पेस कमांड से मिले, जिनका विश्लेषण भारतीय वैज्ञानिकों ने अधिक सटीक ऑर्बिटल डेटा के साथ किया। ये आंकड़े साफ संकेत देते हैं कि लो-अर्थ ऑर्बिट अब खतरनाक रूप से भीड़भाड़ वाला हो चुका है। अंतरिक्ष में मलबे के टकराने के खतरों से बचने के लिए इसरो को 18 बार कोलोजन अवॉइडेंस मैन्यूवर करना पड़ा। यह 14 बार एलईओ सैटेलाइट्स और 4 बार जियो स्टेशनरी सैटेलाइट्स के लिए किया गया।

## शाह ने समझाया- कैसे लोकसभा की सीटें 850 होंगी

**नई दिल्ली।** लोकसभा में महिला आरक्षण से जुड़े संशोधन बिलों पर चर्चा के दौरान गृह मंत्री अमित शाह ने यह समझाया कि परिसीमन से किसी राज्य को नुकसान नहीं होगा। उन्होंने बताया कि लोकसभा की सीटें 543 से 850 कैसे होंगी। दरअसल, चर्चा के दौरान विपक्ष आरोप लगा रहा था कि परिसीमन से उत्तरी राज्यों को फायदा होगा, जबकि दशकों से जनसंख्या वृद्धि में अंतर की वजह से दक्षिणी राज्य पीछे रह जाएंगे। कांग्रेस ने कहा कि ये बिल महिला आरक्षण के लिए नहीं बल्कि यह चोर दरवाजे से परिसीमन के लिए हैं।



## एनएच-52 पर केमिकल टैंकर में धमाके के बाद आग, ड्राइवर लापता होने की आशंका

**नई दिल्ली।** कर्नाटक के उत्तर कन्नड़ जिले में गुरुवार को नेशनल हाईवे-52 पर एक केमिकल टैंकर में धमाके के बाद भीषण आग लग गई। घटना अंकोला के कंचिनाबागिलु इलाके के पास हुई, जहां विस्फोट के तुरंत बाद टैंकर आग की लपटों में घिर गया। धमाके के चलते आग तेजी से फैल गई और घटनास्थल से घना धुआं उठने लगा, जिससे राहत और बचाव टीमों को मौके के पास पहुंचने में दिक्कतों का सामना करना पड़ा। अधिकारियों को आशंका है कि टैंकर का ड्राइवर लापता हो सकता है। अधिकारियों का कहना है कि प्रारंभिक जांच के बाद ही घटना को लेकर बाकी जानकारी सामने आएगी।

## अक्षय तृतीया पर महासंयोग, सर्वार्थ सिद्धि योग

ब्रह्मास्त्र ›› उज्जैन

अक्षय तृतीया का पर्व भारतीय संस्कृति में अटूट फल देने वाला माना जाता है। वर्ष 2026 में यह पावन पर्व 19 अप्रैल, रविवार को मनाया जाएगा। इस वर्ष की अक्षय तृतीया बेहद खास है क्योंकि इस दिन 'सर्वार्थ सिद्धि योग' का शुभ संयोग बन रहा है।

ज्योतिष शास्त्र के अनुसार, इस योग में किए गए सभी कार्य सफल होते हैं और उनका फल कभी समाप्त नहीं होता। इस दिन सूर्य और चंद्रमा अपनी उच्च राशियों में होते हैं, जो सफलता और समृद्धि का मार्ग खोलते हैं। यह तिथि नई शुरूआत, खरीदारी और निवेश के लिए अबूझ मुहूर्त मानी जाती है। श्रद्धा के साथ किया गया दान और पूजन न केवल आत्मिक शांति देता है, बल्कि जीवन के सही संचालन में भी सहायक होता है। अक्षय तृतीया पर सर्वार्थ सिद्धि योग का होना एक दुर्लभ घटना है, जो हर किसी के जीवन में सकारात्मकता लाती है। इस योग में किए गए कार्यों में बाधाएं कम आती हैं और परिणाम मनचाहा मिलता है। जो लोग लंबे समय से किसी नए व्यवसाय या काम की योजना बना रहे हैं, उनके लिए यह दिन सबसे उत्तम है। यह शुभ संयोग मानसिक स्पष्टता प्रदान करता है और निर्णय लेने की क्षमता को बढ़ाता है।



### इन लोगों को मिलेगा विशेष शुभ फल

इस विशेष योग का सबसे अधिक लाभ उन लोगों को मिलेगा जो ईमानदारी और सेवा भाव से अपने कार्य करते हैं। विद्यार्थियों के लिए यह समय नई शिक्षा या कौशल सीखने के लिए बहुत अच्छा है। व्यापारियों के लिए अपने काम को बढ़ाने और नई साझेदारी शुरू करने का यह सुनहरा अवसर है।

साथ ही, जो लोग अपनी आर्थिक स्थिति में सुधार चाहते हैं, उन्हें इस दिन देवी लक्ष्मी और भगवान विष्णु का पूजन करना चाहिए। यह योग समाज के हर वर्ग को कुछ न कुछ सकारात्मक देने की शक्ति रखता है। यदि आप निस्वार्थ भाव से किसी जरूरतमंद की मदद करते हैं, तो इस योग का पुण्य फल आपके जीवन की सभी बाधाओं को दूर कर उन्नति के द्वार खोलता है।

## डॉ.अंबेडकर का स्टेटस लगाने पर पत्नी को घर से निकाला

### डेढ़ माह के बच्चे के साथ थाने पहुंची महिला

ब्रह्मास्त्र ›› इंदौर

इंदौर के भोलनाथ कॉलोनी में रहने वाली एक पीड़िता एरोड्रम थाने पहुंची। उसके परिवार के लोगों ने बताया कि पीड़िता पर उसकी दोनों ननदों ने 14 अप्रैल को बाबा साहब अंबेडकर का स्टेटस हटाने का दबाव बनाया था। स्टेटस नहीं हटाने पर पति ने डेढ़ माह के बच्चे सहित उसे घर से निकाल दिया।

एरोड्रम थाने पर रीना पंवार अपने डेढ़ माह के बच्चे के साथ गुरुवार शाम पहुंची। परिवार के अनुसार, रीना की शादी डेढ़ साल पहले रितेश से हुई थी। रीना बिहार की रहने वाली है। दोनों का परिचय परिवार के माध्यम से हुआ था, जिसके बाद अंतरराज्यीय विवाह हुआ।



उस समय परिवार को बौद्ध धर्म को लेकर कोई आपत्ति नहीं थी। लेकिन 14 अप्रैल को रीना द्वारा बाबा साहब अंबेडकर का स्टेटस लगाने पर एक ननद ने आपत्ति जताई और उसे हटाने को कहा। इस बात पर विवाद बढ़ गया। आरोप है कि पति रितेश पंवार ने अपशब्द कहे और तलाक देने की धमकी दी।

# तुर्किये में गोलीबारी का समर्थन करने वाले 162 लोग गिरफ्तार

## सोशल मीडिया पर हत्या की खुशी मनाई थी, ऐसे पोस्ट किए, जिनसे अपराध और अपराधियों को बढ़ावा मिला

ब्रह्मास्त्र ›› तुर्किये

तुर्किये में इस हफ्ते दो स्कूलों में हुई गोलीबारी के बाद पुलिस ने बड़ी कार्रवाई करते हुए 162 लोगों को गिरफ्तार किया है। इन लोगों पर आरोप है कि इन्होंने सोशल मीडिया पर गोलीबारी का समर्थन किया और ऐसे पोस्ट किए, जिनसे अपराध और अपराधियों को बढ़ावा मिला।

मंगलवार और बुधवार को देश के अलग-अलग हिस्सों में दो स्कूलों में फायरिंग की घटनाएं हुईं। बुधवार को कहरामनमाराश के आयसेर चालिक सेकेंडरी स्कूल में हुए हमले में 8 छात्रों और एक शिक्षक की मौत हो गई, जबकि 13 लोग घायल हुए। घायलों में 6 की हालत गंभीर बताई जा रही है। 14 साल का हमलावर भी इस घटना में मारा गया। इससे एक दिन पहले दे एक हाई स्कूल में भी गोलीबारी हुई थी, जिसमें कम से कम 16 लोग घायल हुए थे।



### पीएम बालेंद्र शाह ने नेताओं की संपत्ति जांच के लिए पैनल बनाया

नेपाल के नए प्रधानमंत्री बालेंद्र शाह ने भ्रष्टाचार के खिलाफ सख्ती दिखाते हुए बड़ा कदम उठाया है। उनकी सरकार ने पूर्व और मौजूदा नेताओं व अधिकारियों की संपत्ति की जांच के लिए एक पैनल गठित किया है। इस पांच सदस्यीय पैनल की अगुआई सुप्रीम कोर्ट के रिटायर्ड जज राजेंद्र कुमार भंडारी करेंगे। पैनल का काम नेताओं और अधिकारियों की संपत्ति और परिसंपत्तियों की जांच करना होगा। कैबिनेट प्रवक्ता सस्मित पोखरेल ने बताया कि जांच पूरी तरह निष्पक्ष होगी और कानूनी मानकों व सबूतों के आधार पर की जाएगी। पैनल की रिपोर्ट और सिफारिशों को सरकार की संबंधित एजेंसियां लागू करेंगी। हालांकि, अभी तक यह नहीं बताया गया है कि पैनल को जांच पूरी करने के लिए कितनी समयसीमा दी गई है।

## खबर एक नजर...

### अनवी त्रिवेदी ने स्कूल की टॉप 10 सूची में स्थान हासिल किया



**रतलाम।** मॉर्निंग स्टार हाई स्कूल की मेधावी छात्रा अनवी त्रिवेदी (कुहू) ने सीबीएसई की दसवीं की परीक्षा में 91.4% अंक प्राप्त कर स्कूल की टॉप 10 सूची में स्थान हासिल किया। अनवी त्रिवेदी ने कड़ी मेहनत, अनुशासन और आत्मनिर्भरता से यह उपलब्धि हासिल की है। अनवी त्रिवेदी रतलाम के वरिष्ठ पत्रकार ओम त्रिवेदी की पोती एवं डॉ. आनंद त्रिवेदी की सुपुत्री हैं।

### डॉ. महाजन बने अभा कुशवाह महासभा राष्ट्रीय उपाध्यक्ष

**उज्जैन।** अखिल भारतीय कुशवाह महासभा का राष्ट्रीय उपाध्यक्ष ग्राम बोरगांव (खंडवा) के डॉ. मुरलीधर महाजन को बनाया गया है। यह नियुक्ति राष्ट्रीय अध्यक्ष जेपी वर्मा की अनुशंसा व सहमति से हुई। 30 वर्षों से समाजसेवा में जुटे डॉ. महाजन ने गांव से लेकर राष्ट्रीय स्तर तक काम किया। अंतरराष्ट्रीय स्तर पर नेपाल में भी सेवा का परचम लहराया है। उन्होंने अपनी सेवाओं को किसी एक दायरे में सीमित नहीं रखा। कुशवाह, मौर्य, शाक्य, सैनी व माली समाज की अलग-अलग शाखाओं को एकजुट करने व उनके उत्थान के लिए लगातार प्रयास किए। उनकी सक्रियता व निष्ठा के चलते उन्हें मप्र, महाराष्ट्र, गुजरात, उप्र, बिहार, उत्तराखंड व राजस्थान के साथ नेपाल में भी सम्मान मिला है। सांगठनिक कुशलता के कारण वे राष्ट्रीय व प्रादेशिक स्तर पर महत्वपूर्ण पदों का निर्वहन कर रहे हैं। वे अंतरराष्ट्रीय हिंदी परिषद के प्रदेश सचिव व कुशवाह समाज ओंकारेश्वर धर्मशाला के अध्यक्ष है। डॉ. महाजन की नियुक्ति से जिले के समाजजनों में हर्ष है।

### रविदास शोध संस्थान ने किया समाजसेवियों का सम्मान

**उज्जैन।** संत रविदास शोध संस्थान की ओर से आयोजित सम्मान समारोह में समाजसेवियों को सम्मानित किया गया। अतिथियों ने समाजसेवा और सामाजिक एकता पर अपने विचार रखे और समाजहित में निरंतर काम करने का संदेश दिया। संस्थान के भगवान खांडेगर के अनुसार समारोह के मुख्य अतिथि वरिष्ठ समाजसेवी दीपचंद जाटव, रवींद्र यादव और रघु यादव रहे। अध्यक्षता समाजसेवी सेवाराम खांडेगर ने की। समारोह में गौतम खिरवे, मनोहरलाल बडोदिया, गुलाब यादव,प्रवीण आमलिया, तूफान उमेरे, कांचा जाटव, कैलाश बिल्लौरे, गुलाब भंडारी, रवि गणगौरे, शंकर विनेखा और बालकिशन धेर्या को सम्मानित किया गया। इस अवसर पर सभी को डॉ. भीमराव अंबेडकर की तस्वीर भी भेंट की गई। कार्यक्रम में अनोखीलाल भारती, मदनलाल करिया, अनोखी लाल खांडेगर, अनिल जाटव, मोतीलाल विनेखा, धर्मेंद्र विनेखा, देवीलाल लोहारिया मौजूद रहे।संचालन कैलाश सूर्यवंशी ने किया।

### एक्यूप्रेशर शिविर शुरू, जोधपुर की टीम 21 तक देगी सेवाएं

**उज्जैन।** अग्रवाल पंचायत न्यास की ओर से नई पेठ स्थित अग्रवाल धर्मशाला में अग्रवाल समाज के लिए निःशुल्क एक्यूप्रेशर स्वास्थ्य शिविर की शुरूआत की गई। आयोजकों के अनुसार यह शिविर 21 अप्रैल तक चलेगा, जिसमें जोधपुर से आई डॉक्टरों की टीम विभिन्न उपकरणों के माध्यम से उपचार और परामर्श सेवाएं प्रदान करेगी। शिविर का उद्घाटन उज्जैन विकास प्राधिकरण के पूर्व अध्यक्ष जगदीश अग्रवाल, न्यास के संस्थापक न्यासी पुरुषोत्तम गोयल और अध्यक्ष निमेष अग्रवाल की मौजूदगी में हुआ। कार्यक्रम में निमेष अग्रवाल ने स्वागत संबोधन में न्यास की ओर से किए जा रहे सामाजिक कार्यों और सेवा गतिविधियों की जानकारी दी। शिविर संयोजक व न्यासी रविप्रकाश बंसल ने बताया कि शिविर पूरी तरह निःशुल्क रखा है। उन्होंने कहा कि समाजजन प्रतिदिन सुबह 8 से 12 बजे और शाम 4 से 8 बजे तक धर्मशाला में पहुंचकर स्वास्थ्य लाभ ले सकते हैं।

---

### प्रैक्टिकल अंक देने के मामले में कतिपय निजी स्कूलों पर सवाल खड़ा हुआ

# थ्योरी में विद्यार्थी को 17 नंबर, प्रैक्टिकल में 20 अंक पूरे!

## सीबीएसई के निजी स्कूलों में ऐसे कई मामले सामने आए

ब्रह्मास्त्र ▸▸ उज्जैन

जिस विद्यार्थी की थ्योरी ही पूर्ण नहीं है और उसे प्रेक्टिकल में पूरे नंबर मिल जाएं इस पर सवाल खडा हो रहा है। इस बार के कक्षा 10 वीं बोर्ड के परिणाम में इसे लेकर बच्चों में भेदभाव की चर्चा आम है। कई ऐसे बच्चों का उदाहरण दिया जा रहा है जिन्हें परीक्षा की थ्योरी में कुल 80 में से 15 और 17 नंबर मिले हैं लेकिन इंटरनल कहे जाने वाले प्रेक्टिकल में 20 में से पूरे 20 अंक दिए गए हैं। सीधे तौर पर ही इस पर सवाल खडा होना लाजिमी है।

बुधवार को जारी सीबीएसई एवं मध्यप्रदेश माध्यमिक शिक्षा मंडल के कक्षा 10 वीं परिणाम के उपरांत विद्यार्थी इसका विश्लेषण कर रहे हैं। इस विश्लेषण में शहर के कतिपय निजी सीबीएसई विद्यालयों में दिए गए इंटरनल अंकों को लेकर भेदभाव का सवाल खडा हो रहा है। ऐसा एकाध नहीं अनेक स्कूलों में बच्चों के विश्लेषण में सामने आ रहा है। इसके चलते थ्योरी में अच्छे नंबर लाने वाले विद्यार्थी को इंटरनल यानिकी प्रेक्टिकल में कम अंक दिए गए और थ्योरी में कम अंक यहां तक की पासिंग अंक लाने वाले विद्यार्थियों को प्रेक्टिकल के पूरे अंक दिए जाने पर सवाल खडा हो रहा है।



### ऐसे समझें मामले को

एक सीबीएसई निजी विद्यालय में कक्षा 10 वीं के 40 विद्यार्थी में से 15 को प्रेक्टिकल के पूरे अंक 20 में से 20 दिए गए,जबकि उन्हें थ्योरी के 80 अंक में से मात्र 15 से 17 अंक ही मिले हैं। इसके विरूद्ध कक्षा के शेष 25 बच्चों ने थ्योरी के 80 अंकों में से किसी ने 60 फीसदी एवं किसी ने 70 फीसदी अंक अर्जित किए उसके बावजूद उन्हें प्रेक्टिकल के इंटरनल स्कूल से 20 में से किसी को 12 और किसी को 15 से 17 अंक ही दिए गए।

### ऐसे होती है इंटरनल प्रैक्टिकल परीक्षा

इधर शिक्षा विभाग के अधिकारी बताते हैं कि प्रेक्टिकल परीक्षा के अलग-अलग विषयों के लिए बाहर से दुसरे विद्यालय से एक्सटर्नल को भेजा जाता है। वे प्रेक्टिकल की परीक्षा लेकर मौखिक रूप से सवालों के जवाब जिसे वाय-वाय कहा जाता है लेते हैं। इसी आधार पर विद्यार्थियों को नंबर दिए जाते हैं। इस पूरे कार्य में एक्सटर्नल के साथ विद्यालय प्रबंधन की और से एक प्रमुख शिक्षक एक्सटर्नल का सहयोगी बनाया जाता है। उसी के प्रबंधन में यह पूरी परीक्षा ली जाती है। आने वाला एक्सटर्नल निजी स्कूल के प्रबंधन से सहयोगात्मक स्थिति में प्रभावित ही रहता है।

### मुख्य परीक्षा से पूर्व बोर्ड में पहुंचते हैं नंबर

निजी विद्यालयों में नियमित विद्यार्थियों की प्रेक्टिकल परीक्षा बोर्ड की मुख्य परीक्षा से पूर्व ही आयोजित कर ली जाती है। एक्सटर्नल परीक्षा लेकर नंबर की शीट तैयार कर उस पर हस्ताक्षर कर संबंधित स्कूल को देते हैं। दावा तो यहां तक किया जा रहा है कि एक्सटर्नल बोर्ड को आनलाईन विद्यार्थियों के नंबर नामजद विद्यालय से ही भेजते हैं। मुख्य परीक्षा के आयोजन के बाद थ्योरी के नंबर सहित प्रेक्टिकल के नंबर घोषित किए जाते हैं।

### कोचिंग का टंटा भी सवालों में

बच्चे विश्लेषण के साथ बताते हैं कि कतिपय निजी उनके विद्यालय में कुछ बच्चे स्कूल शिक्षक के यहां ट्यूशन पर जाते थे उन्हें प्रेक्टिकल में 20 के 20 मार्क एवं न्यूनतम 18 मार्क दिए गए हैं। कहीं भी टयूशन न जाने वाले एवं अन्य कोचिंग पर जाने वाले विद्यार्थियों को 20 में से 12 से 17 अंक ही प्रेक्टिकल में दिए गए हैं। बच्चे नाम न छापने की शर्त पर ऐसे कई विद्यार्थियों के नाम भी गिनाते हैं। निजी कोचिंग वाले भी इसकी पुष्टि करते हैं ।

### ऐसे पिछड़े योग्य

बच्चों ने बताया कि थ्योरी में अच्छे अंक लाने वाले विद्यार्थी को 77 प्रतिशत अंक मिले। अगर प्रेक्टिकल के उसे पूरे अंक मिल जाते तो वह 80 प्रतिशत अंक की स्थिति में रहता। इसकी अपेक्षा थ्योरी में न्यूनतम अंक लाने वाले विद्यार्थी को प्रेक्टिकल में पूरे अंक मिलने पर उसका परिणाम उच्च हो जाता है।

### ये है पासिंग मार्क का गणित

सीबीएसई में विद्यार्थी को प्रेक्टिकल एवं थ्योरी दोनों मार्क जोडकर पास किया जाता है। थ्योरी के 80 नंबर का पेपर होता है। एवं प्रेक्टिकल 20 नंबर का ऐसे में विद्यार्थी को थ्योरी में अगर 13 नंबर आए और प्रेकिटकल में उसे 20 के पूरे 20 मिलते हैं तो उसे पास माना जाता है। इसकी बजाय माध्यमिक शिक्षा मंडल में विद्यार्थी को एक तिहाई अंक पास होने के लिए थ्योरी एवं प्रेकिटकल दोनों में अलग-अलग लाना होता है।

-ऐसा है तो गलत है। विद्यार्थी की क्षमता के आधार पर ही प्रेक्टिकल के अंक कापी की जांच एवं वाय-वाय के आधार पर ही दिए जाते हैं। अगर बच्चे स्वयं की कापी देखना चाहें तो सूचना के अधिकार सहित अन्य प्रावधान में कापी की जेराक्स ले सकते हैं। दुसरे की कापी का प्रावधान नहीं है। लिखित शिकायत पर हीं इसमें सीबीएसई एक्शन लेगा। माध्यमिक शिक्षा मंडल के मामले में समन्वय संस्था में प्रेक्टिकल की कापी जमा होती है।

**-महेन्द्र खत्री, प्रभारी जिला शिक्षा अधिकारी, उज्जैन**

---

# हादसा में बाइक सवार की मौत

ब्रह्मास्त्र ▸▸ उज्जैन

देवास-बदनावर बायपास पर गुरूवार शाम हादसा हो गया। बाइक सवार की मौत हो गई। उसके पास मिले मोबाइल और दस्तावेजों से पहचान ग्राम खवासा पेटलावद झाबुआ के रूप में हुई है। परिजनों के आने पर शुक्रवार सुबह पोस्टमार्टम कराया जायेगा।




नानाखेड़ा थाना क्षेत्र के देवास-बदनावर बायपास मार्ग पर बाइक सवार की ट्रेक्टर-ट्राली से टकराकर गंभीर घायल होने की खबर 108 एम्बुलेंस को मिली तो पायलेट महेश अहिरवार और ईएमटी मुकेश वाघेला मौके पर पहुंचे। बाइक सवार की मौत हो चुकी थी। जिसे चरक अस्पताल लाया गया। जहां डॉक्टरों ने परीक्षण के बाद मृत घोषित कर शव को पोस्टमार्टम कक्ष भेजा गया। एम्बुलेंस पायलेट ने बताया कि मृतक के पास मिले मोबाइल और दस्तावेजों के आधार पर सामने आया कि झाबुआ के पेटलावद स्थित ग्राम खवासा का रहने वाला संजय पिता विजय व्यास 45 साल है। अस्पताल स्टॉफ की ओर से नानाखेड़ा थाना पुलिस को सूचना दी गई। पुलिस ने मर्ग कायम किया है। बताया जा रहा है कि परिजनों के आने पर मृतक के संबंध में जानकारी सामने आ पायेगी कि वह उज्जैन बायपास मार्ग से कहां जा रहा था।

**बड़नगर हाइवे पर भी हुई दुर्घटना-** इंगोरिया थाना क्षेत्र के बड़नगर हाइवे शैल पब्लिक स्कूल के सामने भी दुर्घटना होना सामने आया। बाइक सवार परिवार को अज्ञात चार पहिया वाहन ने टक्कर मार दी। दुर्घटना में प्रेमबाई की मौत हो गई। वहीं राहुल, हिमांशु घायल हो गये। इंगोरिया पुलिस ने अज्ञात वाहन चालक के खिलाफ प्रकरण दर्ज कर मृतक प्रेमबाई का गुरूवार को पोस्टमार्टम कराया।

# मुंह से फाड़ा कीटनाशक पाऊच, युवती की मौत

ब्रह्मास्त्र ▸▸ उज्जैन

ग्राम घट्टिया की रहने वाली युवती को बुधवार-गुरूवार रात परिजन मेडिकल कॉलेज लेकर पहुंचे थे। डॉक्टरों ने जहरीला पदार्थ खाने की आशंका जताई और उपचार के लिये भर्ती किया। युवती की गुरूवार दोपहर को मौत हो गई।

चिमनगंज थाना एएसआई दिनेश सारोठिया ने बताया कि घट्टिया की रहने वाली अंजली पिता भगवान सोलंकी 18 वर्ष की आरडी गार्डी मेडिकल कॉलेज में उपचार के दौरान मौत होने की सूचना पर मर्ग कायम किया गया था। पोस्टमार्टम के दौरान परिजनों ने बताया कि परिवार फेरी लगाकर सामान बेचने का काम करता है। अंजली घर पर थी, शाम को लौटने पर उसने चक्कर आने की बात कहीं। अस्पताल लाने पर डॉक्टरों ने जहरीला पदार्थ खाने की बात कहीं। अंजली से पूछने पर उसने बताया कि गेहूं में रखने के लिये मुंह से कीटनाशक पाऊच फाड़ा था। कुछ देर बाद चक्कर आने लगे थे। एएसआई दिनेश सारोठिया के अनुसार मामला घट्टिया थाना क्षेत्र का है। मर्ग डायरी जांच के लिये भेजी जायेगी।

---

# महाकाल मंदिर के पास अवैध कत्लखाने का खुलासा

## छापे में काटने के लिए लाए गए बछड़े, मांस सहित धारदार हथियार बरामद, दो आरोपी गिरफ्तार

ब्रह्मास्त्र ▸▸ उज्जैन

उज्जैन के महाकाल थाना क्षेत्र में चल रहे अवैध कत्लखाने पर पुलिस ने दबिश मारकर जिन्दा गाय के बछड़े सहित मौके से भारी मात्रा में मांस, धारदार हथियार और एक इलेक्ट्रॉनिक तौल कांटा बरामद किया है। खास बात ये की महाकाल मंदिर के पास किसी भी तरह के मांस विक्रय पर प्रतिबन्ध लगा हुआ है। मुखबिर की सूचना पर कार्रवाई करते हुए पुलिस ने दो आरोपियों को गिरफ्तार किया। यह कार्रवाई 12 अप्रैल की रात को की गई है। पुलिस इसमें गोपनीय तरीके से जांच कर रही थी।

पुलिस को महाकाल थाना क्षेत्र के एक संदिग्ध मकान में चोरी-छिपे पशु काटे जाने की सूचना मिली थी, जिसके



बाद टीम ने दबिश दी। पुलिस टीम ने मौके पर पहुंचकर घेराबंदी की। मकान के अंदर प्रवेश करने पर पुलिस को कटे हुए मांस के टुकड़े, खून के निशान और पशु कटाई में इस्तेमाल होने वाले धारदार हथियार मिले। आरोपी पाड़ों का मांस बेचने की तैयारी में थे। बता दें कि धार्मिक नगरी होने के कारण उज्जैन में बूचड़खाने पर पूर्णतः प्रतिबंध है।

### आरोपियों ने किया भागने का प्रयास

पुलिस को देखते ही दोनों आरोपी भागने का प्रयास करने लगे, लेकिन पुलिस टीम ने उन्हें तुरंत पकड़ लिया। तलाशी के दौरान मौके से बड़ी मात्रा में मांस, कुल्हाड़ी, अन्य औजार और वजन करने वाला इलेक्ट्रॉनिक तौल कांटा जब्त किया गया।

### पशुक्रूरता का प्रकरण दर्ज

पुलिस ने इस मामले में हाजी मुस्तकीम और वसीम बम्बईया नामक दो आरोपियों को गिरफ्तार किया है। ये दोनों कोट मोहल्ला महाकाल क्षेत्र के निवासी हैं। उनके खिलाफ मध्य प्रदेश कृषि पशु परिरक्षण एवं पशु क्रूरता अधिनियम की धारा 11 (घ) और आर्म्स एक्ट की धारा 25 के तहत मामला दर्ज किया गया है।

### नेटवर्क की जांच कर रही पुलिस

पुलिस अब इस बात की जांच कर रही है कि यह अवैध कारोबार किस नेटवर्क के तहत संचालित हो रहा था और काटे गए मांस की आपूर्ति कहां की जानी थी।

उज्जैन
शुक्रवार
17
अप्रैल, 2026

दैनिक ब्रह्मास्त्र

विद्या वितर्को विज्ञानं स्मृतिः तत्परता क्रिया।
यस्यैते षड्गुणास्तस्य नासाध्यमतिवर्तते।।

**अर्थः** ज्ञान, तर्क, विज्ञान, स्मृति, तत्परता और दक्षता, जिसके पास ये छह हैं, उसके लिए कुछ भी असंभव नहीं है।

## खबर एक नजर...

### भोजशाला विवाद- हाईकोर्ट में सुनवाई 17 अप्रैल तक स्थगित

**इंदौर।** मप्र हाई कोर्ट की इंदौर बेंच में भोजशाला विवाद से जुड़े बहुचर्चित प्रकरणों की सुनवाई गुरुवार को स्थगित कर दी गई। जस्टिस विजय कुमार शुक्ला और जस्टिस आलोक अवस्थी की डिवीजन बेंच ने याचिकाकर्ता पक्ष के सीनियर एडवोकेट के अनुरोध पर मामले को 17 अप्रैल के लिए सूचीबद्ध किया है। अब अगली सुनवाई पर सभी पक्षों की नजरें टिकी हैं। याचिकाकर्ता की ओर से पैरवी कर रहे सीनियर एडवोकेट एके चितले ने अपने तर्क पूर्ण करने के लिए अतिरिक्त समय की मांग की। उन्होंने कोर्ट से सुनवाई स्थगित करने का अनुरोध किया, जिसे स्वीकार करते हुए बेंच ने मामले को अगली तारीख तक टाल दिया। इस मामले में पांच याचिकाएं और अपीलें एक साथ सुनी जा रही हैं। इन सभी में भोजशाला विवाद के विभिन्न पहलुओं को लेकर दलीलें प्रस्तुत की जा रही हैं। मामले में केंद्र सरकार, राज्य सरकार, विभिन्न याचिकाकताओं और इंटरवीनर्स की ओर से संबंधित एडवोकेट उपस्थित रहे।

### संविधान संशोधन के खिलाफ ओल्ड डेलियन्स ने खोला मोर्चा, मुख्यमंत्री तक गुहार

**इंदौर।** डेली कॉलेज में आंतरिक विवाद एक बार फिर गहरा गया है। गुरुवार को बड़ी संख्या में पूर्व छात्र (ओल्ड डेलियन्स) कॉलेज के मुख्य द्वार पर एकत्र हुए और बायलॉज (संविधान) में प्रस्तावित बदलावों के विरोध में प्रदर्शन किया। उन्होंने वर्तमान प्रबंधन पर नियमों की अनदेखी और पद के दुरुपयोग के आरोप लगाते हुए मुख्यमंत्री और प्रशासन से निष्पक्ष जांच की मांग की। प्रदर्शनकारियों का आरोप है कि संस्था की वर्तमान प्रबंधन समिति का कार्यकाल दिसंबर 2025 में समाप्त हो चुका है, इसके बावजूद अब तक नए चुनाव नहीं कराए गए हैं। उनका कहना है कि कुछ लोग अपनी कुर्सी बचाने के लिए नियमों में मनमाने संशोधन कर रहे हैं, जो कॉलेज की परंपराओं और स्थापित प्रक्रियाओं के खिलाफ है। प्रदर्शन के दौरान स्थिति उस समय तनावपूर्ण हो गई, जब पूर्व छात्रों को प्राचार्य डॉ. बिंद्रा से मिलने से रोक दिया गया। इस पर काफी देर तक बहस और विरोध हुआ। बाद में प्रबंधन ने उन्हें परिसर में प्रवेश की अनुमति दी। मुलाकात के दौरान प्राचार्य ने उनकी बात सुनी और मुद्दों को प्रबंधन के समक्ष रखने का आश्वासन दिया।

### वंदे मातरम विवादः माफी के बावजूद पार्षदों पर 196(1) की कार्रवाई

**इंदौर।** नगर निगम के बजट सत्र के दौरान वंदे मातरम् के मुद्दे पर विवाद के बाद पुलिस ने पार्षद रुबीना खान और फौजिया शेख के खिलाफ भारतीय न्याय संहिता की धारा 196(1) के तहत केस दर्ज किया है। यह धारा धर्म, जाति या भाषा के आधार पर विभिन्न समूहों के बीच शत्रुता बढ़ाने से संबंधित है, जिसमें दोष सिद्ध होने पर 3 से 5 वर्ष तक की सजा का प्रावधान है। मामले में दोनों पार्षदों का कहना था कि इस्लाम में वंदे मातरम् गाने की अनुमति नहीं है, इसलिए वे इसे नहीं गाएंगी और किसी को भी उन्हें बाध्य करने का अधिकार नहीं है। उनका तर्क था कि संविधान उन्हें धार्मिक स्वतंत्रता और अभिव्यक्ति की आजादी प्रदान करता है। दोनों पार्षदों ने अपने बयान पर खेद जताते हुए स्पष्ट किया कि वे वंदे मातरम् का सम्मान करती हैं। हालांकि इस बीच उनके खिलाफ मामला दर्ज हो गया। मामले को लेकर सीनियर एडवोकेट नीरज सोनी (हाई कोर्ट) ने बताया कि बजट सत्र में भाजपा और कांग्रेस, दोनों दलों के जनप्रतिनिधि मौजूद थे और सभी को कानून की जानकारी है। यदि कोई व्यक्ति राष्ट्रगीत या राष्ट्रगान के दौरान शांतिपूर्वक खड़ा रहकर यह कहता है कि उसका धर्म इसकी अनुमति नहीं देता, तो इसे न तो कानून का अपमान माना जा सकता है और न ही राष्ट्रगीत का।

### इंदौर में सुपारी किलर ने सिर से सटाकर मारी गोली, गर्दन में धंसी रह गई बुलेट

# पत्नी ने बॉयफ्रेंड संग मिलकर पति की कराई हत्या

ब्रह्मास्त्र ›› इंदौर

मध्य प्रदेश के इंदौर पत्नी ने बॉयफ्रेंड के साथ मिलकर पति की सुपारी देकर हत्या करवा दी। वारदात में 5 लोग शामिल थे। पुलिस ने पत्नी समेत 4 आरोपियों को गिरफ्तार किया, जबकि मुख्य आरोपी फरार है। मामला राऊ थाना क्षेत्र का है।

जानकारी के मुताबिक, मृतक की पहचान नवीन पाटीदार के रूप में हुई। 12 अप्रैल की शाम करीब 8 बजे उसकी गोली मारकर हत्या की गई। वह राऊ इलाके में रहता था। वारदात के समय शराब पीने के लिए बाहर गया था। इसी दौरान साजिश के तहत हमलावरों ने उसे निशाना बनाया। जांच में सामने आया कि आरोपियों ने पहले नवीन की गतिविधियों पर नजर रखी। वारदात के दौरान आरोपी श्रीराम ने उसके सिर के पीछे सटाकर गोली मारी। गोली लगते ही नवीन घायल होकर गिर पड़ा। उसे अस्पताल ले जाया गया, जहां इलाज के दौरान उसकी मौत हो गई। गोली गर्दन में धंस गई थी।



**देशी पिस्टल से हत्या, 70 हजार में दी गई सुपारी-** पुलिस के अनुसार, हत्या में देशी पिस्टल का इस्तेमाल किया गया, जिसे बरामद किया गया। शुरूआती जांच में सामने आया कि हत्या की सुपारी करीब 70 हजार रुपए में दी गई थी। इस लेन-देन की पूरी जानकारी जुटाई जा रही है।

**पत्नी और प्रेमी ने रची साजिश-** जांच में खुलासा हुआ कि मृतक की पत्नी भारती पाटीदार और उसका प्रेमी राहुल उईके हत्याकांड के मुख्य सूत्रधार थे। दोनों के बीच प्रेम संबंध थे। उन्होंने मिलकर नवीन को रास्ते से हटाने की योजना बनाई। राहुल उईके पहले भी एक हत्या के मामले में शामिल रहा था। जमानत पर बाहर आया था।

### सुपारी के लिए बनाया नेटवर्क, 3 हमलावर शामिल

साजिश को अंजाम देने के लिए देवास निवासी मुकेश कुमावत को जोड़ा गया, जिसने अपने साथियों श्रीराम और अजय को शामिल किया। आरोपियों ने पहले रेकी की, फिर सही समय देखकर वारदात को अंजाम दिया।

### मुखबिर बनकर आरोपी को जेल भेजवाया, यहीं से बढ़ी दुश्मनी

जांच में पता चला कि 2023 में नवीन पाटीदार ने राहुल उइके के साथ मिलकर उज्जैन में एक होमगार्ड जवान के बेटे की हत्या की थी। जमानत पर रिहा होने के बाद नवीन और राहुल के बीच विवाद हुआ। जांच में पता चला कि एक बार नवीन ने मुखबिर बनकर राहुल को पुलिस के हवाले कर दिया था, जिससे दोनों के बीच दुश्मनी और गहरी हो गई। इसी दौरान नवीन की पत्नी भारती और राहुल के बीच अफेयर शुरू हुआ था।



नवीन पाटीदार, मृतक

### 4 आरोपी गिरफ्तार, मुख्य आरोपी फरार

डीसीपी कृष्ण लालचंदानी ने बताया- पुलिस ने भारती पाटीदार, मुकेश कुमावत, श्रीराम और अजय को गिरफ्तार किया, जबकि मुख्य आरोपी राहुल उईके फरार है। पुलिस उसकी तलाश में दबिश दे रही है।

# गीताभवन पर कैफे में लगी आग

## सिलेंडर ब्लास्ट से नुकसान बढ़ा, मल्हारगंज के फ्लैट में भी लगी आग

ब्रह्मास्त्र ›› इंदौर

इंदौर के गीताभवन क्षेत्र में गुरुवार-शुक्रवार दरमियानी रात एक कैफे में आग लग गई। सूचना मिलने पर फायर ब्रिगेड मौके पर पहुंची और आग पर काबू पाया। इस दौरान सिलेंडर फटने से बड़ा धमाका भी हुआ, हालांकि किसी तरह की जनहानि नहीं हुई।

फायर ब्रिगेड के अनुसार, रात करीब 2:15 बजे सूचना मिली कि गीताभवन मंदिर के पास स्थित एक कैफे में आग लगी है। मौके पर पहुंची दमकल टीम ने आग बुझाने का काम शुरू किया, लेकिन तब तक शेड और अंदर का सामान पूरी तरह जल चुका था।

**दो टैंकर पानी से आग पर काबू पाया-** दमकल विभाग ने करीब दो टैंकर पानी डालकर आग को कंट्रोल किया। सूचना पर पलासिया थाना पुलिस भी मौके पर पहुंची और स्थिति का जायजा लिया।



**मल्हारगंज के फ्लैट में भी लगी आग-** इसी रात मल्हारगंज क्षेत्र के गोपाल चौराहे के पास एक फ्लैट में आग लग गई। आग से घरेलू सामान जलकर खाक हो गया। फ्लैट में किराए से रहने वाला बंसल परिवार समय रहते बाहर निकल गया। फायर ब्रिगेड ने करीब 10 हजार लीटर पानी डालकर आग पर काबू पाया। घटना में कोई जनहानि नहीं हुई।

## लॉरेंस गैंगः राजस्थान की जेल में बंद नाबालिग कर रहा था मदद नागदा से भी एक को पकड़ा

ब्रह्मास्त्र ›› इंदौर

मध्यप्रदेश में लॉरेंस विश्नोई और हैरी बॉक्सर गैंग का नेटवर्क अब राजस्थान से भी जुड़ गया है। जांच एजेंसियों व एसआईटी के अनुसार राजस्थान की जेल में बंद नाबालिग वहीं से गैंग के सदस्यों की मदद कर रहा था।

इसके लॉरेंस गैंग के साथ ही अजमेर जेल में बंद रितिक बॉक्सर से भी कनेक्शन पता चला था। इसकी निशानदेही पर भोपाल पुलिस ने एक आरोपी को गिरफ्तार किया है, जो व्यापारियों को धमका रहा था। इसके तार इंदौर में व्यापारियों को धमकी देने वाले आरोपियों से जुड़े हो सकते हैं। पुलिस आरोपी से पूछताछ कर रही है। गैंग ने सोशल मीडिया के जरिए राजस्थान, यूपी और एमपी के दर्जनों बदशामों को जोड़ा था। उधर, टीम ने नागदा से योगेश भाटी को पकड़ा है। वहीं बेटमा क्षेत्र से भी दो लोगों को हिरासत में लेने की सूचना है। हालांकि अफसरों ने इसकी पुष्टि नहीं की है। सोशल मीडिया पर ही बम बनाना सिखा रहा हैरी इस पूरे घटनाक्रम में एक और अहम तथ्य सामने आया है कि विदेश में छिपा हैरी बॉक्सर ही प्रदेशभर के व्यापारियों की लोकेशन और धमकियां दे रहा है। वह वहां से सोशल मीडिया पर बात कर युवाओं को पेट्रोल बम बनाना भी सिखा चुका है।

### इंदौर के हीरानगर बंधक कांड में नया खुलासा, एक दर्जन पीड़ित पहुंचे क्राइम ब्रांच

# गारमेंट कारोबार के नाम पर साढ़े 3 करोड़ की ठगी का आरोप

ब्रह्मास्त्र ›› इंदौर

इंदौर के हीरानगर में तीन दिन पहले रमेश जोशी ने अपनी पत्नी के साथ अंकित, अभिषेक और गुलशन द्वारा बंधक बनाए जाने के मामले में एफआईआर दर्ज कराई थी। जोशी ने बताया था कि उनके बेटे अंकित जोशी का आरोपियों से 40 लाख रुपए का लेन-देन है।

हालांकि, इस मामले में करीब एक दर्जन लोग क्राइम ब्रांच के डीसीपी से मिलने पहुंचे। उन्होंने आरोप लगाया कि ब्रांडेड फैशन और गारमेंट इंडस्ट्री के नाम पर अंकित, उसकी पत्नी और माता-पिता ने साढ़े तीन करोड़ रुपए की ठगी की है। पैसे मांगने पर झूठे केस में फंसाने की धमकी दी जाती है। डीसीपी राजेश त्रिपाठी के कार्यालय पर पहुंचे लोगों ने अंकित जोशी, उसकी पत्नी खुशबू, भाई अनुज, पिता रमेश जोशी, मां जमुना जोशी और पार्टनर संदीप साहू पर फजीवाड़े के आरोप लगाए।



### मुनाफे का झांसा देकर पैसा लेने का आरोप

नवीन देवकर, रोहित कामखेड़िया, हर्ष जायसवाल, अभिषेक खीची, कार्तिक गौसर और ऋतिक समेत अन्य लोगों ने बताया कि अंकित और उसके साथियों ने ह्यद क्लासिको कंपनी, कुशाक इंडस्ट्रीज और शिवाक इंटरप्राइजेस के नाम पर 25 से 85 प्रतिशत मुनाफे का झांसा देकर निवेश कराया। उनसे ऑनलाइन और नकद रकम लेकर 6 महीने में वापस करने का वादा किया गया, लेकिन पैसे नहीं लौटाए गए।

**पीड़ितों के पास कैश और ऑनलाइन लेन-देन के दस्तावेज मौजूद-** पीड़ितों का कहना है कि रकम मांगने पर उन्हें झूठे मामलों में फंसाने की धमकी दी गई। यहां तक कि अंकित की पत्नी ने रेप जैसे गंभीर मामलों में फंसाने की चेतावनी भी दी। पीड़ितों ने बताया कि तीन दिन पहले कुछ लोग अंकित को ढूंढते हुए उसके घर पहुंचे थे, जिसके बाद रमेश जोशी ने उन्हें झूठे मामले में फंसा दिया। सभी पीड़ितों का कहना है कि उनके पास नकद और ऑनलाइन लेन-देन के पूरे दस्तावेज मौजूद हैं। उन्होंने कार्रवाई के दौरान सभी सबूत पेश करने की बात कही है।

## खबर एक नजर...

### उज्जैन के घनश्याम मीणा बने मध्य प्रदेश के प्रांतीय अध्यक्ष

**उज्जैन।** राष्ट्रीय मीना महासभा प्रगतिशील संघ ने मक्सी रोड स्थित त्रिवेणी कॉलोनी निवासी स्वर्गीय चुन्नीलाल मीणा के पुत्र घनश्याम मीणा को मध्य प्रदेश का प्रांतीय अध्यक्ष नियुक्त किया है। यह महत्वपूर्ण नियुक्ति संघ के राष्ट्रीय अध्यक्ष गजसिंह मीणा द्वारा राष्ट्रीय संगठन सचिव राजेंद्र मीणा की अनुशंसा पर की गई है। राष्ट्रीय मुख्यालय द्वारा जारी पत्र में नवनियुक्त प्रांतीय अध्यक्ष को प्रदेशभर में समाज को एकजुट करने का दायित्व सौंपा गया है। उन्हें मध्य प्रदेश के सभी जिलों और संभागों में निवासरत मीना समाज से संपर्क कर नई कार्यकारिणी का गठन करने तथा अनुमोदन के लिए राष्ट्रीय कार्यालय को भेजने के निर्देश दिए गए हैं। राष्ट्रीय स्तर के इस पंजीकृत संगठन का मुख्य उद्देश्य समाज की समस्याओं का मिलकर निदान करना और मीना समाज को एक मंच पर लाना है। घनश्याम मीणा को मध्य प्रदेश प्रांतीय अध्यक्ष की जिम्मेदारी मिलने पर राजेंद्र मीणा, हेमराज मीणा, चंद्र मीणा, नारायण सिंह मीणा सहित समस्त मीणा परिवार ने हर्ष व्यक्त करते हुए उनका हार्दिक अभिनंदन किया है।

### सिंधी भाषा हिंदी की मौसी: गोपाल बलवानी

**उज्जैन।** राष्ट्रीय सिंधी भाषा विकास परिषद दिल्ली के सहयोग से संत लीला शाह कॉन्वेंट हायर सेकेंडरी स्कूल अब्दालपुरा में सिंधी भाषा दिवस के उपलक्ष्य में विभिन्न कार्यक्रम एवं प्रतियोगिताएं आयोजित की गईं। समापन अवसर पर प्रतियोगिताओं के विजेताओं को पुरस्कार वितरित किए गए। कार्यक्रम के मुख्य अतिथि मध्य प्रदेश शासन की उज्जैन जिला विकास सलाहकार समिति के सदस्य अजय रोहेड़ा, समाजसेवी गोपाल बलवानी और मुरलीधर मोटवानी थे। कार्यक्रम की अध्यक्षता दौलत खेमचंदानी ने की। शुभारंभ भगवान झूलेलाल, स्वामी लीला शाह और मां सरस्वती के चित्र पर माल्यार्पण एवं दीप प्रज्वलन कर किया गया। उद्बोधन में गोपाल बलवानी ने सिंधी भाषा को हिंदी भाषा की मौसी बताया। उन्होंने कहा कि सिंधी भाषा के अनेक शब्द हिंदी एवं संस्कृत से मिलते हैं। अजय रोहेड़ा ने बच्चों को अपने दैनिक जीवन में अधिक से अधिक सिंधी भाषा का उपयोग करने हेतु मार्गदर्शन प्रदान किया।

### क्षमा याचना के साथ पांच दिवसीय वल्लभ जयंती का समापन

# ठाकुरजी को लगा डेढ़ क्विंटल खरबूजे के पने का भोग





### पना महोत्सव के साथ समिति संयोजकों का हुआ सम्मान

ब्रह्मास्त्र ›› उज्जैन

पुष्टिमार्गीय वैष्णव संप्रदाय के प्रवर्तक जगद्गुरु अखंड भूमंडलाचार्य महाप्रभु वल्लभाचार्य का 549वां जयंती महोत्सव गोमतीकुंड मंगलनाथ रोड स्थित आचार्य महाप्रभु की बैठक पर पना मनोरथ के साथ संपन्न हो गया। बैठक के ट्रस्टी विट्ठल नागर के मार्गदर्शन में पांच दिवसीय जयंती कार्यक्रम मनाया गया। 11 अप्रैल से चल रहे इस पांच दिवसीय महोत्सव के अंतिम दिन ठाकुरजी को लगभग डेढ़ क्विंटल खरबूजे के पने का विशेष भोग लगाकर क्षमा याचना की गई और पुष्प वितान सजाया गया।

मीडिया प्रभारी दीपक राजवानी ने बताया कि पुष्टिमार्ग में पना महोत्सव का एक अलग और महत्वपूर्ण स्थान है। यह महोत्सव साल भर में केवल एक बार वल्लभाचार्य जयंती के अवसर पर भव्य रूप से आयोजित किया जाता है। ठाकुरजी को यह श्रम भोग के भाव से धराया जाता है। दरअसल, वल्लभाचार्य जयंती के अंतर्गत ठाकुरजी के विभिन्न प्रकार के मनोरथ किए जाते हैं, जिससे उन्हें होने वाले श्रम के लिए क्षमा याचना हेतु पना महोत्सव का आयोजन होता है। भोग लगाने के पश्चात प्रसाद के रूप में सभी वैष्णवजनों को पना वितरित किया गया। समापन अवसर पर महाप्रभु की बैठक पर पना महोत्सव के साथ समिति संयोजकों का सम्मान भी किया गया।

यह महोत्सव गोस्वामी तिलकायत 108 इन्द्रदमन राकेश महाराज के आशीर्वाद और चिरंजीवी भूपेशकुमार विशाल बावा व चिरंजीवी लालगोविन्द अधिराज बावा की आज्ञानुसार मनाया गया। महोत्सव के दौरान ढाबा रोड स्थित श्रीनाथ हवेली में फूल बंगला सजाकर राजभोग धराया गया। सुबह महाप्रभु बैठक में वल्लभाचार्य द्वारा रोपित पीपल के वृक्ष का दुग्धास्नान किया गया। वहीं सिंहपुरी स्थित गोवर्धननाथ हवेली में यमुनाष्टक पाठ और वल्लभ साखी का आयोजन भी संपन्न हुआ।

## पंचकोशी यात्रा के समापन और यात्रियों द्वारा नगर आगमन पर अखंड हिंदू युवा संगठन ने किया सम्मान




ब्रह्मास्त्र ›› उज्जैन

अखंड हिंदू युवा संगठन द्वारा अंकपात द्वार पर पंचक्रोशी यात्रा के समापन अवसर पर आज सुबह यात्रियों को 11 क्विंटल ककड़ी का वितरण और 51 किलो गुलाब के पुष्पों से स्वागत किया गया। सभी पंचकोशी यात्रियों का

स्वागत अवसर पर अखंड हिंदू युवा संगठन के प्रदेश अध्यक्ष अनिल कुमार चंदेल, संभाग अध्यक्ष शंकर प्रजापत, जिला अध्यक्ष शुभम चौहान, जिला मीडिया प्रभारी महेंद्र शर्मा, जिला संयोजक जितेन्द्र प्रजापत, तहसील अध्यक्ष विजय प्रजापत, जिला कार्यालय महामंत्री राजेश कच्छावा, जिला संगठन महामंत्री दिनेश कुंभकार, जिला सहसचिव विजय श्रीवास, जिला मंत्री दीपक प्रेमचंदनी, महानगर अध्यक्ष विशाल जायसवाल, नगर संयोजक अरविंद कौशल, नगर मीडिया प्रभारी संदीप व्यास, सक्रिय सदस्य मनीष गहलोत, संतोष मंडावा, हेमंत मेवाड़ा, वेदप्रकाश मालवीय, कुलदीप यादव, ओम प्रजापत आदि उपस्थित थे। उक्त जानकारी महानगर अध्यक्ष विशाल जायसवाल द्वारा दी गई।

## महाकाल मंदिर क्षेत्र में अवैध बूचड़खाने प्रशासन को सीधी चुनौती, युवा शिव सेना ने दी आंदोलन की चेतावनी

### प्रशासन की सख्ती के बाद भी रात के अंधेरे में चल रहा अवैध कारोबार, हिंदूवादी नेता मनीष सिंह चौहान ने कहा- जल्द होगा उग्र प्रदर्शन

ब्रह्मास्त्र ›› उज्जैन

विश्व प्रसिद्ध ज्योतिर्लिंग भगवान महाकालेश्वर मंदिर के आसपास अवैध बूचड़खानों का संचालन जिला और पुलिस प्रशासन को सीधी चुनौती है। इसे लेकर मप्र युवा शिव सेना गौ रक्षा न्यास ने एक बार फिर उग्र आंदोलन करने की घोषणा की है।

संगठन के संस्थापक, राष्ट्रीय अध्यक्ष व हिंदूवादी नेता मनीष सिंह चौहान ने कहा कि धार्मिक नगरी में रोजाना लाखों श्रद्धालु दर्शन के लिए आते हैं। महाकाल मंदिर के आसपास बड़ी संख्या में यात्री निवास भी हैं। इसके बावजूद वर्ग विशेष के क्षेत्रों में अवैध बूचड़खाने संचालित कर हिंदू भावनाओं को ठेस पहुंचाई जा रही है। उन्होंने कहा कि प्रशासन अपनी कार्रवाई करता है, लेकिन कसाई रात के अंधेरे में इस काम को अंजाम दे रहे हैं। इसे जड़ से खत्म करने के लिए संगठन जल्द ही पुलिस अधीक्षक, निगमायुक्त और जिला कलेक्टर को ज्ञापन सौंपकर अपना आंदोलन तेज करेगा।

### पूर्व में हुई थी बड़ी कार्रवाई, अब बाहर से आ रहा मांस

गौरतलब है कि मध्य प्रदेश सरकार के निर्देश पर जिला प्रशासन, पुलिस और निगम प्रशासन ने लोहे का पुल, बेगम बाग कॉलोनी और तोपखाना क्षेत्रों में संयुक्त कार्रवाई की थी। इस दौरान अवैध रूप से चल रहे बूचड़खानों से पशु काटने की मशीनें, बड़ी संख्या में जिंदा पशु और अवैध मांस बरामद किया गया था। सैकड़ों अवैध बूचड़खाने चलाने वालों के



विरुद्ध महाकाल थाने में आपराधिक प्रकरण भी पंजीबद्ध हुए थे।

इस भारी सख्ती के बाद अब इन क्षेत्रों के कसाइयों द्वारा तराना, महिदपुर और देवास जिले से अवैध मांस लाकर विक्रय किया जा रहा है। विगत दिनों महाकाल थाना पुलिस ने फिर से एक अवैध बूचड़खाने पर कार्रवाई की है, जो यह स्पष्ट करता है कि क्षेत्र में यह अवैध कारोबार अब भी जारी है। संगठन के अनुसार सरकार ऐसे लोगों के खिलाफ कार्रवाई के लिए वचनबद्ध है और अब इस अवैध व्यापार को पूरी तरह बंद कराने के लिए सड़क पर उतरकर विरोध दर्ज कराया जाएगा।

# दवा कंपनियों की मनमानी पर लगाम लगाने की माँग, सौंपा ज्ञापन

### एमआरपी और मुनाफे पर नियंत्रण की माँग

### जेनेरिक और एथिकल दवाओं की हो स्पष्ट पहचान

ब्रह्मास्त्र ›› उज्जैन



मध्यप्रदेश में कार्यरत दवा कंपनियों द्वारा मनमाने ढंग से किए जा रहे व्यापार के खिलाफ म.प्र. मेडीकल रिप्रेजेन्टेटिव्स संघ ने मोर्चा खोल दिया है। भारतीय मजदूर संघ से संबद्ध इस संगठन ने उज्जैन जिला कलेक्टर के माध्यम से मुख्यमंत्री को एक ज्ञापन सौंपकर आम जनता के स्वास्थ्य और जेब को प्रभावित करने वाले दवा उद्योग के लिए नई नीतियां बनाने की माँग की है। संघ का आरोप है कि दवाओं की कीमत, निर्माण, परिवहन और भंडारण तय मापदंडों के अनुसार न होने के कारण आम जनता को इसके दुष्प्रभाव झेलने पड़ रहे हैं।

संघ ने ज्ञापन में प्रमुखता से यह मांग रखी है कि सभी जेनेरिक दवाओं की एमआरपी न्यूनतम रखी जाए ताकि मरीजों से भारी मुनाफा न वसूला जा सके। दवा निमार्ता, थोक विक्रेता और रिटेलर का मार्जिन फिक्स करने के बाद ही एमआरपी तय की जाए। इसके साथ ही, सभी का प्रॉफिट मार्जिन दशार्ने के लिए दवा के बॉक्स और स्ट्रिप पर क्यूआर कोड अनिवार्य किया जाए ताकि मरीज स्वयं इसकी जाँच कर सकें। दवाओं के दाम सरकार अपने नियंत्रण में रखकर एमआरपी स्वयं निर्धारित करे और प्रत्येक दवा की प्राइस कैपिंग करे, जिससे मनमाफिक दाम तय कर गरीब जनता को लूटा न जा सके।

मरीजों की सुविधा के लिए सभी जेनेरिक दवाओं के बॉक्स और स्ट्रिप पर हिंदी तथा अंग्रेजी में जनरिक दवा लिखा जाना सुनिश्चित किया जाए। संघ ने इस बात पर भी चिंता जताई कि एक ही कंपनी द्वारा एक ही नाम से एथिकल और जेनेरिक दवाएं बेची जा रही हैं, जो मरीजों के साथ सीधा छलावा है। इसलिए दोनों के नाम अलग-अलग रखने के सख्त निर्देश दिए जाने चाहिए। साथ ही, जेनेरिक दवाओं का सरकार अधिक से अधिक प्रचार करे और इसकी उपलब्धता बढ़ाए ताकि अंतिम छोर के व्यक्ति को इसका लाभ मिल सके। दवा निर्माण को अतिसंवेदनशील मानते हुए संघ ने सुझाव दिया है कि सरकार दवाओं का निर्माण स्वयं करे ताकि जनता के स्वास्थ्य से खिलवाड़ न हो और दवाएं सस्ते दामों पर मिल सकें। दवाओं की गुणवत्ता जाँच के लिए सरकार अत्याधुनिक लैब स्थापित करे और उच्च गुणवत्ता सुनिश्चित करने हेतु हर छह माह में मैन्युफैक्चरिंग यूनिट की जाँच करे।

संघ के सचिव द्वारा सौंपे गए इस ज्ञापन में यह भी स्पष्ट किया गया है कि मध्यप्रदेश में मार्केटिंग करने वाली भारतीय और विदेशी कंपनियों को इन सभी शर्तों के पालन के बाद ही कार्य करने की अनुमति दी जाए। इन नियमों का उल्लंघन करने वाली कंपनियों पर कठोर दंड का प्रावधान किया जाए ताकि जनहित में स्वास्थ्य सुरक्षा सुनिश्चित हो सके।

## खबर एक नजर...

### जनगणना 2027 के प्रथम चरण का प्रशिक्षण प्रारंभ

**बड़नगर।** जनगणना महारजिस्ट्रार एवं निदेशालय व जिला जनगणना अधिकारी निदेर्शानुसार जनगणना प्रथम चरण अंतर्गत मकान सूचीकरण एवं मकानों की गणना कार्य मध्यप्रदेश राज्य में 01 मई से 31 मई 2026 तक संपादित किया जाना है। मकान सूचीकरण एवं मकानो की गणना किये जाने के संबंध में शासन निदेर्शानुसार दिनांक 16 अप्रेल से 18 अप्रेल 2026 तक नगर पालिका सभागृह में प्रथम चरण का प्रशिक्षण प्रारंभ किया गया, जिसमें शहरी क्षेत्र के पृथक-पृथक विभागों के 18 वार्डो के 57 ब्लॉको में मकान सूचीकरण कार्य हेतु नियुक्त 63 प्रगणको एवं 10 पर्यवेक्षको में से प्रथम चरण के प्रशिक्षण में 31 प्रगणक व 5 सुपरवाईजर को फिल्ड ट्रेनर्स श्री कृष्णदास बैरागी व श्री भगवान सिंह मारू द्वारा पूर्णतः डिजीटल प्रशिक्षण दिया गया। द्वितीय चरण का प्रशिक्षण दिनांक 21 अप्रेल से 23 अप्रेल 2026 तक आयोजित किया जावेगा। उक्त प्रशिक्षण में चार्ज अधिकारी एम.आर.निंगवाल मुख्य नगर पालिका अधिकारी व सहायक चार्ज अधिकारी संजय श्रीवास्तव, मनमोहन राठौड, मनोज झाला, प्रियंका पंवार, कालु कनेरिया सहित अधिकारी / कर्मचारीगण उपस्थित थें।

### पीठाधीश्वर श्रीरामदयाल महाराज का भक्तों ने चरण पूजन किया

**बड़नगर।** अंतरराष्ट्रीय रामस्नेही संप्रदाय पीठाधीश्वर श्रीरामदयाल महाराज शाहपुरा राजस्थान गुरुवार को अल्प समय के लिए चार अन्य स्टेबल साथ कुंज विहार पधारे। रामस्नेही संप्रदाय के भक्त डॉक्टर वासुदेव काबरा ,सत्यनारायण शर्मा, महेंद्र पोरवाल, नवीन काबरा ने चरण पूजन किया। गुरु देव की मंगल आरती चारु काबरा, रामनिवास नवहाल , महेश विजयवर्गीय,जयप्रकाश त्रिवेदी,प्रखर काबरा ने लाभ लिया। इस अवसर पर प्रमुख रूप से प्रहलाद चावडा, अजय विजयवर्गीय, उपस्थित थे। आप बड़नगर से शाहपुरा रामनिवास धाम पधारे। सभी भक्तों को मंगलाशीष प्रदान करे।

### संत सेन महाराज की 726वीं जयंती धूमधाम से मनाई गईः

**बड़नगर।** गुजराती सेन समाज कल्याण समिति के तत्वावधान में सेन जन्मोत्सव समिति द्वारा संत शिरोमणि श्री सेन जी महाराज की 726वीं जयंती हर्षोल्लास के साथ मनाई गई। कार्यक्रम की शुरूआत समाज अध्यक्ष प्रवीण भाटी एवं समिति के सदस्यों द्वारा गुरु वंदन और पूजन के साथ हुई। इस अवसर पर आयोजित संगोष्ठी में समाज के वरिष्ठ जनों ने शिक्षा के महत्व और समाज की प्रगति पर अपने विचार साझा किए। वक्ताओं ने युवाओं को आधुनिक शिक्षा से जुड़ने और सामाजिक एकता को मजबूत करने का आह्वान किया। समाज की होनहार प्रतिभाओं को प्रोत्साहित करने के लिए उन्हें प्रशस्ति पत्र एवं प्रतीक चिन्ह सेन महिला मंडल, सेन उत्सव समिति, सेन कल्याण समिति एवं समाज के वरिष्ठ जनों द्वारा प्रदान किया गया।

# मध्यप्रदेश में शुरू होगी डिवाइन सेवा ट्रस्ट की गतिविधियां

### अभिषेक सेठिया को उज्जैन संभाग की कमान, 1 से 5 मई तक 100 से अधिक दिव्यांगों को लगेंगे कृत्रिम अंग

**ब्रह्मास्त्र ▸▸ उज्जैन**




डिवाइन सेवा ट्रस्ट पुणे इंटरनेशनल द्वारा मध्यप्रदेश में अपने ट्रस्ट के संचालन एवं सेवा कार्य विस्तार हेतु उज्जैन के प्रसन्न जैन को मध्यप्रदेश एवं अभिषेक सेठिया को उज्जैन संभाग का अध्यक्ष नियुक्त किया गया है। साथ ही मनोज जैन को संभाग के उपाध्यक्ष का दायित्व सौंपा गया है। एक निजी होटल में उज्जैन की कई संस्थाओं के प्रतिनिधियों की उपस्थिति में मध्यप्रदेश विस्तार का शुभारंभ हुआ।

संस्था के इंटरनेशनल अध्यक्ष संकेत शाह द्वारा नवनियुक्त पदाधिकारियों को पद प्रभार प्रदान किया गया। मध्यप्रदेश अध्यक्ष प्रसन्न जैन ने अपने उद्बोधन में पुनीत सेवा कार्य का शीघ्र संपूर्ण प्रदेश में विस्तार करने का वादा किया। उज्जैन संभाग अध्यक्ष ने अपने परिवार की ओर से 1 से 5 मई तक उज्जैन में ही प्रथम सेवा कार्य की घोषणा की जिसमें लगभग 100 से अधिक दिव्यांगजनों को उनके नाप के कृत्रिम अंग बनाकर प्रत्यारोपित किए जाएंगे।

विदित हो कि पुणे के संकेत शाह द्वारा वर्ष 2011 में अपने 5 मित्रों के साथ मिलकर समाज सेवा को लक्ष्य बनाते हुए डिवाइन सेवा ट्रस्ट की स्थापना की गई थी। गत 15 वर्षों में ट्रस्ट द्वारा 250 से अधिक भिन्न प्रकार की सेवा गतिविधियों का संचालन किया जा रहा है। महाराष्ट्र में आत्महत्या करने वाले किसानों के बच्चों को शिक्षा व बेटियों का विवाह करवाना, निःसंतान बुजुर्ग माता-पिता को गोद लेना, पहलगाम या मणिपुर में तैनात सैनिकों को जरूरत का सामान प्रदान कर उनके साथ दीपावली मनाना, बुजुर्गों को छड़ी, बारिश में ड्यूटी कर रहे पुलिस जवानों को रेनकोट, गरीब बच्चों को किताबें, लॉकडाउन में भोजन, स्वास्थ्य परीक्षण शिविर और दिव्यांगों को अंग लगवाने जैसे कई महत्वपूर्ण सेवा कार्य ट्रस्ट द्वारा किए जाते हैं।

आज ट्रस्ट का विस्तार महाराष्ट्र के अलावा राजस्थान गुजरात कर्नाटक तमिलनाडु गोवा जम्मू कश्मीर के बाद मध्यप्रदेश में हो रहा है। इंटरनेशनल अध्यक्ष द्वारा बताया गया कि भारत में ही नहीं दुबई तक संस्था द्वारा सेवा कार्य किया जा रहा है। संपूर्ण भारत से सभी समुदायों के 5000 से अधिक सदस्य इस सेवा कार्य के विभिन्न प्रकल्पों को अंजाम दे रहे हैं। उज्जैन अथवा मध्यप्रदेश में कहीं भी कोई नया प्रकल्प शुरू करना चाहे तो संस्था हरसंभव मदद के लिए तुरंत तत्पर रहेगी।

कार्यक्रम में अतिथियों का स्वागत किया गया। इस अवसर पर जीवन दीप के प्रतिनिधि प्रदीप पीपाड़ा व हर्ष जैन, जैन सोशल ग्रुप इंटरनेशनल फेडरेशन एमपी रीजन के जॉइंट सेक्रेटरी संजय कोठारी, नागेश्वर जैन मंदिर ट्रस्ट के ट्रस्टी राकेश कोठारी, जैन सोशल ग्रुप मैत्री के पूर्व अध्यक्ष किशोर जैन व पवन दाता, समाजसेवी व पत्रकार राहुल कटारिया, बीसा पोरवाल समाज के संजय मेहता सहित समाजसेवी नीलेश जैन मनीष पीपाड़ा संदीप बाफना प्रशांत फागनिया नितिन जैन लोकेश बाफना पारस गादिया नवीन गिरिया आदि उपस्थित रहे। संचालन हर्ष जैन ने किया एवं आभार संजय कोठारी ने माना।

### टीम विभिन्न उपकरणों के माध्यम से अपनी सेवाएं देगी

# निशुल्क एक्यूप्रेशर शिविर का भव्य शुभारंभ, जोधपुर की मेडिकल टीम 21 अप्रैल तक देगी सेवाएं

### श्री अग्रवाल पंचायत न्यास का आयोजन, नई पेठ स्थित धर्मशाला में स्वास्थ्य लाभ ले सकेंगे समाजजन

**ब्रह्मास्त्र ▸▸ उज्जैन**



श्री अग्रवाल पंचायत न्यास द्वारा अग्रवाल समाज के बंधुओं के लिए नई पेठ स्थित अग्रवाल धर्मशाला में एक विशाल निशुल्क एक्यूप्रेशर स्वास्थ्य शिविर का शुभारंभ किया गया। शिविर में 21 अप्रैल तक जोधपुर से आई डॉक्टरों की टीम विभिन्न उपकरणों के माध्यम से अपनी सेवाएं देगी। कार्यक्रम का शुभारंभ उज्जैन विकस प्राधिकरण के पूर्व अध्यक्ष जगदीश अग्रवाल, न्यास के संस्थापक न्यासी पुरुषोत्तम गोयल और अध्यक्ष निमेष अग्रवाल सहित अन्य पदाधिकारियों ने किया। इस अवसर पर अध्यक्ष निमेष अग्रवाल ने अपने स्वागत उद्बोधन में पंचायत न्यास द्वारा किए जा रहे विभिन्न कार्यों की विस्तृत जानकारी सदन को प्रदान की।

शिविर संयोजक एवं न्यासी रविप्रकाश बंसल ने बताया कि यह स्वास्थ्य शिविर पूर्णतया निशुल्क है। समाजजन प्रतिदिन प्रातः 8 से 12 और शाम 4 से 8 बजे तक शिविर में उपस्थित होकर स्वास्थ्य लाभ ले सकते हैं। आयोजकों ने समाजजनों से अपने आसपास रहने वाले अग्रवाल बंधुओं को भी सूचित कर अधिक से अधिक लाभ प्राप्त करने की अपील की है। शुभारंभ अवसर पर न्यास के उपाध्यक्ष शैलेंद्र मित्तल, संदीप अग्रवाल, गोविंद गोयल, महिला मंडल अध्यक्ष ममता

### शिवसेना संगठन को मध्यप्रदेश में मिली नई मजबूती,प्रमुख पदों पर नियुक्तियां

**उज्जैन।** शिवसेना के मुख्य नेता एकनाथ शिंदे एवं शिवसेना के राष्ट्रीय सचिव कैप्टन अभिजीत अडसुल के निदेर्शानुसार मध्यप्रदेश में संगठन को सशक्त करने की दिशा में महत्वपूर्ण निर्णय लिए गए हैं। इसी क्रम में श्री सुरेश जी गुर्जर को पुनः मध्यप्रदेश शिवसेना प्रभारी के पद पर नियुक्त किया गया है, साथ ही अधिवक्ता श्री राजीव चतुर्वेदी को भी पुनः मध्यप्रदेश शिवसेना का राज्य प्रमुख ( अध्यक्ष ) नियुक्त किया गया है। दोनों ही पदाधिकारियों को उनके नियुक्ति पत्र प्राप्त हो चुके हैं, जो संगठन के प्रति उनके समर्पण और कार्यक्षमता का प्रमाण हैं। उनके नेतृत्व में मध्यप्रदेश में शिवसेना संगठन को नई ऊर्जा और मजबूती मिलने की उम्मीद है।

# संभागायुक्त और कलेक्टर ने स्व गणना पोर्टल पर स्व गणना में भाग लिया

**ब्रह्मास्त्र ▸▸ उज्जैन**

जनगणना प्रक्रिया को अधिक सरल, सटीक और पारदर्शी बनाने के उद्देश्य से शासन द्वारा स्व गणना की शुरूआत 16 अप्रैल से की गई है । स्व गणना 16 अप्रैल से 30 अप्रैल तक की जाएगी। स्व गणना को जिले में सकारात्मक प्रतिसाद मिल रहा है। इसी क्रम में संभागायुक्त श्री आशीष सिंह एवं कलेक्टर श्री रौशन कुमार सिंह ने स्व गणना पोर्टल पर स्व गणना प्रक्रिया में भागीदारी कर नागरिकों को जनगणना में भाग लेने का संदेश दिया।

संभागायुक्त श्री सिंह ने कहा कि स्व गणना के माध्यम से नागरिक स्वयं अपनी जानकारी ऑनलाइन दर्ज कर सकते हैं, जिससे न केवल समय की बचत होगी बल्कि आंकड़ों की शुद्धता भी सुनिश्चित होगी। उन्होंने सभी नागरिकों से अपील कि वे इस डिजिटल पहल में बढ़-चढ़कर भाग लें और जनगणना कार्य को सफल बनाने में सहयोग करें। कलेक्टर श्री सिंह ने बताया कि स्व गणना पोर्टल उपयोग में आसान है और इसे मोबाइल या कंप्यूटर के माध्यम से कहीं से भी एक्सेस किया जा सकता है। उन्होंने कहा कि इस पहल से जनगणना प्रक्रिया सरल और व्यवस्थित तरीके से पूर्ण हो सकेगी। कलेक्टर श्री सिंह ने भरोसा जताया कि नागरिकों की सक्रिय भागीदारी से जनगणना अधिक प्रभावी और आधुनिक स्वरूप में संपन्न होगी। स्व गणना के दौरान अपर कलेक्टर श्री शाश्वत शर्मा,जिला जनगणना चार्ज अधिकारी श्री तेजेंद्र सिंह, सांख्यिकी विभाग की जिला अधिकारी श्रीमती राजश्री सांकला आदि उपस्थित रहे।

# महिला कांग्रेस सेवादल की संभागीय बैठक उज्जैन में संपन्न

**ब्रह्मास्त्र ▸▸ उज्जैन**



मध्य प्रदेश कांग्रेस सेवादल उज्जैन संभाग की महत्वपूर्ण बैठक उज्जैन शहर कांग्रेस कार्यालय, क्षीरसागर में आयोजित की गई। बैठक का आयोजन मध्य प्रदेश महिला कांग्रेस की प्रदेश अध्यक्ष संगीता कांकरिया की अध्यक्षता में किया गया।

इस अवसर पर शहर कांग्रेस कमेटी के अध्यक्ष मुकेश भाटी मुख्य अतिथि के रूप में उपस्थित रहे। वहीं कार्यक्रम में विशेष अतिथि के रूप में उज्जैन संभाग महिला सेवादल प्रभारी श्रीमती संजू भाटी, प्रदेश कांग्रेस सेवादल उपाध्यक्ष अरुण रोचवानी, जीवाजीगंज ब्लॉक कांग्रेस कमेटी अध्यक्ष अभिषेक शर्मा, शहर कांग्रेस सेवादल अध्यक्ष कुलदीप सिंह जाट, जिला ग्रामीण कांग्रेस सेवादल अध्यक्ष डॉ. चैन सिंह चौधरी, राजीव गांधी पंचायती राज संगठन की राष्ट्रीय कोऑर्डिनेटर रेणुका मालवीय तथा देवास सेवादल अध्यक्ष राधा किशन सोलंकी उपस्थित रहे।

बैठक के दौरान संगठन को मजबूत करने, महिला कार्यकताओं की भागीदारी बढ़ाने तथा आगामी गतिविधियों को लेकर विस्तार से चर्चा की गई।

कार्यक्रम में सोनिया ठाकुर, सुगन बाई सोलंकी, उर्मिला बाई, ऊषा मालवीय, वंदना विमरोत, चंपा बाई, लक्ष्मी सोलंकी एवं मुस्कान सोलंकी सहित बड़ी संख्या में महिला कार्यकर्ता उपस्थित रहीं।

कार्यक्रम का संचालन शहर महिला कांग्रेस सेवादल अध्यक्ष लीला परिहार द्वारा किया गया। अंत में जिला ग्रामीण कांग्रेस सेवादल अध्यक्ष अनिता राजपूत ने आभार व्यक्त किया। इस संबंध में जानकारी मीडिया प्रभारी राजेंद्र चंदेल द्वारा दी गई।

## खबर एक नजर...

### मंत्री सुश्री निर्मला भूरिया ने किया नारी शक्ति वंदन हस्ताक्षर अभियान का शुभारंभ

**रतलाम।** शासन द्वारा 10 अप्रैल से 25 अप्रैल तक नारी शक्ति वंदन पखवाडा मनाया जा रहा है। नारी शक्ति वंदन पखवाडा अंतर्गत नारी शक्ति वंदन के हस्ताक्षर अभियान का शुभारंभ रतलाम जिले में महिला एवं बाल विकास मंत्री एवं कैबिनेट मंत्री मध्य प्रदेश शासन सुश्री निर्मला भूरिया द्वारा किया गया। इस अवसर पर उन्होंने कक्षा 10 वी की मेरिट सूची में स्थान प्राप्त करने वाली बालिका एवं 12वी की मेरिट सूची में स्थान प्राप्त करने वाली बालिका और 8 वे राष्ट्रीय पोषण पखवाडा में उत्कृष्ट कार्य कर रही आंगनवाडी कार्यकर्ता श्रीमती भाग्यवती सेन (परि. रतलाम ग्रामीण-2), श्रीमती पिंकी परमार (परि. रतलाम ग्रामीण-1) और आंगनवाडी सहायिका लीला पाण्डे (परि. रतलाम शहर-2) को सुश्री भूरिया ने सम्मानित किया। कार्यक्रम मे संयुक्त संचालक और ओएसडी डॉ. विशाल नाडकर्णी, जिला कार्यक्रम अधिकारी श्री रामनिवास बुधोलिया, परियोजना अधिकारी श्रीमती चेतना गेहलोद, श्रीमती अर्चना माहौर, प्रभारी परियोजना अधिकारी श्रीमती प्रियंका बैरागी, पर्यवेक्षक फिरदौस खान एवं आंगनवाडी कार्यकर्ता उपस्थित थी।

### प्रदेश में नीमच जिला बोर्ड परीक्षा परिणाम में दसवें स्थान पर रहा

नीमच । मध्यप्रदेश माध्यमिक शिक्षा मंडल,एमपी बोर्ड द्वारा घोषित कक्षा 10वीं एवं 12वीं के परीक्षा परिणामों ने इस वर्ष नीमच जिले को गौरव से भर दिया है। शानदार प्रदर्शन करते हुए जिले ने न केवल उच्च सफलता प्रतिशत दर्ज किया, बल्कि प्रदेश की मेरिट सूची में भी अपने प्रतिभाशाली विद्यार्थियों का परचम लहराया। मेहनत, अनुशासन और गुणवत्तापूर्ण शिक्षा के समन्वय ने नीमच को प्रदेश के अग्रणी जिलों में स्थापित कर दिया है। नीमच ने प्रदेश में 10 वां स्थान प्राप्त कि इस वर्ष मध्यप्रदेश माध्यमिक शिक्षा मंडल ( बोर्ड की कक्षा 10वीं में जिले का परिणाम 83.40 प्रतिशत रहा, जिससे नीमच ने प्रदेश में 10वां स्थान प्राप्त किया। वहीं कक्षा 12वीं में 87.36 प्रतिशत परिणाम के साथ जिले ने प्रदेश में 7वां स्थान हासिल कर अपनी शैक्षणिक उत्कृष्टता का प्रमाण दिया।

### कलेक्टर ने डिजिटल माध्यम से स्वयं भरा जनगणना फॉर्म

मन्दसौर। मंदसौर कलेक्टर श्रीमती अदिति गर्ग ने एक अनुकरणीय उदाहरण पेश करते हुए डिजिटल माध्यम से अपना जनगणना फॉर्म स्वयं भरा है। उन्होंने आधिकारिक जनगणना पोर्टल के माध्यम से अपनी जानकारी दर्ज कर स्व-गणनाÓ प्रक्रिया की शुरुआत की। कलेक्टर ने नागरिकों को प्रेरित करते हुए कहा कि यह सुविधा जनगणना को अधिक पारदर्शी, सुरक्षित और समयबद्ध बनाने की दिशा में एक बड़ा कदम है। श्रीमती गर्ग ने अपील की कि आधुनिक तकनीक का लाभ उठाते हुए नागरिक घर बैठे ही ऑनलाइन पोर्टल पर लॉगइन कर अपनी जानकारी दर्ज करें।

# पुलिस ने पटवारी को 20 हजार रुपए की रिश्वत लेते रंगे हाथों पकड़ा

ब्रह्मास्त्र ▸▸ रतलाम



जिले के सैलाना में गुरुवार दोपहर उज्जैन लोकायुक्त की टीम ने पटवारी कैलाश बड़ख्या को 20 हजार रुपए की रिश्वत लेते हाथों गिरफ्तार किया है। पटवारी ने किसान से 5 हेक्टेयर कृषि भूमि के सीमांकन (नपती) के एवज में यह राशि मांगी थी। वर्तमान में लोकायुक्त की टीम सैलाना तहसील कार्यालय के नायब नाजिर कक्ष में आरोपी पटवारी के खिलाफ भ्रष्टाचार निवारण अधिनियम के तहत आगे की कार्रवाई कर रही है।

लोकायुक्त निरीक्षक राजेंद्र वर्मा के अनुसार, ग्राम अडवानिया (तहसील सैलाना) निवासी जितेंद्र पाटीदार ने 10 अप्रैल को उज्जैन कार्यालय में एसपी आनन्द कुमार यादव को लिखित आवेदन दिया था। जितेंद्र ने शिकायत में बताया था कि उसके पिता ईश्वर लाल पाटीदार के नाम पर सैलाना और बागरियों की खेड़ी में करीब 5 हेक्टेयर कृषि भूमि है। इस भूमि की वास्तविक स्थिति और सीमा जानने के लिए 22 जनवरी 2026 को लोकसेवा केंद्र के माध्यम से सीमांकन के लिए आवेदन किया गया था।

**घर आकर मांगे 30 हजार, 10 अप्रैल को लिए थे 3 हजार रुपए**

आवेदन के काफी दिन बाद भी सीमांकन नहीं होने पर जितेंद्र 9 मार्च 2026 को तहसील कार्यालय गया। वहां हल्का पटवारी कैलाश बड़ख्या से पूछताछ की, तो उसने कहा कि फीस जमा करा दोगे तो नपती हो जाएगी। इसके बाद 9 अप्रैल को पटवारी शिकायतकर्ता के घर पहुंचा और सीमांकन के लिए 30 हजार रुपए की मांग की। शिकायतकर्ता के निवेदन पर 10 अप्रैल को पटवारी ने 7 हजार रुपए कम कर दिए और उसी दिन 3 हजार रुपए नकद ले लिए।

**तहसील कार्यालय के नाजिर कक्ष में रंगे हाथों पकड़ाया**

उज्जैन लोकायुक्त एसपी ने शिकायत का सत्यापन कराया, जो सही पाई गई। इसके बाद गुरुवार 16 अप्रैल को लोकायुक्त टीम ने योजनाबद्ध तरीके से जाल बिछाया। दोपहर में जैसे ही जितेंद्र ने सैलाना तहसील कार्यालय के नायब नाजिर कक्ष में पटवारी कैलाश को रिश्वत के शेष 20 हजार रुपए दिए, लोकायुक्त टीम ने उसे रंगे हाथों दबोच लिया।

# महिला आरक्षण अधिनियम एक क्रांतिकारी कदम

## मंदसौर में नारी शक्ति वंदन सम्मेलन और भव्य रैली का आयोजन

ब्रह्मास्त्र ▸▸ मन्दसौर



जिले में नारी शक्ति वंदन अधिनियम के प्रति जन जागरूकता और समर्थन को लेकर मंदसौर नगर में एक पैदल रैली और कुशाभाऊ ठाकरे ऑडिटोरियम में सम्मेलन का आयोजन किया गया, जिसमें जिले की प्रभारी मंत्री एवं महिला एवं बाल विकास मंत्री निर्मला भूरिया मुख्य अतिथि के रूप में शामिल हुईं। कार्यक्रम का शुभारंभ महाराणा प्रताप बस स्टैंड से एक विशाल महिला पैदल रैली के साथ हुआ। यह रैली श्री कोल्ड चौराहा होते हुए कुशाभाऊ ठाकरे ऑडिटोरियम तक पहुँची।

रैली के समापन के पश्चात ऑडिटोरियम में आयोजित मुख्य सम्मेलन को संबोधित करते हुए प्रभारी मंत्री सुश्री भूरिया ने कहा कि नारी शक्ति वंदन अधिनियम देश के इतिहास में एक क्रांतिकारी कदम है। उन्होंने जोर देकर कहा कि संसद और विधानसभाओं में महिलाओं को मिलने वाला 33 प्रतिशत आरक्षण न केवल उन्हें राजनीतिक प्रतिनिधित्व देगा, बल्कि नीति निर्माण में भी उनकी सक्रिय भूमिका सुनिश्चित करेगा। मंत्री महोदय ने 16 से 18 अप्रैल तक संसद में आयोजित होने वाले विशेष सत्र को सुनने का आह्वान करते हुए बताया कि वर्तमान में महिलाएं स्वयं सहायता समूहों और उद्योगों के माध्यम से आत्मनिर्भर बनकर दूसरों को रोजगार प्रदान कर रही हैं।

उन्होंने शिक्षा के क्षेत्र में बेटियों की सफलता की सराहना करते हुए जनप्रतिनिधियों और अधिकारियों से प्रतिभाशाली छात्राओं को प्रोत्साहित करने का आग्रह किया। सम्मेलन के दौरान जिला पंचायत अध्यक्ष दुर्गा पाटीदार ने इस अधिनियम को महिलाओं के सम्मान की दिशा में ऐतिहासिक बताया, जबकि नपाध्यक्ष रमादेवी ुर्जर ने कहा कि यह कानून मातृशक्ति की प्रतिभा निखारने का बड़ा अवसर है। कार्यक्रम के अंत में प्रभारी मंत्री ने 10वीं और 12वीं कक्षा में सर्वोच्च अंक प्राप्त करने वाली मेधावी बालिकाओं और महिला सशक्तिकरण के क्षेत्र में उत्कृष्ट कार्य करने वाली महिलाओं को सम्मानित किया।

### शहर के ग्वालटोली मैदान से लहूलुहान युवक मिला

नीमच। शहर के सिटी थाना के ग्वालटोली इलाके में शुक्रवार सुबह उस समय सनसनी फैल गई द्य एक दर्दनाक घटना में एक 30 वर्षीय युवक ने अज्ञात कारणों के चलते कांच की बोतल फोड़कर अपना ही गला काट लिया। इस घटना से क्षेत्र लोग व परिजन स्तब्ध रह गए। परिजन बड़े भाई राहुल जयसवाल के अनुसार मृतक पंकज जायसवाल (30) पिता मदनलाल जायसवाल, निवासी ग्वालटोली,बीते कुछ दिनों से अस्वस्थ था।परिजनों ने बताया कि उसका इलाज जिला अस्पताल में चल रहा था जिसे एक दिन पूर्व ही अस्पताल से छुट्टी मिली थी। घटना की रात करीब 3 बजे के आसपास परिजनों की आंख लग गई, इसी दौरान पंकज घर से निकल गया। सुबह करीब 11 बजे लोगों ने घर वालों को सूचना दी कि लाल मैदान के पास युवक गंभीर रूप से घायल अवस्था में पड़ा हुआ है।सूचना मिलते ही परिजन मौके पर पहुंचे और पंकज को तत्काल जिला अस्पताल लेकर आए, लेकिन तब तक काफी देर हो चुकी थी।अस्पताल में मौजूद चिकित्सकों ने जांच के बाद उसे मृत घोषित कर दिया।

# 10 एवं 12 वीं में मॉडल स्कूल का परीक्षा परिणाम रहा शानदार रहा

ब्रह्मास्त्र ▸▸ जावरा



माध्यमिक शिक्षा मंडल द्वारा घोषित कक्षा दसवीं व बारहवीं के परीक्षा परिणाम में मॉडल स्कूल के विद्यार्थियों ने शानदार परिणाम दिए ।

विद्यालय की प्राचार्य निर्मला बैरागी ने बताया कि कक्षा 12वीं का परिणाम 86 प्रतिशत और कक्षा दसवीं का परिणाम 89 प्रतिशत कक्षा १२वीं में आशीष मंडवार 89 प्रतिशत योगिता पाटीदार ने 89 प्रतिशत अंक प्राप्त कर विद्यालय में प्रथम स्थान प्राप्त किया है।

वहीं पर संदीप रावत ने 88.6 पर्तिशत अंक प्राप्त का दूसरा स्थान तथा निलेश प्रजापत ने 88.4 प्रतिशत अंक प्राप्त का तीसरा मयंक नीमा ने 87.6 प्रतिशत अंक प्राप्त कर चौथा तथा रिद्धि जैन ने 86 प्रतिशत अक प्राप्त कर विद्यालय में पांचवा स्थान प्राप्त किया इसी प्रकार कक्षा दसवीं में सिद्धार्थ कारपेंटर 91.4प्रतिशत अंक प्राप्त कर विद्यालय में प्रथमऔर मोहित जेतवार ने 91 प्रतिशत अक प्राप्त कर विद्यालय में दूसरा दर्शन डोंगरे ने 89.8 प्रतिशत अंक प्राप्त कर तीसरा प्रतिज्ञा पाटीदार ने 89.6 प्रतिशत अक प्राप्त कर चौथा और परिधि जैन ने 89 प्रतिशत अंक प्राप्त कर पांचवा स्थान प्राप्त किया। विद्यार्थियों की इस उपलब्धी पर विद्यालय की उप प्राचार्य अलका पगारिया, मनुदेव सिंह चंद्रावत , मनोज चतुर्वेदी ,मनोहर सिंह सिसोदिया ,डूंगर सिंह खन्ना,महेश कुमार नोटिया, हेमंती रानी, जगपाल सिंह चंद्रावत राकेश राठौर ,दीपक जैन, जितेन पाटीदार ,लखन राठौर ,दीपक परमार ,शेर सिंह सिसोदिया, मांगीलाल डडिंग,मनीष जाजोदिया ,जितेंद्र सोनी, पंकज सोनी विनायका धनोतिया,सारिका प्रजापत, प्रियंका पटवा ,प्रियंका डाबिया,महक मंसूरी, दिव्या टी नायर,ममता शर्मा,नंदनी जोशी,चंचल राठौर,योगिता दुबे आदि ने हर्ष व्यक्त कर उनके उज्वल भविष्य की कामना की।

### पचमढ़ी एडवेंचर कैंप के लिए रवाना हुआ विद्यार्थियों का दल

मन्दसौर। प्रधानमंत्री कॉलेज ऑफ एक्सीलेंस मंदसौर के बी.पी.ई.एस. तृतीय वर्ष के 32 विद्यार्थियों का दल चड्वेंचर एंड लीडरशिप कैंपÓ के लिए पचमढ़ी रवाना हुआ। प्राचार्य प्रो. जे.एस. दुबे ने हरी झंडी दिखाकर दल को प्रस्थान कराया। प्राचार्य ने अपने संबोधन में कहा कि इस तरह के कैंप विद्यार्थियों में नेतृत्व क्षमता, टीमवर्क और आत्मविश्वास का विकास करते हैं।सतपुड़ा इंस्टीट्यूट ऑफ रॉक क्लाइंबिंग एंड एडवेंचर स्पोर्ट्स द्वारा आयोजित इस कैंप में विद्यार्थी ट्रेकिंग, रॉक क्लाइम्बिंग और जंगल सफारी जैसी साहसिक गतिविधियों में भाग लेंगे।

### मोगिया-बावरी समाज की बैठक सम्पन्न

पिपलिया मंडी। भारत रत्न डॉ. भीमराव अंबेडकर की जयंती के अवसर पर मंगलवार को श्यामाप्रसाद मांगलिक भवन में मोगिया-बावरी समाज की बैठक आयोजित की गई। बैठक में समाज के लोगों को जाति प्रमाण पत्र बनवाने में आ रही परेशानियों सहित विभिन्न मुद्दों पर विस्तार से चर्चा की गई।

### एकीकृत बालक उमावि में प्रवेश उत्सव मनाया

ब्रह्मास्त्र ▸▸ पिपलिया मंडी

एकीकृत शासकीय बालक उच्चतर माध्यमिक विद्यालय पिपलिया स्टेशन में आज नवीन शिक्षण सत्र 2025-26 का प्रवेश उत्सव कार्यक्रम गरिमा में ढंग से आयोजित किया गया.. कार्यक्रम के मुख्य अतिथि भारत सिंह सोनगरा उपाध्यक्ष नगर परिषद पिपलिया मंडी, विशेष अतिथि माननीय मुकेश नीडर पार्षद विष्णुबाला कराड़ा वरिष्ठ पार्षद महोदया, एवं उपस्थित अभिभावक गण के आतिथ्य व विद्यालय के प्राचार्य श्री बी.आर. सिसोदिया की अध्यक्षता में प्रवेशोत्सव कार्यक्रम का आयोजन हुआ।

कार्यक्रम के प्रारंभ में मां सरस्वती एवं माता सावित्रीबाई फुले के चित्रों पर माल्यार्पण कर अतिथि सत्कार किया गया, तत्पश्चात सभी उपस्थित छात्रों को नि:शुल्क पाठ्यपुस्तकों का सेट प्रदान कर उनका अभिषेक करते हुए पुष्प मालाए पहनाकर सम्मानित किया गया, स्टाफ के सभी शिक्षकों द्वारा नवीन शिक्षण सत्र में ईमानदारी और निष्ठा से कर्तव्य पालन करने का संकल्प लेते हुए अधिक अधिक छात्रों को प्रवेश दिलाने हेतु गृह संपर्क अभियान की शुरूआत की गई.. विद्यालय परिवार के सभी शिक्षकों की अलग-अलग टीम बनाकर पिपलिया नगर एवं आसपास के कैचमेंट एरिया के ग्रामों में गृह संपर्क करके अधिक से अधिक छात्रों को शासकीय विद्यालय में प्रवेश दिलवाने हेतु कार्य करेंगे इस हेतु भी प्राचार्य श्री सिसोदिया के द्वारा एक नवीन कार्य योजना बनाई गई, शान द्वारा छात्रों को उपलब्ध कराई जाने वाली विभिन्न प्रकार की सुविधा विभिन्न छात्रवृतियां गणमेश वितरण साइकिल वितरण टेबलेट मोबाइल एवं स्कूटी तथा प्रतिभावान छात्रों के लिए भिन्न-भिन्न योजनाओं के बारे में भी छात्रों को अवगत करवाया।

### सकल स्थानक श्राविका संघ द्वारा सामायिक सूत्र परीक्षा संपन्न

**मंदसौर।** सकल स्थानकवासी श्राविका संघ द्वारा धार्मिक ज्ञान और संस्कारों को बढ़ावा देने के उद्देश्य से सामायिक सूत्र परीक्षा का सफल आयोजन किया गया। संघ की अध्यक्ष रेखा रातडिया ने बताया कि संघ द्वारा हर माह कक्षाओं का आयोजन किया जाता है, जिसमें जैन धर्म के सिद्धांतों और विवेकपूर्ण जीवन शैली के बारे में सिखाया जाता है।

# जनगणना 2027 की प्रकिया, स्व-गणना पोर्टल के प्रचार-प्रसार हेतु बैठक का किया गया आयोजन

ब्रह्मास्त्र ›› आलीराजपुर



भारत की जनगणना 2027 के सफल क्रियान्वयन एवं स्व-गणना के प्रचार-प्रसार को लेकर कलेक्ट्रेट सभाकक्ष में बैठक एवं प्रेस कॉन्फ्रेंस का आयोजन किया गया। कार्यक्रम में मुख्य अतिथि के रूप में अनुसूचित जाति कल्याण मंत्री श्री नागर सिंह चौहान उपस्थित रहे।

बैठक में जनगणना अधिकारी ने जानकारी देते हुए बताया कि इस बार की जनगणना पूरी तरह डिजिटल माध्यम से की जाएगी। जनगणना 2027 के प्रथम चरण में 1 मई से 30 मई 2026 तक मकान सूचीकरण एवं मकानों की गणना का कार्य किया जाएगा, जबकि द्वितीय चरण फरवरी 2027 में संपन्न होगा।

इस बार विशेष रूप से आम नागरिकों को पहली बार स्व-गणना का विकल्प दिया गया है। इसके तहत 16 अप्रैल से 30 अप्रैल 2026 तक नागरिक स्व-गणना वेब पोर्टल एवं मोबाइल ऐप के माध्यम से अपनी जानकारी स्वयं दर्ज कर सकते हैं। स्व-गणना पोर्टल पर किस प्रकार स्वयं की गणना की जा सकती है इसके लिए एक उदाहरण भी वीडियो के माध्यम से बैठक में दिखाया गया। आगे बैठक में बताया गया कि स्व-गणना के पश्चात 1 मई से घर घर जाकर मकान सूचीकरण का कार्य किया जाएगा जिसके लिए तहसील एवं नगर परिषद स्तर पर प्रगणकों और सुपरवाइजरों को प्रशिक्षण दिया जा रहा है।

अनुसूचित जाति कल्याण मंत्री श्री चौहान ने कहा कि जनगणना राष्ट्र के लिए अत्यंत महत्वपूर्ण कार्य है और इसके आंकड़ों के आधार पर ही जनकल्याणकारी योजनाएं बनाई जाती हैं। इसलिए सभी अधिकारी, कर्मचारी और जनगणना में लगे समस्त जन जनगणना कार्य को गंभीरता से करना सुनिश्चित करें। कलेक्टर श्रीमती नीतू माथुर ने जनप्रतिनिधियों और पत्रकारों से अपील की कि वे स्वयं स्व-गणना करें और आम जनता को भी इसके लिए प्रेरित करें, ताकि इस राष्ट्रीय महत्व के कार्य में अधिक से अधिक

# बाबा साहेब की जयंती पर डॉ. बी आर अंबेडकर यूथ फाउंडेशन ने किया पहला नगर भोज



**नेपानगर।** परम पूज्य डॉ. बाबा साहेब अंबेडकर जी के १३५वें जन्मोत्सव पर डॉ. बी आर अंबेडकर यूथ फाउंडेशन नेपानगर द्वारा नगर भोज का आयोजन किया गया। सबसे खास बात यह रही कि ४० साल में पहली बार बाबा साहेब की जयंती पर सामूहिक प्रीति भोज का आयोजन हुआ, जिससे नगर के सभी समाजजनों और भीम अनुयायियों में हर्ष का माहौल रहा। फाउंडेशन के सदस्यों ने कहा कि बाबा साहेब का जन्म दिवस भीम अनुयायियों के लिए दिवाली जैसा है। इस दिन सभी समाजजनों के घर मिष्ठान बनते हैं, घरों को रंग-रोगन किया जाता है। जो बच्चे या परिजन बाहर काम करने गए हैं, वे भी परिवार के साथ जयंती मनाने लौटते हैं। डॉ. बी आर अंबेडकर यूथ फाउंडेशन नेपानगर ने १३५वीं जयंती बड़ी धूमधाम से मनाई। 13 तारीख की रात्रि आतिशबाजी, बच्चों के सांस्कृतिक नृत्य, ड्रोन कैमरे से शूटिंग, बाइक रैली इत्यादि कार्यक्रम बड़ी शालीनता से संपन्न हुए।



# कलेक्टर के निर्देश पर जिले में ओवरलोड वाहनों पर की जा रही कार्रवाई

आलीराजपुर। कलेक्टर श्रीमती नीतू माथुर ने सड़क सुरक्षा बैठक में जिला परिवहन अधिकारी सुश्री कृतिका मोहटा को ओवरलोड वाहनों के विरुद्ध सख्त कार्रवाई के निर्देश दिए गए थे। इसी के परिपालन में जिला परिवहन विभाग द्वारा आज जोबट क्षेत्र में ओवरलोडिंग वाहनों पर कार्रवाई की गई।कार्रवाई के दौरान परिवहन विभाग ने उन वाहनों पर विशेष ध्यान दिया जो क्षमता से अधिक सवारियां ले जा रहे थे, साथ ही गाड़ी के ऊपर एवं बाहर लटकाकर यात्रियों को ले जाने वाले वाहनों पर भी कार्रवाई की गई। इस दौरान तूफान वाहन को अग्रवाल पेट्रोल पंप के पास रोक कर कार्रवाई की गई जिसने वाहन में क्षमता से ज्यादा लोगों को वाहन में बैठाया गया था। पुलिस के सहयोग से वाहन को पकड़ कर जब्त कर जोबट थाने में खड़ा कराया गया।

# श्रीमद भागवत ज्ञान गंगा महोत्सव में किया भागवताचार्य पं. शर्मा का स्वागत



सनावद। सनावद नार्मदीय इकाई एवं मध्यप्रदेश नर्मदा फाउंडेशन अध्यक्ष राजेंद्र बर्वे एवं समाज जन ने।प पीयूष शर्मा द्वारा ज्ञान गंगा बहाते हुए श्रीकृष्ण रूखमणी विवाह भक्तो को सुनाया एवं झाँकी के रूप में श्रीकृष्ण रूखमणी विवाह सपंन्न कराया।सैकड़ों महिलाएं एवं पुरुषों को जल जंगल जमीन व पर्यावरण संरक्षण एवं नर्मदा शुद्धिकरण का संकल्प प राजेन्द्र बर्वे द्वारा दिलाया गया।इस अवसर पर प संतोष पूरे, प कपिल करहे, डॉ संजय सोहनी, जितेन्द्र चोकड़े, जितेन्द्र गीते, प गोपाल शर्मा एवं संगठन के सदस्य उपस्थित थे।यह कार्यक्रम बड़ूद माँगलिक भवन में सम्पन्न हुआ।

# सीबीएसई 10वीं में 49 छात्रों ने हासिल किए 95 प्रतिशत अंक

ब्रह्मास्त्र ›› बुरहानपुर

सीबीएसई द्वारा कक्षा १०वीं का रिजल्ट जारी होते ही मेक्रो विजन एकेडमी, बुरहानपुर ने नया कीर्तिमान स्थापित किया है। एकेडमी के विद्यार्थियों ने उत्कृष्ट प्रदर्शन करते हुए परीक्षा परिणाम शत-प्रतिशत दर्ज कराया।एकेडमी के प्राचार्य जसवीर सिंह परमार ने बताया कि इस वर्ष 49 छात्रों ने 95 प्रतिशत से अधिक अंक, 151 छात्रों ने 90 प्रतिशत से अधिक अंक और 326 विद्यार्थियों ने 80 प्रतिशत से अधिक अंक प्राप्त किए हैं। यह उपलब्धि अपने आप में एक कीर्तिमान है।

अक्षत श्रीवास्तव ने 98.2 प्रतिशत अंकों के साथ विद्यालय में प्रथम स्थान प्राप्त किया। नमन पाटीदार, आरची शर्मा, अर्थव मोर ने 97.8 प्रतिशत आदित्यराज गुप्ता ने 97.6 प्रतिशत मोहि पनपालिया ने 97.4 प्रतिशत पार्थ शिवहरे, गौरांग पाटिल, खुशी वैद्यकर ने 97.2 प्रतिशत, श्रीजनगोपाल, आर्या रॉय, अबिर दवे ने 97 प्रतिशत अंक प्राप्त कर प्रथम श्रेणी में स्थान बनाया। इसके साथ परम सुखवानी 96.8 प्रतिशत, सात्वीक पाटीदार, शौर्य सुहाने, विराज खण्डेल वाल, अभिनव सिंह 96.6 प्रतिशत, सूर्यांश गुप्ता 96.4 प्रतिशत, नंदनी खण्डेलवाल, ओजस कौठारे, शक्ति शर्मा 96.2 प्रतिशत, उत्कर्ष सिंह, आकर्षी अग्रवाल, जान्वी, सान्वी छाबड़ा 96 प्रतिशत अंकों के साथ उत्कृष्ट प्रदर्शन करने वालों में शामिल रहे। गणित में 14, विज्ञान में 3, सामाजिक विज्ञान में 12 और आईटी में 5 विद्यार्थियों ने 100 में से 100 अंक प्राप्त कर विद्यालय का नाम रोशन किया। मेक्रो विजन एकेडमी के संचालक आनंद प्रकाश चौकसे, श्रीमती मंजूषा चौकसे, कबीर चौकसे, श्रीमती देवांशी चौकसे, कु. अंतरा चौकसे, प्राचार्य जसवीर सिंह परमार,

# नि:शुल्क कथक प्रशिक्षण कार्यशाला 17 अप्रैल से

ब्रह्मास्त्र ›› बडवानी

भारतीय शास्त्रीय संगीत गायन वादन नृत्य एवं लोक कलाओं को समर्पित संस्था स्पीक मैके एवं जन जातीय कार्य विभाग जिला बड़वानी द्वारा ग्रीष्म ऋतु में कथक नृत्य की निशुल्क प्रशिक्षण कार्यशाला का आयोजन 17 अप्रैल से 21 अप्रैल तक स्थानीय शासकीय कन्या हायर सेकेंडरी स्कूल बडवानी में आयोजित किया है। यह आयोजन जिले के समस्त शासकीय अशासकीय स्कूल के छात्र छात्राओं के लिए है।स्पीक मैके के जिला संयोजक अनिल जोशी ने बताया कि कथक नृत्य कार्यशाला का समापन कार्यक्रम में 22 अप्रैल शाम 7 बजे से प्रधानमंत्री कॉलेज ऑफ एक्सीलेंस शहीद भीमा नायक महाविद्यालय के सभागृह में अंतरराष्ट्रीय कथक नृत्य कलाकार गौरी देशमुख एवं उनकी शिष्याओं द्वारा भव्य कथक नृत्य की प्रस्तुति दी जाएगी। समर कैंप की बालिकाओं को प्रशंसा पत्र तथा गौरी देशमुख का सम्मान किया जाएगा।

# मोक्ष कल्याणक दिवस पर चढ़ाया निर्वाण लाडू

**सनावद।** श्री सुपार्श्वनाथ दिगम्बर जैन मन्दिर में भगवान नमिनाथ स्वामी का मोक्षकल्याणक गुरुवार को प्रातः 6 बजे मनाया गया। भगवान का जलाभिषेक, शांतिधारा तथा पूजन कर नरेश पाटनी, कमलेश भूच, प्रियम जैन, जंगलेश जैन तथा संतोष बाकलीवाल सहित श्रद्धालुओं ने निर्वाण लाडू चढ़ाकर सुख-शांति की कामना की। पार्श्व ज्योति मंच के अध्यक्ष डॉ नरेन्द्र जैन ने बताया कि जैन धर्म के 21 वें तीर्थंकर भगवान श्री नमिनाथ जी हैं। जिनका जन्म मिथिला नगरी के विजय नामक राजा के राजमहल में रानी वप्पिला के यहाँ हुआ था ।वैराग्य उत्पन्न होने पर आपने नौ वर्ष तक तपस्या कर केवलज्ञान प्राप्त किया। आपकी धर्म सभा में बीस हजार दिगम्बर मुनिराजों ने धर्म श्रवण कर धर्म के फल को प्राप्त किया था।

# जिले में बढ़ती गर्मी के चलते कलेक्टर ने स्कूल समय 1बजे तक किया

नीमच। इस सप्ताह प्रतिदिन तापमान में वृद्धि हो रही है गर्मी और ल से बचाव के लिए लोग उपाय कर रहे हैंद्य तापमान 38 से 40 डिग्री सेल्सियस तक पहुंच गया है वर्तमान में जिले में अत्यधीक नर्मी एवं बढ़ ते तापमान को दृष्टिगत रखते हुए विद्यार्थियों के स्वास्थ्य एवं सुरक्षा के हित में जिलान्तर्गत संचालित समस्त शासकीय/अशासकीय/अनुदान प्राप्त/मान्यता प्राप्त/माध्यमिक शिक्षा मण्डल/सी.बी.एस.ई./आई.सी.एस. ई. विद्यालयों का समय प्रातः 7.30 से दोपहर 1 बजे तक नियत किया जाता है। यह आदेश तत्काल प्रभावशील होगा ।इस आदेश से मौसम की प्रतिकूलता और मौसम विभाग की बढ़ते तापमान की भविष्यवाणी अनुसार बच्चों के स्वास्थ्य के लिये समय संशोधन अच्छा रहेगा।

# बेटी से दुष्कर्म के आरोपी ने पुलिस थाने की हवालात में पजामे के नाड़े से फांसी लगाकर दे दी जान

ब्रह्मास्त्र ›› रतलाम

नामली थाना क्षेत्र में बुधवार-गुरुवार की दरम्यानी रात एक गंभीर घटना सामने आई, जहां दुष्कर्म के आरोप में गिरफ्तार एक आरोपी ने थाने के बंदी गृह (हवालात) में फांसी लगाकर आत्महत्या कर ली। घटना की सूचना मिलते ही पुलिस महकमे में हड़कंप मच गया। पुलिस के अनुसार मृतक नामली थाना क्षेत्र के एक गांव का निवासी था।

बुधवार शाम उसकी 16 वर्षीय बेटी ने उसके खिलाफ दुष्कर्म का प्रकरण दर्ज कराया था। एफआईआर में बेटी ने आरोप लगाया था कि उसके साथ दो बार दुष्कर्म किया गया। इसके बाद नामली थाना पुलिस ने प्रकरण दर्ज कर आरोपी को रात करीब 9.40 बजे गिरफ्तार कर लिया था। सीसीटीवी फुटेज के अनुसार आरोपी रात करीब 3 बजे तक हवालात में बैठा हुआ दिखाई दे रहा था। सुबह करीब ४ बजे बंदी गृह के इंचार्ज नारायण जादौन ने जब सीसीटीवी देखा तो आरोपी एक ओर फांसी पर लटका हुआ बेसुध नजर आया। मौके पर पहुंचकर देखा गया कि आरोपी ने पानी के पाइप से अपने लोअर के नाड़े के सहारे फांसी लगा ली थी।

घटना की जानकारी मिलते ही एएसपी विवेक कुमार लाल, एसडीओपी किशोर पाटनवाला, डीएसपी अजय सारवान, एफएसएल अधिकारी अतुल मित्तल, ग्रामीण

# जनगणना 2027- सनवाद के नियुक्त किए प्रगणको एवं पर्यवेक्षकों का प्रशिक्षण तीन चरणों में आयोजित

ब्रह्मास्त्र ›› सनावद

भारत सरकार गृह मंत्रालय दिल्ली के कार्यक्रम अनुसार भारत की जनगणना 2027 को दो चरणों में आयोजित की गई। मध्य प्रदेश जनगणना निदेशालय भोपाल के आदेश अनुसार मध्य प्रदेश राज्य में प्रथम चरण की जनगणना 1 मई 2026 से 30 मई तक की अवधि में मकान सूचीकरण एवं मकान की गणना का कार्य प्रगणको एवं पर्यवेक्षक के द्वारा संपन्न कराया जाएगा। खरगोन जिले की सनवाद तहसील ग्रामीण की गणना की जावेगी

जनगणना कार्य निदेशालय भोपाल के द्वारा तीन चरणों में प्रशिक्षण आयोजित निर्देश करने के अनुक्रम में तहसील सनवाद के नियुक्त किए गए प्रगणको एवं पर्यवेक्षकों का प्रशिक्षण तीन चरणों में आयोजित किया गया है प्रथम चरण का प्रशिक्षण 15 अप्रैल से 17 अप्रैल तक प्रशिक्षण दिया जा रहा है। इसी प्रकार द्वितीय चरण का प्रशिक्षण दिनांक 19 अप्रैल से 21 अप्रैल तक एवं तृतीय चरण का प्रशिक्षण दिनांक 23 अप्रैल से 25 अप्रैल तक संपन्न होगा। आज दिनांक 15 अप्रैल को प्रथम चरण के प्रगणको एवं पर्यवेक्षक को प्रशिक्षण दिया जा रहा है जिसमें जिसमें अनुविभागीय अधिकारी एवं अनुभाग जनगणना अधिकारी सत्यनारायण दररो एवं तहसीलदार वह चार्ज अधिकारी केशिया सोलंकी एवं अतिरिक्त चार्ज अधिकारी नायब तहसीलदार प्रवीण सिंह चंगर और नायब तहसीलदार संतोष कुशवाह तहसील सनवाद (ग्रामीण) जनगणना प्रभारी लिपिका योगेश शर्मा, सहायक लिपिका आशीष सिंह खालसा, कुशकांत सक्सेना, नवनीत गोखले, आनंद भगोरे उपस्थित रहे ।तहसीलदार व चार्ज अधिकारी केशिया सोलंकी के द्वारा सभी बैंचो में उपस्थित होकर सभी प्रगणक व पर्यवेक्षक को जनगणना के कार्य के महत्वपूर्ण बिंदुओं से अवगत कराया गया एवं उन्हें फील्ड में किस प्रकार समय का उपयोग कर जनगणना कार्य को समय से पूर्व करने पर प्रकाश डाला गया। सभी प्रगणक व पर्यवेक्षक को इस बात से अवगत कराया गया कि निदेशालय के जारी कार्यक्रम की समय अवधि के पहले मकान सूचीकरण का कार्य सुचारू व सही-सही कर लिया जाता है तो ऐसे प्रगणको व पर्यवेक्षकों को भारत सरकार गृह मंत्रालय जनगणना कार्य निदेशालय भोपाल एवं प्रमुख जनगणना अधिकारी खरगोन के द्वारा पुरस्कार किया जाएगा सभी कर्मचारियों को भारत सरकार के जनगणना कार्य को उत्साह व उमंग से करने के लिए कहा गया ।जनगणना का प्रशिक्षण नियुक्त किए गए।

# 5 सिखों को अमृत संचार करवाया, लुधियाना वाले का गुरबाणी कीर्तन

उज्जैन। बैसाखी पर्व (खालसा सृजन दिवस) पांच सिखों को अमृत संचार एवं शब्द कीर्तन का आयोजन किया गया। श्री गुरु सिंघ सभा दूध तलाई के अध्यक्ष इकबाल गांधी ने बताया कि प्रिंसिपल सुखवंत सिंह (लुधियाना वाले) ने गुरबाणी कीर्तन किया। संभागीय अध्यक्ष सुरजीतसिंह डंग ने बताया कि बैसाखी के दिन गुरुजी ने सभा में पूछा कि कौन अपना सिर देने के लिए तैयार है। तब पांच बहादुर व्यक्ति आगे आए और अमृत पान कर बन गए। भाई दया सिंहजी, भाई धरमसिंहजी, भाई हिम्मतसिंहजी, भाई मोहकमसिंहजी और भाई साहिब सिंहजी। इन्हें ही च्पांच प्यारेज्ञ कहा जाता है। इन पांच प्यारों को खांडे से अमृत संचार के माध्यम से खालसा में शामिल किया गया, जो शुद्धता, निर्भयता और नम्रता का प्रतीक हैं। संभागीय प्रवक्ता एसएस नारंग ने बताया सर्वप्रथम गुरुजी ने खांडे से अमृत तैयार करके इन पांचों को दीक्षा दी और खालसा बनाया। फिर सबसे बड़ी बात यह हुई कि गुरुजी खुद भी इन पांच प्यारों के सामने झुके और उनसे अमृत लिया।



## भूत बंगला प्रमोट करने में हुई अक्षय कुमार की किरकिरी

### नागिन 7 में की शूटिंग में टेली प्रॉम्पटर से डायलॉग पढ़ते दिखे, वीडियो वायरल, जमकर हुए ट्रोल

बॉलीवुड एक्टर अक्षय कुमार इन दिनों अपकमिंग फिल्म भूत बंगला के प्रमोशन में व्यस्त चल रहे हैं। एक्टर फिल्म प्रमोट करने के लिए एकता कपूर के सुपरनैचुरल टीवी शो नागिन 7 में कैमियो करते दिखे। हालांकि अब शो से एक क्लिप वायरल हो रहा है, जिसमें अक्षय कुमार टेली प्रॉम्पटर की मदद से डायलॉग पढ़ते नजर आ रहे हैं। नागिन 7 के वीकेंड में टेलीकास्ट किए गए एपिसोड में अक्षय कुमार ने नाग गुरू के रूम में कैमियो किया। एपिसोड में वो नागिन बनीं एक्ट्रेस प्रियंका चहर को ड्रैगन यमन से लड़ने का सुझाव दे रहे हैं।

अब एपिसोड का एक क्लिप सोशल मीडिया पर वायरल हो गया है, जिस पर एक्टर को जमकर ट्रोल किया जा रहा है। क्लिप में साफ देखा जा रहा है कि अक्षय कुमार अपने डायलॉग्स याद किए बिना ही टेली प्रॉम्पटर से पढ़ रहे हैं। उनकी आंखें प्रॉम्पटर के शब्दों को फॉलो करती हुई साफ दिखाई दीं। वीडियो सामने आने के बाद अक्षय को ट्रोल किया जा रहा है। एक यूजर ने लिखा, 30 साल के करियर के बाद भी अगर 60 साल का एक्टर डायलॉग याद न रखे, तो कुछ लोगों को यह अजीब या शर्मनाक लग सकता है। हालांकि, कई कलाकार काम की स्पीड और प्रैक्टिकल कारणों की वजह से टेलीप्रॉम्प्टर का इस्तेमाल करते हैं। वहीं एक यूजर ने लिखा है, इस तरह आप एक साल में 4 फिल्में करते हैं। बता दें कि अक्षय कुमार की अपकमिंग फिल्म भूत बंगला 17 अप्रैल को रिलीज हो रही है, जिसे एकता कपूर ने अक्षय कुमार के साथ को-प्रोड्यूस किया है। यही वजह है कि एक्टर एकता के टेलीविजन शो में फिल्म प्रमोट करने पहुंचे हैं।

आकांक्षा पुरी बोलीं

# खेसारी लाल यादव संग जोड़ी हिट...

## अश्मित पटेल के साथ साड़ी फरमेश में दिखी केमिस्ट्रीः कहा- ऐसा मौका पहले नहीं मिला







आकांक्षा पुरी बोलीं- खेसारी लाल यादव संग जोड़ी हिट:अश्मित पटेल के साथ साड़ी फरमेश में दिखी केमिस्ट्रीः कहा- ऐसा मौका पहले नहीं मिला

नए गाने साड़ी फरमेश को लेकर एक्ट्रेस आकांक्षा पुरी और एक्टर अश्मित पटेल इन दिनों चर्चा में हैं। इस गाने में दोनों की फ्रेश और हॉट केमिस्ट्री दर्शकों को काफी पसंद आ रही है। गाने के विजुअल्स और म्यूजिक ने मिलकर एक अलग ही माहौल बना दिया है। आकांक्षा पुरी ने गाने के अनुभव, अश्मित के साथ अपनी ट्यूनिंग और शूटिंग के किस्से शेयर किए। इस दौरान उन्होंने खेसारी लाल यादव के साथ अपनी हिट जोड़ी और केमिस्ट्री पर भी खुलकर बात की है।

**साड़ी फरमेश गाने को आप दोनों किस तरह का सॉन्ग मानते हैं और यह दर्शकों के मूड से कैसे कनेक्ट करता है?**

**आकांक्षा पुरी-** यह गाना ऐसा है जिसे हर मूड में सुना जा सकता है। आप कहीं भी हों, किसी भी माहौल में हों, यह गाना फिट बैठता है। इसे सुनते ही वाइब बन जाती है।

**इस गाने के लिए आप दोनों का साथ आना कैसे हुआ और इसके पीछे की पूरी कहानी क्या है?**

**आकांक्षा पुरी-** प्रोड्यूसर की डिमांड थी कि लीड एक्टर्स फिट और अच्छे लुक वाले हों। मैं पहले ही लॉक हो चुकी थी, लेकिन मेरे को-एक्टर का नाम नहीं बताया गया था। जब पता चला कि अश्मित पटेल हैं, तो मुझे यकीन हो गया कि गाना शानदार बनेगा।

**जब आपको यह गाना ऑफर हुआ तो आपको इसमें क्या खास लगा और आपने इसे तुरंत करने का फैसला क्यों लिया?**

अश्मित पटेल- जब मुझे अप्रोच किया गया, तब आकांक्षा पुरी पहले से ऑनबोर्ड थीं। गाना और उसका कॉन्सेप्ट मुझे बहुत पसंद आया। डायरेक्टर्स को पूरी क्लैरिटी थी, इसलिए यह मेरे लिए आसान फैसला था।

**शूटिंग के दौरान कोई ऐसा खास या मजेदार किस्सा जो आपको आज भी याद हो?**

**अश्मित पटेल-** मुझे शर्टलेस सीन करना था, इसलिए मैंने पूरा दिन कुछ नहीं खाया। वो शॉट रात 3 बजे हुआ और पैकअप 4 बजे। उसके बाद सुबह 6 बजे आकांक्षा पुरी ने मुझे पराठे खिलवाए वह मोमेंट यादगार था।

**क्या फिटनेस और लुक्स को लेकर आप दोनों के बीच कभी हेल्दी कॉम्पटीशन भी देखने को मिला?**

**अश्मित पटेल-** बहुत ज्यादा! आकांक्षा पुरी अपने एब्स को लेकर मुझे इंटिमिडेट करती थीं।

**क्या दर्शकों को आने वाले समय में आप दोनों की जोड़ी फिर से किसी प्रोजेक्ट में साथ देखने को मिलेगी?**

**आकांक्षा पुरी-** हमें साथ में कई ऑफर्स मिल रहे हैं, खासकर ओटीटी से। उम्मीद है कि जल्द ही हम फिर किसी प्रोजेक्ट में साथ नजर आएंगे।

**अश्मित पटेल-** मुझे भी लगता है कि हम जल्द ही किसी फिल्म या प्रोजेक्ट में साथ काम करेंगे क्योंकि लोगों को हमारी केमिस्ट्री पसंद आ रही है। आपके और खेसारी लाल यादव की जोड़ी पहले से हिट रही है, ऐसे में इस नए गाने के बाद जो कमेंट्स आए कि आप उन्हें धोखा दे रही हैं, इस पर आपका क्या कहना है?

**आकांक्षा पुरी-** ऐसा बिल्कुल नहीं है। खेसारी लाल यादव बहुत मेहनती और शानदार आर्टिस्ट हैं, और उनके साथ मेरा कनेक्शन लोगों को पसंद आता है, खासकर हमारी डांसिंग एनर्जी मैच करती है। लेकिन इसका मतलब यह नहीं कि मैं किसी और के साथ काम नहीं कर सकती। मैंने उनके साथ कम गाने किए हैं, लेकिन हमारी केमिस्ट्री स्ट्रॉन्ग है, इसलिए लोग उसे ज्यादा नोटिस करते हैं। उन्होंने खुद साड़ी फरमेश का रॉ फुटेज देखा था और हमें कॉम्प्लिमेंट किया कि हम दोनों बहुत अच्छे और हॉट लग रहे हैं। मुझे उनके साथ काम करना हमेशा पसंद रहेगा।

**रियलिटी शोज को लेकर आपका क्या रुख है और क्या भविष्य में इसमें नजर आने की संभावना है?**

**आकांक्षा पुरी-** मैंने कुछ ऑफर्स ठुकराए हैं क्योंकि हर शो मेरे लिए नहीं है। लेकिन अगर सही मौका मिला तो जरूर करूंगी।

**अश्मित पटेल-** मैं रियलिटी शोज के लिए पूरी तरह ओपन हूं, खासकर खतरों के खिलाड़ी जैसा शो करना चाहूंगा।

# जेल में तेज बुखार में तड़पते रहे विक्रम भट्ट, मैं यहां नहीं मरना चाहता



30 करोड़ की धोखाधड़ी मामले में हुई थी जेल

30 करोड़ की धोखाधड़ी के आरोप में दिसंबर से फरवरी तक जेल में रहे फिल्ममेकर विक्रम भट्ट ने जेल के दर्दनाक दिनों को याद किया है। फिल्ममेकर की मानें तो उन्हें कड़ाके की ठंड की वजह से तेज बुखार हुआ, वो दर्द से कराह रहे थे, लेकिन वहां मौजूद पुलिसवाले उन्हें डॉक्टर के पास तक नहीं ले गए। जेल के कैदियों ने ही मदद की। ऐसे में वो भगवान से लगातार कहते थे कि वो जेल में नहीं मरना चाहते।

विक्रम भट्ट ने जेल के दिनों को याद कर ऑफिशियल सोशल मीडिया से लिखा है, उदयपुर जेल में मेरी कैद के लगभग तीन हफ्ते बाद, जनवरी की कड़ाके की ठंड में, एक रात मैं बैरक नंबर 10 में तेज बुखार के साथ कांपते हुए उठा। चार कंबल ओढ़ने के बाद भी ऐसा लग रहा था जैसे शरीर पर कुछ भी नहीं है। पास में सो रहे कैदियों ने मेरे लिए और कंबल जुटाए। मैंने पैरासिटामोल ली और सोचा कि ठीक हो जाऊंगा। लेकिन ऐसा नहीं हुआ। अगली सुबह मैं जेल के अस्पताल गया। वहां थमार्मीटर तक नहीं था। उन्होंने ऑक्सीजन चेक की और कहा कि सब ठीक है।

आगे फिल्ममेकर ने लिखा, मैंने कहा, ये मजाक है क्या? मुझे एक्सियल स्पॉनडिलोआर्थिटिस है, जो एक ऑटोइम्यून बीमारी है, और मेरे लिए तेज बुखार खतरनाक हो सकता है। आखिरकार डॉक्टर ने मुझे बाहर अस्पताल ले जाने के लिए एक नोट लिख दिया। लेकिन कोई आया ही नहीं। पहले पुलिस एक वीआईपी की सुरक्षा में व्यस्त थी। फिर एक आदिवासी मेले में। दिन पर दिन मैं बैरक में इंतजार करता रहा। मेरे दिन दर्द में बीतते थे, और रातें बुखार में। आगे भावुक होकर फिल्ममेकर ने लिखा, ह्यएक समय ऐसा आया जब मुझे समझ आ गया कि मैं कहीं नहीं जा रहा हूं। तो मैंने वही किया जो मैं कर सकता था। मैंने तेल और नमक खाना बंद कर दिया, जितना हो सके पानी पिया, और बैरक में लगी देवी की एक बड़ी तस्वीर के सामने बैठ गया। और मैंने प्रार्थना की। मैंने कहा, अगर आप हैं, अगर मेरी प्रार्थनाओं का कभी कोई मतलब रहा है, तो मुझे एक चमत्कार दिखाइए। मैं यहां मरना नहीं चाहता। मेरे बच्चों को मेरी जरूरत है। मेरी पत्नी को मेरी जरूरत है। मेरे 90 साल के पिता को मेरी जरूरत है। आखिर में फिल्ममेकर ने लिखा, हर दिन मैं प्रार्थना करता रहा। और धीरे-धीरे, कुछ बदलने लगा। बुखार कम होने लगा। दर्द धीरे-धीरे घटने लगा। दिन-ब-दिन मैं ठीक होने लगा। एक सुबह मैंने देवी की ओर देखा और बस इतना कहा, मुझे मेरी जिंदगी वापस देने के लिए धन्यवाद।

**जेल अधिकारियों पर लापरवाही करने के आरोप भी लगाए-** अपनी पोस्ट में विक्रम भट्ट ने जेल प्रशासन पर लापरवाही करने के भी आरोप लगाए हैं। उन्होंने लिखा है कि शिकायत करने के 15 दिन बाद पुलिसवाले उन्हें अस्पताल ले जाने आए थे, लेकिन तब तक वो ठीक हो चुके है। इस पर उन्होंने पुलिसवालों से कहा था, जनाब, आप करीब 15 दिन देर से आए हैं। शायद आप मेरे भूत को देखने आए हैं।

जब उन्होंने अधिकारी से पूछा कि अगर ये इमरजेंसी होती तो वो क्या करते, जवाब मिला, ओह, तब हम आपको जेल गाड्र्स के साथ भेज देते। इस पर विक्रम लिखते हैं, वे मुझे पहले भी भेज सकते थे। शायद उन्होंने नहीं भेजा। या शायद भगवान मुझे पहले कुछ सिखाना चाहते थे। इसलिए जब लोग कहते हैं कि भगवान नहीं है, तो मैं बहस नहीं करता। मैं बस मुस्कुरा देता हूं। क्योंकि कुछ चमत्कार सिर्फ उसी को दिखाई देते हैं, जिसे उनकी सबसे ज्यादा जरूरत होती है।

**ढाई महीने जेल में रहे, जानिए क्या था विवाद-** राजस्थान के इंदिरा ग्रुप ऑफ कंपनीज के मालिक डॉ. अजय मुर्डिया ने 17 नवंबर को विक्रम भट्ट समेत 8 लोगों के खिलाफ 30 करोड़ की धोखाधड़ी की एफआईआर उदयपुर में दर्ज कराई थी। डॉ. अजय मुर्डिया का आरोप है कि एक इवेंट में उनकी मुलाकात दिनेश कटारिया से हुई थी। दिनेश कटारिया ने उन्हें पत्नी की बायोपिक बनाने का प्रस्ताव दिया।

### पंजाब किंग्स ने आईपीएल 2026 के 24वें मैच में मुंबई इंडियंस को 7 विकेट से हराया

# डी कॉक ने धोनी को पीछे छोड़ा

## मुंबई के सेकेंड इंडविजुअल स्कोरर भी बने, श्रेयस के बेहतरीन कैच से हार्दिक आउट

ब्रह्मास्त्र ›› मुंबई





पंजाब किंग्स ने आईपीएल 2026 के 24वें मैच में मुंबई इंडियंस को 7 विकेट से हरा दिया। वानखेड़े स्टेडियम में क्विंटन डी कॉक ने बतौर विकेटकीपर सबसे ज्यादा 50+ स्कोर के मामले में एमएस धोनी को पीछे छोड़ा। गुरुवार को डी कॉक नाबाद 112 रन बनाकर मुंबई के लिए दूसरे सबसे बड़े व्यक्तिगत स्कोरर बने। पंजाब के कप्तान श्रेयस अय्यर के डाइविंग कैच से हार्दिक पंड्या पवेलियन लौटे।

**डी कॉक ने 25वीं बार 50+ स्कोर बनाया–** क्विंटन डी कॉक ने आईपीएल में बतौर विकेटकीपर अपना 25वां 50+ स्कोर पूरा किया। सबसे ज्यादा फिफ्टी+ स्कोर के मामले में वे दूसरे स्थान पर पहुंच गए। विकेटकीपर के तौर पर सबसे ज्यादा 50+ स्कोर केएल राहुल (31) के नाम हैं, जबकि उनके बाद एमएस धोनी (24), दिनेश कार्तिक (21) हैं।

**डी कॉक मुंबई के सेकेंड हाईएस्ट इंडविजुअल स्कोरर–** क्विंटन डी कॉक ने इस मैच में नाबाद 112 रन बनाकर मुंबई इंडियंस के लिए आईपीएल में दूसरा सबसे बड़ा व्यक्तिगत स्कोर बनाया। इस लिस्ट में टॉप पर सनथ जयसूर्या (114)* हैं, जिन्होंने 2008 में यह पारी खेली थी। डी कॉक ने रोहित शर्मा को पीछे छोड़कर दूसरा स्थान हासिल किया।

**डी कॉक का 9वां टी-20 शतक–** टी-20 क्रिकेट में डी कॉक ने नौवां शतक पूरा किया। सबसे ज्यादा शतक के मामले में टॉप पर क्रिस गेल (22) हैं। उनके बाद बाबर आजम (11) और डेविड वॉर्नर (10) हैं।

यह आईपीएल में पंजाब किंग्स के खिलाफ किसी मुंबई बल्लेबाज का दूसरा शतक है। इससे पहले लेंडल सिमंस ने 2014 में मोहाली में नाबाद 100 रन बनाए थे।

डी कॉक उन विकेटकीपर बल्लेबाजों में शामिल हो गए हैं, जिन्होंने आईपीएल की तीन अलग-अलग टीमों के लिए शतक लगाए हैं। इस लिस्ट में केएल राहुल और संजू सैमसन के साथ क्विंटन डी कॉक का नाम जुड़ गया है।

**प्रभसिमरन ने 25 साल की उम्र में बनाया रिकॉर्ड–** प्रभसिमरन सिंह ने 25 साल की उम्र में पंजाब किंग्स के लिए सबसे ज्यादा 50+ स्कोर बनाने का रिकॉर्ड अपने नाम कर लिया है। उन्होंने 10 बार 50 या उससे ज्यादा रन बनाए हैं। इस मामले में उन्होंने डेविड मिलर (9) और शॉन मार्श (6) को पीछे छोड़ दिया।

**अर्शदीप सिंह के 100 आईपीएल विकेट–** तीसरे ओवर में अर्शदीप सिंह ने आईपीएल में अपने 100 विकेट पूरे किए। पहली गेंद पर उन्होंने रायन रिकेल्टन को आउट किया। लेग साइड की गेंद पर रिकेल्टन का कैच शशांक सिंह ने पकड़ा। अगली गेंद पर सूर्यकुमार यादव भी आउट हो गए। सूर्या का कैच चहल ने लिया। इसी के साथ अर्शदीप आईपीएल में 100 या उससे ज्यादा विकेट लेने वाले प्रमुख लेफ्ट-आर्म पेसर्स की सूची में शामिल हो गए। इस लिस्ट में ट्रेंट बोल्ट (144), जयदेव उनादकट (114), आशीष नेहरा (106) और जहीर खान (102) शामिल हैं। अर्शदीप पंजाब किंग्स के लिए 100 विकेट लेने वाले पहले गेंदबाज बने। उनसे पहले टीम के लिए सबसे ज्यादा विकेट पीयूष चावला (84) के नाम थे। दिलचस्प बात यह रही कि पावरप्ले में आईपीएल में 11 पारियों (21.1 ओवर) के बाद यह उनका पहला विकेट था। टी-20 क्रिकेट में भी यह पिछले 9 मैचों के बाद पावरप्ले में उनका पहला विकेट रहा।

**नमन धीर का कैच चहल से छूटा–** चौथे ओवर की दूसरी गेंद पर नमन धीर को जीवनदान मिला। मार्को यानसन ने ऑफ स्टंप के बाहर लेंथ गेंद डाली, जिस पर धीर ने स्कूप शॉट खेलने की कोशिश की। गेंद बल्ले पर सही तरीके से नहीं लगी और शॉर्ट फाइन लेग की ओर हवा में चली गई। वहां युजवेंद्र चहल के पास आसान कैच का मौका था, लेकिन वे पकड़ नहीं सके और गेंद हाथों से छूट गई। चहल ने इशारा किया कि रोशनी की वजह से उन्हें गेंद नजर नहीं आई।

**डी कॉक ने रिवर्स शॉट पर चौका लगाकर शतक पूरा किया–** 18वें ओवर की आखिरी गेंद पर क्विंटन डी कॉक ने चौका लगाकर अपना शतक पूरा किया। जेवियर बार्टलेट ने ऑफ स्टंप के बाहर लो फुल टॉस डाली, जिस पर डी कॉक ने झुककर रिवर्स लैप शॉट खेला। उन्होंने गेंद की रफ्तार का इस्तेमाल करते हुए उसे शॉर्ट थर्ड मैन के आगे से बाउंड्री तक पहुंचाया।

**हार्दिक पंड्या के आईपीएल में 150 सिक्स पूरे–** 18वें ओवर की पहली गेंद पर हार्दिक पंड्या ने छक्का लगाकर आईपीएल में अपने 150 सिक्स पूरे किए। मार्को यानसन की बैक ऑफ लेंथ गेंद पर हार्दिक ने सामने की ओर शॉट खेला और गेंद बाउंड्री के पार गई।

### आईपीएल में आज जीटी-केकेआर

# कोलकाता ने अब तक एक भी मैच नहीं जीता



ब्रह्मास्त्र ›› मुम्बई

आईपीएल 2026 का 25वां मुकाबला आज गुजरात टाइटंस और कोलकाता नाइट राइडर्स के बीच खेला जाएगा। मैच गुजरात के होम ग्राउंड अहमदाबाद के नरेंद्र मोदी स्टेडियम में शाम 7:30 बजे से शुरू होगा। मुकाबले का टॉस शाम 7:00 बजे होगा।

केकेआर ने इस सीजन 5 मुकाबले खेले हैं। उसे 4 मैच में हार मिली है और एक मुकाबला बारिश के कारण रद्द रहा है। जीटी ने 4 मैच खेले हैं और उसे 2 मैच में जीत और इतने ही मैच में हार मिली है। टीम ने पिछले दो मैचों में दिल्ली और लखनऊ को हराया। आईपीएल में दोनों टीमों के बीच 4 मुकाबले हुए हैं। इस दौरान जीटी ने 3 मैच अपने नाम किए हैं। केकेआर सिर्फ एक मैच जीतने में सफल रही है। आईपीएल 2025 में दोनों टीमों के बीच एक मैच हुआ था। उसे जीटी ने 39 रन से जीता था। इस सीजन में गुजरात टाइटंस के लिए जोस बटलर शानदार फॉर्म में नजर आए हैं। उन्होंने 4 मैचों में 176 रन बनाए हैं, जिसमें 2 अर्धशतक शामिल हैं। वहीं गेंदबाजी में प्रसिद्ध कृष्णा ने बेहतरीन प्रदर्शन किया है। उन्होंने 4 मैचों में 10 विकेट लिए हैं। कोलकाता अपने स्टार खिलाड़ियों के खराब फॉर्म के कारण इस सीजन अब तक एक भी मैच नहीं खेल सकी है। रिंकू सिंह, कैमरन ग्रीन और कप्तान अजिंक्य रहाणे जैसे खिलाड़ी आईपीएल 2026 में कुछ खास कमाल नहीं कर पाए हैं। अंगकृष रघुवंशी कोलकाता के टॉप स्कोरर हैं।












### अमेरिका को पीछे छोड़

## चीन बना भारत का सबसे बड़ा व्यापारिक साझेदार



ब्रह्मास्त्र ›› मुंबई

टैरिफ के चलते अमेरिकी आयात 15.95 फीसदी बढ़कर 52.9 अरब डॉलर पहुंच गया है। पिछले वित्त वर्ष के दौरान चीन को भारत का निर्यात 36.66 फीसदी बढ़कर 19.47 अरब डॉलर हो गया, जबकि आयात 16 फीसदी बढ़कर 131.63 अरब डॉलर रहा।

चीन, अमेरिका को पीछे छोड़कर 2025-26 में भारत का सबसे बड़ा व्यापारिक साझेदार बन गया है। उद्योग और वाणिज्य मंत्रालय के आंकड़ों के अनुसार, चीन के साथ द्विपक्षीय व्यापार 151.1 अरब डॉलर तक पहुंच गया है। इस दौरान चीन के साथ देश का व्यापार घाटा बढ़कर 112.16 अरब डॉलर हो गया। अमेरिका 2024-25 तक लगातार चार वर्षों तक भारत का सबसे बड़ा व्यापारिक साझेदार था।

चीन 2013-14 से 2017-18 तक और फिर 2020-21 में भी भारत का शीर्ष व्यापारिक साझेदार रहा। चीन से पहले यूएई देश का सबसे बड़ा व्यापारिक साझेदार था। पिछले वित्त वर्ष के दौरान चीन को भारत का निर्यात 36.66 फीसदी बढ़कर 19.47 अरब डॉलर हो गया, जबकि आयात 16 फीसदी बढ़कर 131.63 अरब डॉलर रहा। व्यापार घाटा 2025-26 में बढ़कर 112.16 अरब डॉलर के अब तक के उच्च स्तर पर पहुंच गया, जो 2024-25 में 99.2 अरब डॉलर था। 2025-26 में अमेरिका को निर्यात मामूली रूप से 0.92 प्रतिशत बढ़कर 87.3 अरब डॉलर रहा, जबकि आयात 15.95 फीसदी बढ़कर 52.9 अरब डॉलर हो गया। व्यापार अधिशेष 2024-25 के 40.89 अरब डॉलर से घटकर 34.4 अरब डॉलर रह गया।

### थोक महंगाई मार्च में बढ़कर 3.88% हो गई, जो लगातार पांचवां महीना

# कच्चे तेल की कीमतों में उछाल का दिखा असर

ब्रह्मास्त्र ›› नई दिल्ली

थोक महंगाई मार्च में बढ़कर 3.88% हो गई, जो लगातार पांचवां महीना है जब इसमें बढ़ोतरी दर्ज हुई। इसकी मुख्य वजह कच्चे तेल, ईंधन, बिजली और मैन्युफैक्चरिंग उत्पादों की कीमतों में तेज उछाल है, जिस पर पश्चिम एशिया संकट का असर पड़ा।

देश में थोक महंगाई लगातार पांचवें महीने बढ़ते हुए मार्च 2026 में 3.88 फीसदी पर पहुंच गई। यह फरवरी के 2.13 फीसदी और पिछले साल मार्च के 2.25 फीसदी से काफी ज्यादा है। बुधवार को जारी सरकारी आंकड़ों के मुताबिक, इस तेजी के पीछे मुख्य वजह ईंधन, बिजली और मैन्युफैक्चरिंग सेक्टर में कीमतों का तेज उछाल है।

उद्योग मंत्रालय ने बयान में कहा कि मार्च में महंगाई बढ़ने की प्रमुख वजह कच्चे पेट्रोलियम और प्राकृतिक गैस, बेसिक मेटल्स, नॉन-फूड आर्टिकल्स और अन्य मैन्युफैक्चरिंग उत्पादों की कीमतों में वृद्धि रही।

### ईंधन और कच्चे तेल में बड़ा उछाल

हढक आंकड़ों के अनुसार, ईंधन और बिजली श्रेणी में महंगाई फरवरी के -3.78 फीसदी (गिरावट) से बढ़कर मार्च में 1.05 फीसदी हो गई। खासतौर पर कच्चे तेल में महंगाई 51.57 फीसदी तक पहुंच गई, जो फरवरी में -1.29 फीसदी थी।

### मैन्युफैक्चरिंग महंगी, लेकिन खाने-पीने की रफ्तार धीमी

एक तरफ जहां थोक स्तर पर कई चीजें महंगी हुई हैं, वहीं खाने-पीने के मामले में थोड़ी राहत देखने को मिली है। खाद्य पदार्थों की कीमतों में वृद्धि की रफ्तार फरवरी के 2.19 प्रतिशत से घटकर मार्च में 1.90 प्रतिशत पर आ गई। सब्जियों की महंगाई दर भी घटी है, जो फरवरी में 4.73 प्रतिशत थी और मार्च में घटकर 1.45 प्रतिशत रह गई।

हालांकि, उपभोक्ता मूल्य सूचकांक पर आधारित खुदरा मुद्रास्फीति में मामूली बढ़ोतरी हुई है। यह मार्च में बढ़कर 3.4 प्रतिशत हो गई, जबकि पिछले महीने यह 3.21 प्रतिशत थी। यह वृद्धि मुख्य रूप से कुछ चुनिंदा खाद्य पदार्थों के दाम बढ़ने की वजह से हुई है। भारतीय रिजर्व बैंक (आरबीआई) ब्याज दरें तय करने के लिए इसी खुदरा महंगाई पर नजर रखता है। अर्थव्यवस्था की इसी स्थिति को देखते हुए, आरबीआई ने इस महीने की शुरूआत में अपनी मौद्रिक नीति में ब्याज दरों में कोई बदलाव नहीं किया है।



### पश्चिम एशिया संकट का असर

अमेरिका-इस्राइल द्वारा ईरान पर हमले के बाद पश्चिम एशिया में जारी संकट का सीधा असर वैश्विक तेल कीमतों पर पड़ा है। 28 फरवरी से अब तक कच्चे तेल के दाम 50 फीसदी से ज्यादा बढ़ चुके हैं। एक महीने के भीतर कीमतें लगभग 70 डॉलर प्रति बैरल से बढ़कर 122 डॉलर प्रति बैरल तक पहुंच गईं।

### सरकार का कदमः एक्साइज ड्यूटी में कटौती

तेल कीमतों के असर को कम करने के लिए सरकार ने 26 मार्च को पेट्रोल और डीजल पर 10 रुपये प्रति लीटर एक्साइज ड्यूटी घटाई, ताकि कंपनियां बढ़ी लागत का बोझ उपभोक्ताओं पर न डालें।

### रिटेल महंगाई भी बढ़ी, आरबीआई ने दरें स्थिर रखीं

इससे पहले जारी आंकड़ों के मुताबिक, खुदरा महंगाई मार्च में बढ़कर 3.4 फीसदी हो गई, जो फरवरी में 3.21 फीसदी थी। रिजर्व बैंक ने हाल ही में अपनी द्वैमासिक मौद्रिक नीति में ब्याज दरों को यथावत रखा है। केंद्रीय बैंक मुख्य रूप से खुदरा महंगाई के आधार पर ही नीतिगत दरों का फैसला करता है।कुल मिलाकर, ईंधन और कच्चे तेल की कीमतों में उछाल ने थोक महंगाई को ऊपर धकेला है, जबकि खाद्य महंगाई में थोड़ी नरमी देखने को मिली है।

**फूड आर्टिकल्स महंगाई:** 1.90% (फरवरी: 2.19%)
**सब्जियों की महंगाई:** 1.45% (फरवरी: 4.73%)

### विप्रो का चौथी तिमाही का मुनाफा

## 1.8% गिरकर 3502 करोड़ रुपये हुआ

ब्रह्मास्त्र ›› मुम्बई

आईटी सेवाओं की दिग्गज कंपनी विप्रो ने गुरुवार को 250 रुपये प्रति शेयर के भाव पर 15,000 करोड़ रुपये के शेयर बायबैक की घोषणा की, जो शेयर के अंतिम बंद भाव से 19% अधिक है। कंपनी की ओर से यह एलान तिमाही नतीजों के बाद किया गया है। आइए इस बारे में विस्तार से जानें।

विप्रो ने गुरुवार को वित्त वर्ष 2026 की मार्च तिमाही में अपने समेकित शुद्ध लाभ में 1.89 प्रतिशत की गिरावट दर्ज करते हुए इसे 3,501.8 करोड़ रुपये बताया। आईटी कंपनी का पिछले वर्ष की इसी अवधि का मुनाफा 3,569.6 करोड़ रुपये था।

नियामकीय फाइलिंग के अनुसार, वित्त वर्ष 2026 की चौथी तिमाही में परिचालन से राजस्व 7.6 प्रतिशत बढ़कर 24,236.3 करोड़ रुपये हो गया। पिछले दिसंबर तिमाही की तुलना में, लाभ और राजस्व में क्रमशः 12.2 प्रतिशत और 2.8 प्रतिशत की वृद्धि हुई। वित्तीय वर्ष 2025-26 के लिए विप्रो ने 13,197.4 करोड़ रुपये का शुद्ध लाभ दर्ज किया, जो 2024-25 की तुलना में मामूली 0.47 प्रतिशत की वृद्धि दर्शाता है। वित्त वर्ष 2026 में राजस्व 3.96 प्रतिशत बढ़कर 92,624 करोड़ रुपये हो गया। गुरुवार को बीएसई पर विप्रो के शेयर 0.19 प्रतिशत बढ़कर 210.20 रुपये प्रति शेयर पर बंद हुए। बाजार बंद होने के बाद वित्तीय परिणामों की घोषणा की गई। आईटी सेवाओं की दिग्गज कंपनी विप्रो ने गुरुवार को 250 रुपये प्रति शेयर के भाव पर 15,000 करोड़ रुपये के शेयर बायबैक की घोषणा की, जो शेयर के अंतिम बंद भाव से 19% अधिक है। यह लगभग तीन वर्षों में आईटी क्षेत्र की इस प्रमुख कंपनी द्वारा की गई पहली शेयर बायबैक योजना है। विप्रो के बोर्ड ने कुल चुकता शेयर पूंजी के 5.7% के बराबर, अधिकतम 60 करोड़ शेयरों की बायबैक योजना को मंजूरी दी है, जिसकी कुल राशि 15,000 करोड़ रुपये से अधिक नहीं होगी।

### अमेरिका और ईरान के बीच समुद्री नियमों पर फंसा पेंच

# होर्मुज पर कानूनी टकरावः तेल आपूर्ति संकट कायम

ब्रह्मास्त्र ›› नई दिल्ली

होर्मुज जलडमरूमध्य पर अमेरिका और ईरान के बीच समुद्री कानूनों के टकराव और इसके व्यापारिक असर के बारे में पढ़ें। जानिए इस तनाव से वैश्विक व्यापार पर क्या असर होगा।

वैश्विक तेल आपूर्ति के 20 प्रतिशत हिस्से को नियंत्रित करने वाले होर्मुज जलडमरूमध्य को लेकर अमेरिका और ईरान के बीच तनाव केवल कूटनीतिक नहीं, बल्कि गहरे कानूनी विवादों में भी उलझा हुआ है। दोनों देश इस महत्वपूर्ण समुद्री मार्ग के संचालन के लिए अलग-अलग अंतरराष्ट्रीय कानूनों का हवाला दे रहे हैं, जिससे इस क्षेत्र में माल ढुलाई और कच्चे तेल के व्यापार पर अनिश्चितता काफी बढ़ गई है।

**कानूनी व्याख्याओं की अलग-अलग दुनिया-** समुद्री कानून के विशेषज्ञों के अनुसार, अमेरिका और ईरान दोनों ही 'लॉ ऑफ द सी' (समुद्री कानून) के मामले में दो अलग-अलग वैचारिक दुनिया में जी रहे हैं। वाशिंगटन होर्मुज को पूरी तरह से एक अंतरराष्ट्रीय जलमार्ग मानता है, जबकि तेहरान इसे




अपने क्षेत्रीय जल का हिस्सा मानता है। इस मार्ग से गुजरने वाले जहाजों से ईरान द्वारा टोल वसूलने को अमेरिका अवैध मानता है, वहीं दूसरी ओर अमेरिकी राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रंप द्वारा की गई नाकेबंदी को ईरान अपनी संप्रभुता का 'गंभीर उल्लंघन' बता रहा है।

**यूएनसीएलओएस समझौते का अभाव और नियमों की कमी-** विवाद की मुख्य जड़ 1982 में तैयार और 1994 में लागू हुई 'संयुक्त राष्ट्र समुद्री कानून संधि' से जुड़ी है, जिसका उद्देश्य अंतरराष्ट्रीय जलमार्गों के लिए सुचारू नियम तय करना था। दिलचस्प बात यह है कि 171 देशों और यूरोपीय संघ द्वारा इस संधि को लागू किए जाने के बावजूद, अमेरिका और ईरान दोनों ने ही अब तक इसे औपचारिक रूप से लागू नहीं किया है। इसके चलते युद्ध के इस मौजूदा माहौल में दोनों देशों के बीच ऐसा कोई सर्वमान्य नियम नहीं है जिसके आधार पर विवाद को सुलझाया जा सके।

ईरान पुराने अंतरराष्ट्रीय मानकों (जैसे 1958 टेरिटोरियल सीज कन्वेंशन) का हवाला देते हुए विदेशी जहाजों को केवल 'इनोसेंट पैसेज' (शांतिपूर्ण मार्ग) का अधिकार देता है। इसके तहत विदेशी जहाज बिना किसी सुरक्षा को नुकसान पहुंचाए गुजर सकते हैं, लेकिन ईरान मानता है कि वह अपने क्षेत्रीय जल में इस मार्ग को निलंबित कर सकता है।

### आगे का रास्ता और व्यापारिक दृष्टिकोण

इसके विपरीत, अमेरिका यूएनसीएलओएस के नए नियमों के तहत 'ट्रांजिट पैसेज' की मांग करता है। यह नियम तटीय देशों के नियंत्रण को सीमित करता है और निर्बाध नौवहन, विमानों की उड़ान और पनडुब्बियों की आवाजाही सुनिश्चित करता है। अमेरिका अपने इस रुख को 'फ्रीडम ऑफ नेविगेशन' गश्त के जरिए नियमित रूप से लागू करने की कोशिश करता है और ईरान के दावों को खारिज करता है। वहीं, तेहरान का तर्क है कि वह शुरूआत से ही इन नए नियमों का विरोध करता आया है, इसलिए उस पर ये नियम लागू नहीं होते। होर्मुज जलडमरूमध्य में मौजूदा सैन्य स्थिति और आर्थिक व्यवधान इस जटिल कानूनी लड़ाई का ही एक हिस्सा हैं। जब तक दोनों देश किसी साझा कानूनी ढांचे पर सहमत नहीं होते और उसका पालन करने की प्रतिबद्धता नहीं दिखाते, तब तक इस जलमार्ग की स्थिति अस्थिर बनी रहेगी। इस कानूनी गतिरोध के लंबे खिंचने का सीधा असर अंतरराष्ट्रीय व्यापार और कच्चे तेल की सुचारू आपूर्ति पर पड़ेगा।

### टाइम की 100 प्रभावशाली लोगों की सूची में

## पिचाई, मोहन और रणबीर कपूर

ब्रह्मास्त्र ›› नई दिल्ली

टाइम की ओर से जारी दुनिया के 100 सबसे प्रभावशाली लोगों की सूची में गूगल के सीईओ सुंदर पिचाई और यूट्यूब के सीईओ नील मोहन का नाम शामिल किया है।

वैश्विक स्तर पर तकनीकी नवाचार और डिजिटल अर्थव्यवस्था का नेतृत्व कर रहे भारतीय दिग्गजों को टाइम ने अपने 100 सबसे प्रभावशाली लोगों की सूची में शामिल किया है।

**प्रतिष्ठित 'टाइम 100:** द वल्ड्‌र्स मोस्ट इन्फ्लुएंशियल पीपल ऑफ 2026' सूची में गूगल के सीईओ सुंदर पिचाई और यूट्यूब के प्रमुख नील मोहन को शामिल किया गया है। इनके साथ ही न्यूयॉर्क शहर के मेयर जोहरान ममदानी, शेफ विकास खन्ना और अभिनेता रणबीर कपूर ने भी इस सूची में अपनी जगह बनाई है। यह सूची वैश्विक व्यापार, कृत्रिम बुद्धिमत्ता (एआई) और नीति-निर्माण में बदलती ताकत को दिखाती है।

**गूगल का एआई विस्तार और पिचाई का नेतृत्व-** तकनीकी क्षेत्र में एआई संचालित व्यापार का दबदबा कायम है। टाइम प्रोफाइल के अनुसार, 27 साल पुरानी कंपनी होने के बावजूद पिचाई के नेतृत्व में गूगल ने 'स्टार्टअप जैसी फुर्ती' दिखाई है। पिचाई ने 2015 से सीईओ के रूप में कार्य करते हुए एआई अनुसंधान को बड़े पैमाने पर व्यावसायिक उत्पादों में तब्दील किया है।

**वैश्विक प्रभावः** डीपलर्निंग.एआई के संस्थापक एंड्रयू एनजी के अनुसार, पिचाई के नेतृत्व में गूगल एक 'एआई डीप-टेक पावरहाउस' बना हुआ है, जो दुनिया भर में ज्ञान और सूचना प्रणाली को नया आकार दे रहा है।


**नील मोहन के बारे में क्या बताया गया-** डिजिटल स्ट्रीमिंग और विज्ञापन बाजार में यूट्यूब की स्थिति और मजबूत हुई है। नील मोहन ने प्लेटफॉर्म की वृद्धि और सर्वव्यापकता को 'सुपरचार्ज' किया है।

**रणनीतिक साझेदारियांः** मोहन ने दुनिया की सबसे बड़ी खेल लीगों (जैसे एनएफएल) के साथ अहम व्यावसायिक सौदे किए हैं, जिससे प्लेटफॉर्म के राजस्व में विस्तार हुआ है।

**प्लेटफॉर्म का संतुलनः** विज्ञापनदाताओं को लुभाने के साथ-साथ क्रिएटर्स के बीच वफादारी हासिल करने में मोहन सफल रहे हैं। यूट्यूब अब एनएफएल गेम्स और पॉडकास्ट का प्रमुख केंद्र बन गया है।

## दिल्ली एयरपोर्ट पर स्पाइसजेट और अकासा के विमान टकराए

### पार्किंग एरिया में हादसा; दोनों प्लेन को नुकसान, लेकिन यात्री सुरक्षित



**ब्रह्मास्त्र** ▸▸ नई दिल्ली

दिल्ली के इंदिरा गांधी इंटरनेशनल एयरपोर्ट पर स्पाइसजेट और अकासा एयर के विमान आपस में टकरा गए। घटना गुरुवार दोपहर 2 बजे हुई। जानकारी के मुताबिक अकासा का विमान हैदराबाद जाने के लिए तैयार खड़ा था। उसी समय लेह से आया स्पाइसजेट का विमान उससे टकरा गया।

हादसे में स्पाइसजेट के दाहिने पंख का हिस्सा अकासा के बाएं तरफ के पिछले पंख में जा घुसा। घटना के बाद एयरपोर्ट स्टाफ ने दोनों प्लेन में सवार सभी यात्रियों को सुरक्षित रूप से उतार लिया। हादसे में किसी यात्री को चोट नहीं लगी।

घटना के बाद स्पाइसजेट और अकासा के प्लेन दिल्ली में ही खड़े कर दिए गए हैं, यानी इन्हें अगली उड़ान के लिए इस्तेमाल नहीं किया जाएगा। घटना की जांच की जा रही है। अकासा एयरलाइंस के प्रवक्ता ने बताया कि अकासा एयर की दिल्ली से हैदराबाद जा रही फ्लाइट पार्किंग एरिया में खड़ी थी, तभी दूसरे विमान ने उसे टक्कर मार दी। हमारी टीम यात्रियों को जल्द से जल्द हैदराबाद भेजने के लिए दूसरा इंतजाम कर रही है।

विमानों की टक्कर के बाद नागरिक उड्डयन मंत्रालय ने बताया कि घटना की जांच होने तक संबंधित एयर ट्रैफिक कंट्रोल अधिकारी और स्पाइसजेट के पायलटों को रोस्टर से हटा दिया गया है।

### सबसे ज्यादा फायदा यूपी, महाराष्ट्र को

# शाह ने समझाया- कैसे लोकसभा की सीटें 850 होंगी, दक्षिण के 5 राज्यों की सीटें 129 से 195 हो जाएंगी

**ब्रह्मास्त्र** ▸▸ नई दिल्ली

लोकसभा में महिला आरक्षण से जुड़े संशोधन बिलों पर चर्चा के दौरान गृह मंत्री अमित शाह ने गुरुवार को यह समझाया कि परिसीमन से किसी राज्य को नुकसान नहीं होगा। उन्होंने बताया कि लोकसभा की सीटें 543 से 850 कैसे होंगी।

दरअसल, चर्चा के दौरान विपक्ष आरोप लगा रहा था कि परिसीमन से उत्तरी राज्यों को फायदा होगा, जबकि दशकों से जनसंख्या वृद्धि में अंतर की वजह से दक्षिणी राज्य पीछे रह जाएंगे। कांग्रेस ने कहा कि ये बिल महिला आरक्षण के लिए नहीं बल्कि यह चोर दरवाजे से परिसीमन के लिए हैं।

### शाह ने बताया- 850 का आंकड़ा कहां से आया

शाह ने कहा, मैं समझाता हूं। मान लीजिए 100 सीटें हैं और 33% महिलाओं के लिए आरक्षण देना है। यदि कुल सीटों में 50% वृद्धि कर दी जाए, तो यह 150 हो जाती हैं। और जब 150 का 33% आरक्षण लागू होता है, तो यह लगभग 100 सीटों के बराबर हो जाता है।

अभी लोकसभा में 543 सदस्य हैं। परिसीमन के बाद सीटों में 50% वृद्धि की जाएगी और कुल संख्या 816 हो जाएगी। इसमें से 33% सीटें महिलाओं के लिए आरक्षित होंगी। 850 एक राउंड फिगर है, वास्तविक संख्या 816 होगी।

### तमिलनाडु की सीटें 39 से 59 हो जाएंगी

दक्षिण के पांच राज्यों की कुल लोकसभा सीटें 129 से बढ़कर 195 हो जाएंगी। उनका प्रतिशत 23.76 से बढ़कर 23.87 हो जाएगा। इस तरह प्रस्तावित 50%



सीट वृद्धि से दक्षिण भारत के हर राज्य को अधिक सीटें मिलेंगी। तमिलनाडु को 20, केरल को 10, तेलंगाना को 9 और आंध्र प्रदेश को 13 अतिरिक्त सीटें मिलेंगी। उत्तर प्रदेश के बाद लोकसभा में दूसरे सबसे अधिक सांसदों वाला राज्य महाराष्ट्र है, जिसे 24 अतिरिक्त सीटें मिलेंगी।

### शाह बोले- परिसीमन कानून में कोई बदलाव नहीं

शाह ने कहा कि परिसीमन आयोग का कानून पूरी तरह मौजूदा कानून पर है। इसमें कोई बदलाव नहीं है। इसका चल रहे चुनावों पर कोई असर नहीं पड़ेगा।

**परिसीमन विधेयक के अनुसार:** कुल सीटों की संख्या बढ़ाई जाएगी। निर्वाचन क्षेत्रों की सीमाएं 2011 की जनगणना के आधार पर फिर से तय की जाएंगी। इन विधेयकों के जरिए संविधान के 7 अनुच्छेदों- 55, 81, 82, 170, 330, 332 और 334 (ए) में संशोधन किया जाएगा।

### मोदी बोले- विपक्ष क्रेडिट ले, ब्लैंक चेक देने को तैयार

पीएम मोदी ने गुरुवार को महिला आरक्षण बिल से जुड़े संशोधनों पर कहा कि परिसीमन में किसी भी राज्य के साथ भेदभाव नहीं किया जाएगा। यह मोदी की गारंटी है और वादा है। विपक्ष इसका क्रेडिट ले सकता है। मैं क्रेडिट का ब्लैंक चेक दे रहा हूं। प्रियंका गांधी ने कहा, 'वे (पीएम) कह रहे हैं कि उन्हें इसका श्रेय नहीं चाहिए। मैं कहती हूं कि बार-बार बहकाने वाले पुरुषों को महिलाएं पहचान लेती है। सावधान हो जाइए नहीं तो पकड़े जाएंगे।' गृहमंत्री अमित शाह ने कहा कि एक नैरेटिव गढ़ा जा रहा है कि 3 बिलों से साउथ के राज्यों की लोकसभा सीटें कम हो जाएंगी। उन्होंने कहा, 'लोकसभा की कुल 543 सीटों में दक्षिण राज्यों की 129 सीटें हैं। परिसीमन के बाद यह बढ़कर 195 हो जाएंगी। तमिलनाडु की सीटें 39 से बढ़कर 59 होंगी।' बिलों पर चर्चा के लिए 16 और 17 अप्रैल को 15 घंटे का समय तय किया गया है। कल शाम 4 बजे वोटिंग की जाएगी। संशोधन बिल में लोकसभा सांसदों की संख्या 850 करने का प्रस्ताव है। मैं क्रेडिट का ब्लैंक चेक दे रहा हूं: यहां कुछ लोगों को लगता है, इसमें कहीं न कहीं मोदी का राजनीतिक स्वार्थ है। इसका अगर विरोध करेंगे तो स्वाभाविक है कि राजनीतिक लाभ मुझे होगा। अगर साथ चलेंगे तो किसी को भी नहीं होगा। फिर अलग पहलू हो जाता है। हमें क्रेडिट नहीं चाहिए जैसे ही पारित हो जाए तो मैं एड देकर सबको धन्यवाद देने तैयार हूं। सबकी फोटो छपवा देंगे।

### संसद में 4 विपक्षी नेताओं के बयान




प्रियंका गांधी: 543 में से महिलाओं को 33% आरक्षण क्यों नहीं दे रहे। अगर पद खोने का डर नहीं तो कुछ लोग इसमें अपना पद खो दें। ताकि महिलाएं और ओबीसी वर्ग आ सके। ये आज ही कर दें, शुभ काम हो जाएगा काला टीका भी काम आ जाएगा।

असदुद्दीन ओवैसी: जिन राज्यों की आबादी ज्यादा है, उन्हें ज्यादा सीटें मिलेंगी और कम आबादी वाले राज्यों की सीटें घटेंगी। दक्षिणी राज्य देश की ऋद्ध का करीब 30% हिस्सा देते हैं और कुल टैक्स राजस्व का 21% वहीं से आता है, लेकिन उन्हें उनके अच्छे शासन के लिए 'सजा' दी जा रही है।

अखिलेश यादव: ये लोग पिछड़े वर्ग की 33% महिलाओं को उनका हक नहीं देना चाहते हैं। जब परिसीमन की बारी आई तो इन लोगों ने पूरी रणनीति बनाई, कि कैसे क्षेत्र बनाए जाएं कि इसका फायदा इन लोगों को ही मिले।

टी आर बालू (डीएमके सांसद): तीनों परिसीमन संशोधन बिल ही सैंडविच बिल हैं, हम इनका विरोध करते हैं। हमने काले झंडे दिखाए।

### हीटवेव @ 17 अप्रैल 2026




प प्रतीकात्मक है सोर्स: IMD / Survey of India

## महाराष्ट्र में 19 अप्रैल तक लू चलेगी

### छत्तीसगढ़ में हीटवेव, 11 दिन पहले स्कूलों में गर्मी छुट्टी;

# मप्र-राजस्थान के 10 शहरों में तापमान 42 डिग्री के पार

### पूर्वोत्तर राज्यों में भारी बारिश का अलर्ट

**ब्रह्मास्त्र** ▸▸ नई दिल्ली

मध्य प्रदेश, छत्तीसगढ़, ओडिशा, राजस्थान, उत्तर प्रदेश, बिहार, झारखंड और महाराष्ट्र में पिछले दो दिनों से लू चल रही है। भारतीय मौसम विभाग (क्टऊ) ने कहा है कि 20 अप्रैल तक इन राज्यों में गर्मी और उमस से राहत की उम्मीद नहीं है। तापमान 40 से 44त्उ के बीच रह सकता है।

मध्य प्रदेश के 6 और राजस्थान के 4 शहरों में गुरुवार को तापमान 42त्उ के पार दर्ज किया गया। टढ में नर्मदापुरम 43त्उ के साथ सबसे गर्म शहर रहा। राजस्थान का बाड़मेर 42.9त्उ के साथ राज्य का सबसे गर्म शहर रहा। राजस्थान में आने वाले दिनों में हालात और गंभीर हो सकते हैं।

छत्तीसगढ़ के कई हिस्सों में गुरुवार को तापमान 43त्उ तक पहुंच गया है। भीषण गर्मी और हीटवेव के बीच राज्य सरकार ने स्कूलों की गर्मी की छुट्टियां 11 दिन पहले, 1 मई की जगह 20 अप्रैल से ही घोषित कर दीं। राज्य के सभी सरकारी और प्राइवेट स्कूल 20 अप्रैल से 15 जून तक बंद रहेंगे। महाराष्ट्र में अगले कुछ दिनों में गर्मी का असर और तेज होने वाला है। क्टऊ के अनुसार, राज्य के विदर्भ, मध्य और कोंकण क्षेत्र में 19 अप्रैल तक लू चलेगी। इस दौरान लोगों से जरूरी सावधानियां बरतने और गर्मी से बचने की सलाह दी गई है। मौसम विभाग के अनुसार, पूर्वोत्तर राज्यों असम और मेघालय में भारी बारिश होने की संभावना है। हिमाचल प्रदेश और जम्मू-कश्मीर-लद्दाख में आंधी के साथ ओले गिर सकते हैं। हिमाचल, उत्तराखंड, सिक्किम और पश्चिम बंगाल में 40-50 किलोमीटर प्रति घंटा की रफ्तार से तेज हवाओं और बिजली गिरने की आशंका है। इसके अलावा अरुणाचल प्रदेश, हरियाणा, चंडीगढ़, दिल्ली, कर्नाटक, नगालैंड, मणिपुर, मिजोरम, त्रिपुरा और पंजाब में भी बिजली के साथ आंधी का अलर्ट जारी किया गया है।



### ट्रम्प सरकार बोली- मामले की जांच करेंगे


# अमेरिका में परमाणु-स्पेस पर रिसर्च करने वाले 5 वैज्ञानिक गायब: 5 की रहस्यमय हालत में मौत

ब्रह्मास्त्र ›› वाशिंगटन

अमेरिका में न्यूक्लियर और स्पेस रिसर्च से जुड़े वैज्ञानिकों की मौत और गुमशुदगी के मामलों पर अब व्हाइट हाउस सवालों के घेरे में है। 2023 से अब तक ऐसे 10 मामले सामने आए हैं, जिनमें वैज्ञानिक या अधिकारी या तो लापता हो गए या संदिग्ध हालात में मरे। बुधवार को व्हाइट हाउस ब्रीफिंग में पहली बार प्रेस सचिव कैरोलिन लेविट से इन घटनाओं पर सवाल पूछा गया। जवाब में उन्होंने कहा, ‟मैंने अभी संबंधित एजेंसियों से इस बारे में बात नहीं की है। मैं ऐसा करूंगी और आपको जवाब दूंगी। उन्होंने आगे कहा, ‟अगर यह सही है, तो यह निश्चित तौर पर ऐसी बात है जिसे सरकार जांच के लायक मानेगा।” उनके इस जवाब के बाद लोगों में नाराजगी देखने को मिली। कई लोगों ने आरोप लगाया कि सरकारी एजेंसियां इस पैटर्न को गंभीरता से नहीं ले रही हैं या फिर इसे छुपाने की कोशिश कर रही हैं।

### कई वैज्ञानिक घरों से निकले, फिर नहीं लौटे

वैज्ञानिकों के लापता या मौत के सभी मामले अमेरिका की हाई-सिक्योरिटी रिसर्च संस्थाओं से जुड़े बताए जा रहे हैं। इनमें लॉस एलामोस नेशनल लैब, ठअरअ का जेट प्रोपल्शन लैब और टक्ळ का प्लाज्मा साइंस एंड फ्यूजन सेंटर शामिल हैं। ये संस्थान न्यूक्लियर हथियार, एडवांस्ड प्रोपल्शन और नई ऊर्जा तकनीकों पर काम करते हैं। रिपोर्ट्स के मुताबिक कई लापता वैज्ञानिक अपने घरों से अचानक पैदल निकल गए। उन्होंने फोन, वॉलेट और चाबियां तक पीछे छोड़ दीं। यही पैटर्न कई मामलों में देखा गया है, जिससे संदेह और बढ़ा है। रिटायर्ड एयर फोर्स जनरल विलियम नील मैककैसलैंड का मामला हाल में बहुत चर्चा में रहा। वे 27 फरवरी को अपने न्यू मैक्सिको स्थित घर से गायब हो गए थे। बताया गया कि वे अपने साथ सिर्फ पिस्टल लेकर निकले थे और उनकी पत्नी ने 911 पर कहा कि वे खुद को छिपाने की कोशिश कर रहे थे।



**मोनिका रेजा- लापता**

**विलियम मैककैसलैंड- लापता**

मोनिका अमेरिकी स्पेस एजेंसी नासा के जेट प्रोपल्शन लैब से जुड़े एक प्रोजेक्ट में काम कर रही थीं। वहां वह नए मटेरियल और धातुओं पर काम देखने वाली एक टीम की चीफ थी। वह एक खास धातु पर काम कर रही थीं, जिसे मोंडालोय कहा जाता है। यह मटेरियल खास तौर पर रॉकेट इंजन के लिए बताया जाता है। यह भविष्य की स्पेस टेक्नोलॉजी के लिए काफी अहम हो सकता था। मोनिका को आखिरी बार 22 जून की सुबह माउंट वाटरमैन इलाके में दो दोस्तों के साथ हाइकिंग करते हुए देखा गया था। उनके बारे में अब तक कोई सुराग नहीं मिला है। रिपोर्ट्स के मुताबिक, मोनिका का प्रोफेशनल कनेक्शन रिटायर्ड एयर फोर्स जनरल विलियम ‟नील” मैककैसलैंड से था। वह 8 महीने बाद गायब हो गए। इसके बाद शक और बढ़ गया।

विलियम अमेरिका के रिटायर्ड एयर फोर्स जनरल हैं। वह पहले एयर फोर्स रिसर्च लैबोरेट्री के कमांडर रह चुके हैं। वहां वे अरबों डॉलर के साइंस और टेक्नोलॉजी प्रोग्राम संभालते थे। यह लैब अमेरिकी सेना की सबसे अहम रिसर्च यूनिट्स में से एक है, जहां नई टेक्नोलॉजी, हथियार सिस्टम, स्पेस से जुड़ी टेक्नोलॉजी और एडवांस साइंस पर काम होता है। जिस प्रोजेक्ट में मोनिका रेजा काम कर रही थीं, उससे जुड़ी फंडिंग की देखरेख मैककैसलैंड ने की थी। मैककैसलैंड 27 फरवरी 2026 की सुबह न्यू मैक्सिको में अपने घर के पास आखिरी बार देखे गए थे। गार्सिया कंसास सरकारी ठेकेदार थे और सिटी नेशनल सिक्योरिटी कैंपस से जुड़े थे, जहां परमाणु हथियारों के गैर-न्यूक्लियर पार्ट बनाए जाते हैं। ॰

# ट्रम्प बोले-इजराइल और लेबनान 10 दिन के सीजफायर पर राजी

ब्रह्मास्त्र ›› वाशिंगटन

अमेरिकी राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रम्प ने कहा है कि इजराइल और लेबनान 10 दिन के सीजफायर पर राजी हो गए हैं। यह युद्धविराम भारतीय समयानुसार गुरुवार देर रात 2:30 बजे से लागू हो गया है। ट्रम्प ने ट्रुथ सोशल पर पोस्ट कर बताया कि उन्होंने लेबनान के राष्ट्रपति जोसेफ औन और इजराइल के प्रधानमंत्री बेंजामिन नेतन्याहू से बातचीत की, जिसके बाद यह सहमति बनी।

उन्होंने बताया कि वह नेतन्याहू और जोसेफ औन को वॉशिंगटन में बातचीत के लिए आमंत्रित करेंगे। इस हफ्ते वॉशिंगटन में दोनों देशों के बीच 34 साल बाद पहली बार सीधी बातचीत हुई थी, जिसमें अमेरिकी विदेश मंत्री मार्को रुबियो भी शामिल थे। ट्रम्प ने कहा कि उन्होंने उपराष्ट्रपति जेडी वेंस, विदेश मंत्री रुबियो और जॉइंट चीफ्स चेयरमैन जनरल डैन केन को निर्देश दिए हैं कि वे दोनों देशों के साथ मिलकर स्थायी शांति सुनिश्चित करने की दिशा में काम करें। अमेरिका और ईरान 21 अप्रैल को खत्म हो रहे सीजफायर से पहले समझौते के करीब पहुंच रहे हैं। अमेरिकी मीडिया के अनुसार, दोनों पक्षों के बीच बातचीत आगे बढ़ी है, हालांकि कुछ मतभेद अब भी बाकी हैं। इस बीच तेहरान में ईरानी अधिकारियों और पाकिस्तानी सेना प्रमुख आसिम मुनीर के बीच अहम बैठक होगी। मुनीर पहले ही ईरान पहुंचकर विदेश मंत्री अब्बास अराघची से मुलाकात कर चुके हैं और वे अमेरिकी संदेश लेकर गए हैं। पाकिस्तान, मिस्र और तुर्की मध्यस्थ की भूमिका निभा रहे हैं। जेरेड कुशनर के साथ मिलकर बातचीत और ड्राफ्ट प्रस्ताव साझा कर रहे हैं।

## अमेरिका में पूर्व गवर्नर ने तलाक विवाद में पत्नी की हत्या की, खुद को भी गोली मारी

ब्रह्मास्त्र ›› वाशिंगटन

अमेरिका के वर्जीनिया में पूर्व लेफ्टिनेंट गवर्नर जस्टिन फेयरफैक्स ने पत्नी की गोली मारकर हत्या कर दी और फिर खुद भी सुसाइड कर लिया। यह घटना गुरुवार रात एनानडेल स्थित उनके घर में हुई। पुलिस के मुताबिक, घटना के समय दंपती के दोनों बेटे घर में मौजूद थे, जिन्होंने कॉल कर पुलिस को सूचना दी। पुलिस ने जस्टिन फेयरफैक्स (47) और उनकी पत्नी सेरीना को मृत पाया। पुलिस जांच में सामने आया है कि दोनों के बीच तलाक को लेकर विवाद चल रहा था। पुलिस घर में लगे कैमरों की फुटेज की जांच कर रही है। घटना को लेकर पुलिस प्रमुख ने कहा कि यह बेहद दुखद है, खासकर इसलिए क्योंकि बच्चे उसी समय घर में मौजूद थे। फिलहाल बच्चों को परिजनों की देखरेख में रखा गया है और उन्हें काउंसलिंग दी जा रही है। इससे पहले जनवरी में फेयरफैक्स ने पत्नी पर हमले का आरोप लगाया था, लेकिन जांच में इसकी पुष्टि नहीं हुई थी।

## तुर्किये में 13 साल के छात्र ने गोलीबारी की:9 की मौत, हमलावर ने खुद को भी गोली मारी



तुर्किये में लगातार दूसरे दिन स्कूल में गोलीबारी का मामला सामने आया है। बुधवार को एक मिडिल स्कूल में 13 साल के छात्र ने गोलीबारी की। इसमें एक शिक्षक समेत 9 छात्रों की मौत हुई, जबकि लगभग 13 लोग घायल हुए। हमलावर ने बाद में खुद को भी गोली मार ली। 6 घायलों की हालत गंभीर है।

गवर्नर मुकेरम उनलुएर ने बताया कि हमलावर आठवीं कक्षा का छात्र था। वह अपने बैग में पांच हथियार और सात मैगजीन लेकर स्कूल पहुंचा था। शुरूआती जानकारी के मुताबिक, ये हथियार उसके पूर्व पुलिस अधिकारी पिता के हो सकते हैं।

घटना के बाद इलाके में पुलिस तैनात किया गया और जांच शुरू की गई। गवर्नर के मुताबिक, हमलावर स्कूल के अंदर दो कक्षाओं में घुसा, जहां पांचवीं कक्षा के छात्र पढ़ रहे थे। उसने वहां अंधाधुंध फायरिंग की। घायलों में चार की हालत गंभीर बताई गई है और उनका ऑपरेशन चल रहा है। इसी बीच, सोशल मीडिया पर सामने आए वीडियो में देखा गया कि गोलीबारी के दौरान कई छात्र स्कूल की दूसरी मंजिल से कूदकर जान बचाने की कोशिश कर रहे थे।

# लश्कर के को-फाउंडर आमिर हमजा पर फायरिंग

## अस्पताल में भर्ती, लाहौर में न्यूज चैनल के ऑफिस के बाहर हमला; पिछले साल भी अटैक हुआ था

ब्रह्मास्त्र ›› लाहौर

पाकिस्तान के लाहौर में आतंकी संगठन लश्कर-ए-तैयबा के संस्थापक सदस्य आमिर हमजा पर अज्ञात हमलावरों ने गोली चला दी। हमले के बाद उन्हें अस्पताल में भर्ती कराया गया है, जहां उनकी हालत गंभीर बताई जा रही है। मीडिया रिपोर्ट्स के मुताबिक, हमलावरों ने लाहौर में एक न्यूज चैनल के दफ्तर के बाहर उन पर फायरिंग की। हमला किसने और क्यों किया, यह अभी साफ नहीं हो पाया है।

यह एक साल से भी कम समय में दूसरा मौका है, जब हमजा पर हमला हुआ है। इससे पहले पिछले साल मई में भी उनके घर के बाहर अज्ञात लोगों ने उन्हें गोली मारी थी। पिछले हमले के बाद उन्हें अस्पताल ले जाया गया था। इसके बाद पाकिस्तानी अधिकारियों ने उनकी सुरक्षा बढ़ा दी थी, हालांकि उस घटना पर कोई आधिकारिक बयान सामने नहीं आया था।



**8 साल पहले संगठन से अलग हुआ था**

**कुछ रिपोर्ट्स के मुताबिक साल 2018 में फंड की कमी की समस्या की वजह से लश्कर-ए-तैयबा में फूट पड़ गई थी। इसके बाद आमिर हमजा ने खुद को संगठन से अलग कर लिया था।**

आतंकी आमिर हमजा 1987 में लश्कर-ए-तैयबा की स्थापना में शामिल 17 लोगों में से एक है। वह आतंकी गतिविधियों, प्रचार, फंड जुटाने और लश्कर-ए-तैयबा से जुड़े कई अखबारों और पत्रिकाओं का संपादन करता था। वह लश्कर की सेंट्रल एडवाइजरी कमेटी का सदस्य भी रहा है और अन्य आतंकी समूहों के साथ संबंध स्थापित करने में एक्टिव रहा है।

हमजा ने हाफिज सईद के नेतृत्व में लश्कर-ए-तैयबा को दूसरे आतंकी समूहों से जोड़ने का काम किया। वह लश्कर से जुड़े एक चैरिटी संगठन का नेतृत्व करता था और लश्कर के यूनिवर्सिटी ट्रस्ट के बोर्ड में शामिल था, जिसे पहले हाफिज सईद संभालता था। हमजा ने 1980 के दशक में अफगानिस्तान में सोवियत संघ के खिलाफ युद्ध में हिस्सा लिया था। इसके बाद वह हाफिज सईद और अन्य आतंकियों के साथ जुड़ गया। वह हाफिज सईद और अब्दुल रहमान मक्की का करीबी है। अमेरिका ने साल 2012 में हमजा को वैश्विक आतंकी घोषित किया था। हमजा को भारत के खिलाफ कई आतंकी हमलों से जोड़ा गया है। उसे जम्मू के सुंजवां में सेना के ब्रिगेड मुख्यालय पर हुए आतंकी हमले का मास्टरमाइंड बताया जाता है।


## होर्मुज के बाद अब ट्रम्प की मलक्का स्ट्रेट पर नजर

हॉर्मुज स्ट्रेट में इस समय हालात काफी तनाव भरे हैं। अमेरिका वहां ईरान से जुड़े जहाजों की गतिविधियों पर सख्ती कर रहा है। इसी बीच अमेरिका और इंडोनेशिया के बीच 13 अप्रैल को एक नया रक्षा समझौता हुआ है।

इस समझौते के तहत अब अमेरिकी सैन्य विमानों को इंडोनेशिया के हवाई क्षेत्र में ज्यादा आसानी से आने-जाने की इजाजत मिल गई है। इसे आधिकारिक तौर पर दोनों देशों के बीच सहयोग बढ़ाने का कदम बताया जा रहा है, लेकिन इसकी टाइमिंग को लेकर सवाल उठ रहे हैं। यह डील ऐसे समय हुई है जब वर ने ईरान पर दबाव बढ़ाने के लिए होर्मुज में नाकाबंदी शुरू कर दी है। इसके बाद तेल सप्लाई लगभग ठहर गई और कीमतें 100 डॉलर प्रति बैरल से ऊपर पहुंच गई हैं। ऐसे में माना जा रहा है कि अमेरिका ने मलक्का स्ट्रेट पर नजर रखने के लिए यह करार किया है।

## अंतर ढूंढो...





## सूडोकू

| | | | | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|---|---|---|
| | | 8 | | | | 1 | 5 | |
| 2 | | | | | 1 | 8 | | |
| 3 | | | 4 | | 6 | 7 | | 9 |
| 5 | | | | | 9 | | | |
| | 9 | | 2 | 3 | 4 | | 7 | |
| | | | 1 | | | | | 8 |
| 4 | | 7 | 6 | | 5 | | | 1 |
| | | 6 | 7 | | | | | 4 |
| | 5 | 3 | | | | 2 | | |

## पिछले सुडोकू का हल

| | | | | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|---|---|---|
| 3 | 9 | 7 | 5 | 2 | 1 | 4 | 8 | 6 |
| 5 | 4 | 2 | 9 | 6 | 8 | 7 | 1 | 3 |
| 8 | 6 | 1 | 3 | 7 | 4 | 9 | 5 | 2 |
| 2 | 8 | 9 | 1 | 5 | 3 | 6 | 4 | 7 |
| 4 | 7 | 3 | 2 | 8 | 6 | 5 | 9 | 1 |
| 6 | 1 | 5 | 4 | 9 | 7 | 2 | 3 | 8 |
| 9 | 3 | 4 | 7 | 1 | 2 | 8 | 6 | 5 |
| 7 | 5 | 6 | 8 | 3 | 9 | 1 | 2 | 4 |
| 1 | 2 | 8 | 6 | 4 | 5 | 3 | 7 | 9 |

## वर्ग पहेली

| | | | | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|---|---|---|
| 1 | | ■ | 2 | ■ | 3 | ■ | 4 | 5 |
| | ■ | 6 | | ■ | 7 | 8 | ■ | |
| 9 | 10 | | ■ | 11 | ■ | 12 | 13 | |
| ■ | | ■ | 14 | | 15 | ■ | | ■ |
| 16 | | | | ■ | 17 | | | |
| ■ | | ■ | 18 | 19 | | ■ | | ■ |
| 20 | | 21 | ■ | | ■ | 22 | | 23 |
| | ■ | 24 | 25 | ■ | 26 | | ■ | |
| 27 | | ■ | | ■ | | ■ | 28 | |

### बाएं से दाएं

1. उचित, गलत का विलोम-2
4. अधिकार-2
6. परछाई-2
7. सम्मान, प्रसिद्धि-2
9. उल्टी, कै, वमन-3
12. रंग (अंग्रेजी-3)
14. चंचल, फुर्तीला-3
16. भयभीत होना-4
17. फुर्तीलापन-4
18. बसंत काल-3
20. भ्रम, वहम-3
22. आश्रय, शरण-3
24. राजनीतिक पार्टी-2
26. शारीरिक ऊंचाई-2
27. गन्ना-2
28. शाखा, टहनी-2

### ऊपर से नीचे

1. नमस्ते, आदाब-3
2. देह, बदन, तन-2
3. शराब, मदिरा-2
5. डोली उठानेवाले-3
6. पत्नी की छोटी बहन-2
8. वहम, संदेह-2
10. जरूरतमंद-5
11. नाग, सर्प-2
13. आनंदित होना-5
14. भारत से निकलने वाली नदी जो पाकिस्तान में खत्म होती है-3
15. ढीला, सुस्त-3
19. नुक्सान, घाटा-2
20. सद्कार्य-3
21. नशा, सरूर, खुमार-2
22. ओहदा-2
23. भवन, कोठी-3
25. क्षण, पल-2
26. कलिका, फूल खिलने से पहले की स्थिति-2

## पिछले वर्ग पहेली का हल

| | | | | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|---|---|---|
| ■ | क | हा | नी | ■ | प | री | ता | ■ |
| मा | ला | ■ | र | ■ | र | ■ | ना | दा |
| म | ■ | ■ | ब | र | छा | न | ■ | ला |
| ला | प | क | ■ | न | ■ | म | न | न |
| ■ | ■ | र | मी | ■ | तें | की | ■ | ■ |
| सू | र | त | ■ | आ | ■ | न | ज्ञा | र |
| थै | ■ | स | ह | का | जा | ■ | ■ | की |
| ला | छ | ■ | ल | ■ | ह | ■ | र | ब |
| ■ | र | वा | ज | ■ | क | ल | ष | ■ |

## माथा पच्ची

| | | | | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|---|---|---|
| 5 | | 11 | | 55 | | 35 | = | 35 |
| | ■ | | ■ | | ■ | | ■ | |
| 25 | | 22 | | 50 | | 30 | = | 23 |
| | ■ | | ■ | | ■ | | ■ | |
| 50 | | 10 | | 2 | | 5 | = | 35 |
| | ■ | | ■ | | ■ | | ■ | |
| 40 | | 10 | | 4 | | 4 | = | 20 |
| = | ■ | = | ■ | = | ■ | = | ■ | = |
| 35 | | 33 | | 14 | | 21 | = | 27 / 37 |

## शब्दों का जाल

| | | | | | | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|---|---|---|---|---|
| म | म | मा | गो | त | म | बु | द्ध | गु | क | वि |
| हा | हा | सू | ह | का | ल | जी | स | ल | को | ज |
| स्मा | थी | रा | द | अं | त | त | र | मो | ल | अ |
| गां | र | दा | भा | ल | क | वा | दा | ह | व | र |
| धी | ख्या | ब | ध | प्र | म | ङे | र | म्म | सी | विं |
| दि | मी | य | रा | जि | ता | क | प | द | गु | दो |
| बे | ह | बु | मां | या | म | प | टे | र | ठ | घो |
| ठी | पू | सु | ल्ला | ब | पं. | सौ | ल | ट | बा | ष |
| मों | रे | त | सू | ह | रे | बे | बे | जे. | न | र |
| मि | ल | च | त | र | ट | क | ह | न | क | थ |
| या | अ | क | ब | र | बा | इ | र | रू | ह | धी |


## अष्टयोग

| | | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|---|
| | 6 | | 4 | | 3 | |
| 2 | 28 | | 33 | 7 | 35 | |
| | | 5 | 6 | | 7 | |
| 5 | 28 | 3 | 38 | 6 | 34 | 1 |
| | 2 | | 3 | 5 | | |
| | 31 | 2 | 31 | | 30 | 6 |
| | 1 | | 4 | | 5 | |

## रंग भरकर चित्र बनाओ



## रास्ता खोजों...





## रंग भरकर चित्र बनाओ



# ट्रम्प बोले- ईरान एनरिच्ड यूरेनियम सौंपने को तैयार

## दोनों देश सीजफायर के करीब, इस्लामाबाद में डील साइन हुई तो पाकिस्तान जाऊंगा

**अमेरिकी राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रम्प ने दावा किया है कि ईरान अपने एनरिच्ड (संवर्धित) यूरेनियम का भंडार अमेरिका को सौंपने के लिए तैयार हो गया है। अमेरिका का मानना है कि इसका इस्तेमाल परमाणु हथियार बनाने में हो सकता है। उन्होंने व्हाइट हाउस में पत्रकारों से यह भी कहा कि दोनों देश शांति समझौते के काफी करीब हैं। उन्होंने कहा कि बातचीत बहुत सफल चल रही है और समझौते की संभावना काफी ज्यादा है।**



ट्रम्प ने कहा कि अगर यह डील हो जाती है, तो तेल की सप्लाई शुरू हो जाएगी, होर्मुज स्ट्रेट खुला रहेगा और हालात सामान्य हो जाएंगे। उन्होंने यह भी कहा कि अगर समझौता इस्लामाबाद में होता है, तो वे पाकिस्तान की यात्रा भी कर सकते हैं। हालांकि ईरानी मीडिया ने ट्रम्प के दावे को गलत बताया है और कहा कि अमेरिकी राष्ट्रपति हवाई किले बना रहे हैं। वहीं इजराइल और लेबनान 10 दिन के सीजफायर पर राजी हो गए हैं। यह युद्धविराम भारतीय समयानुसार गुरुवार देर रात 3:30 बजे से लागू हो गया है। ट्रम्प ने ट्रुथ सोशल पर पोस्ट कर बताया कि उन्होंने लेबनान के राष्ट्रपति जोसेफ औन और इजराइल के प्रधानमंत्री बेंजामिन नेतन्याहू से बातचीत की, जिसके बाद यह सहमति बनी।



### परमाणु हथियार बनाने के बहुत करीब ईरान

यूरेनियम एक ऐसा पदार्थ है, जिससे परमाणु ऊर्जा भी बनाई जा सकती है और परमाणु बम भी। फर्क सिर्फ इस बात से पड़ता है कि उसे कितना एनरिच यानि कि शुद्ध किया गया है।

प्राकृतिक यूरेनियम में काम का हिस्सा बहुत कम होता है, इसलिए उसे मशीनों (सेंट्रीफ्यूज) के जरिए स्टेप बाय स्टेप शुद्ध किया जाता है। इसी प्रक्रिया को ह्ययूरेनियम एनरिचमेंटह्व कहते हैं। अंतरराष्ट्रीय एजेंसी क्ञएअ की रिपोर्ट्स के मुताबिक ईरान के पास कुल मिलाकर करीब 5 से 6 टन के बीच एनरिच्ड यूरेनियम मौजूद है। हालांकि, यह इतना एनरिच्ड नहीं है कि इससे परमाणु हथियार बन सके।

अभी 120 से 130 किलोग्राम के आसपास 60% तक एनरिच्ड किया जा चुका है। अगर यह एनरिच्डमेंट 90% तक कर लिया गया तो इससे परमाणु हथियार बनाया जा सकता है।

इसलिए अमेरिका और इजराइल, ईरान पर परमाणु कार्यक्रम सीमित करने और एनरिच्ड यूरेनियम सौंपने का दबाव बनाते रहे हैं।

## यूरेनियम का इस्तेमाल

### 3-5% तक एनरिच्ड यूरेनियम

इसका इस्तेमाल बिजली बनाने वाले न्यूक्लियर पावर प्लांट में होता है।

### 20% तक एनरिच्ड यूरेनियम

इसे हाई लेवल माना जाता है, लेकिन इससे हथियार नहीं बनता।

### 60% तक एनरिच्ड यूरेनियम

यह बहुत ज्यादा शुद्ध होता है और इसे 'नियर वेपन ग्रेड' कहा जाता है। यानी अब यह बम बनाने के काफी करीब पहुंच चुका है।

### 90% या ज्यादा

इसे 'वेपन ग्रेड' कहते हैं, यानी इससे परमाणु बम बनाया जा सकता है।

1. इजराइल-लेबनान सीजफायर डीलः अमेरिका की पहल पर इजराइल और लेबनान शुक्रवार से 10 दिन के सीजफायर पर राजी हो गए हैं। इसका मकसद स्थायी सुरक्षा और शांति समझौते पर बातचीत को आगे बढ़ाना है।

2. सीजफायर की शर्तेंः अमेरिकी विदेश विभाग के मुताबिक, इजराइल को आत्मरक्षा का अधिकार रहेगा, लेकिन वह लेबनान के खिलाफ जमीन, हवा या समुद्र से कोई आक्रामक कार्रवाई नहीं करेगा। वहीं लेबनान सरकार पर दबाव है कि वह हिजबुल्लाह को इजराइल पर हमले करने से रोके, हालांकि हिजबुल्लाह पर उसका सीधा नियंत्रण नहीं है।

3. ईरान-अमेरिका बातचीतः ट्रम्प ने दावा किया कि ईरान के साथ युद्ध खत्म करने को लेकर समझौता बहुत करीब है। उनके साथ पाकिस्तान में बातचीत जल्द ही फिर शुरू हो सकती है।

4. अमेरिकी मिलिट्री एक्टिविटीः अमेरिकी अधिकारियों के मुताबिक, मिडिल ईस्ट में तैनात सैनिक फिर से हथियारों से लैस हो रहे हैं और अगर ईरान के साथ बातचीत फेल होती है, तो वे दोबारा लड़ाई के लिए तैयार हैं।

5. ट्रम्प को राहतः अमेरिकी प्रतिनिधि सभा ने ईरान पर सैन्य कार्रवाई रोकने वाला प्रस्ताव 213-214 वोट से खारिज कर दिया।

ईरानी मीडिया बोली- ट्रम्प हवाई किले बना रहे

ईरान की सरकारी मीडिया ने ट्रम्प के उस दावे का मजाक उड़ाया है, जिसमें उन्होंने कहा था कि अमेरिका ईरान के साथ ऐसे समझौते के करीब है, जिससे होर्मुज स्ट्रेट खुल सकता है।

ईरान के सरकारी ब्रॉडकास्टर क्क्क्ह ने अपने आधिकारिक एक्स अकाउंट पर ट्रम्प के बयान का वीडियो साझा करते हुए कहा कि अमेरिकी राष्ट्रपति हवाई किले बना रहे हैं।

इसके साथ ही क्क्क्ह ने एक फारसी कहावत भी साझा की- ह्वऊंट कपास के बीज का सपना देखता है, कभी उसे निगलता है, तो कभी दाना-दाना खाता है ह्व यानी ऐसी उम्मीदें पाल रहा है जिनका जमीन पर कोई ठोस आधार नहीं है। ऊंट आम तौर पर रेगिस्तान में रहता है, जहां कपास जैसी फसल उगती ही नहीं। इसलिए ह्वकपास का बीजह्व ऊंट के लिए ऐसी चीज है जो उसकी पहुंच से बाहर है।

■ वर्ष-12 अंक-163 मूल्य- 2 रु. मध्यप्रदेश | छत्तीसगढ़ | गुजरात | महाराष्ट्र | राजस्थान | उत्तरप्रदेश | उत्तरांचल मालवा डिवीजन 402/2024-2026 आर एन आई क्रमांक 2013/57651

यदा यदा हि धर्मस्य ग्लानिर्भवति भारत। अभ्युत्थानमधर्मस्य तदात्मानं सृजाम्यहम्॥

दैनिक ब्रह्मास्त्र

उज्जैन, शुक्रवासरः 17 अप्रैल, 2026

## सुभाषितानि

आयु: कर्म च विद्या च वित्तं निधनमेव च।
पञ्चैतानि विलिख्यन्ते गर्भस्थस्यैव देहिन:।।

**भावार्थ** : आयुष, (स्थिर) कर्म, विद्या (शाखा का), वित्त (गौरव का), और मृत्यु, ये पांचों शरीर के गर्भ में स्थित हैं।

द्यूतं पुस्तकवाद्ये च नाटकेषु च सक्तिता।
स्त्रियस्तन्द्रा च निन्द्रा च विद्याविघ्नकराणि षट्।।

**भावार्थ** : जुआ, वाद्य, नाट्य (कहानी/फिल्म), महिलाओं (या पुरुषों) से लगाव, नींद और नींद- ये सीखने में गड़बड़ी के छह रूप हैं।

## अस्मिन् सम्पूर्णे विवादे परिवारस्य भूमिका अपि निर्णायकतत्त्वं

ब्रह्मास्त्र ▸▸ भोपाल

इदानीं एषः विषयः व्यक्तिगतवक्तव्यक्षेत्रात् परं गत्वा औपचारिककानूनी अन्वेषणस्य व्याप्तिम् आगतः। अस्मिन् सम्पूर्णे विवादे परिवारस्य भूमिका अपि निर्णायकतत्त्वं मन्यते। समाचारानुसारं मोनालिसा इत्यस्याः परिवारः विवाहस्य अनुमोदनं न कृतवान्, तस्य विरोधं च कृतवान्। फलतः, एतत् अपि अन्वेषणस्य विषयः भवितुम् अर्हति यत् प्रकरणं केवलं परिवारस्य शिकायतया आधारेण प्रकाशं प्राप्तवान् वा आयोगेन प्रकरणस्य संज्ञानं गृहीतवान् वा। सम्प्रति प्रकरणं अन्वेषणस्य प्रारम्भिकपदेषु अस्ति, प्रस्तुतसाक्ष्यस्य आधारेण न्यायालयेन अन्तिमनिर्णयः प्रदत्तः भविष्यति। आगामिदिनेषु पुलिस-अनुसन्धानं, दस्तावेजसत्यापनं, न्यायालयस्य सुनवायी च अस्य प्रकरणस्य प्रक्षेपवक्रं निर्धारयिष्यन्ति। तावत्पर्यन्तं देशे सर्वत्र एषः विषयः व्यापकचर्चाविषयः एव अस्ति।

## सम्पादकीयम्

### पेट्रोल मूल्य वृद्धि

इरान्-इजरायल-युद्धस्य प्रभावः प्रीमियम-पेट्रोल्-औद्योगिक-डीजलं च महत्तरं जातम्; भारते महङ्गानां जोखिमः वर्धते पश्चिम एशियायां द्वन्द्वात् उत्पन्नानां तैल-गैस-स्थापनानाम् आक्रमणानां कारणेन वैश्विक-विपण्ये दबावः अधिकः अभवत्। कच्चे तैलस्य मूल्यं प्रति बैरल् १०० डॉलरात् अधिकं भ्रमति, रुप्यकस्य दुर्बलतायाः कारणेन भारतस्य आयातव्ययः वर्धते। प्रीमियम-पेट्रोल-औद्योगिक-डीजल-महत्त्वपूर्णं जातम्, येन उद्योगानां कृते परिचालनव्ययस्य वर्धनस्य, महङ्गानि च सम्भाव्य-उत्थानस्य विषये आशङ्का वर्धते प्रीमियम-रूपान्तरस्य भारतस्य समग्र-पेट्रोल-विपण्यस्य अत्यल्पः भागः अस्ति-मात्रं २% तः ४% यावत्। परन्तु तस्य मूल्यं 2.35 पर्यन्तं वर्धितम् इति तथ्यं सूचयति यत् पश्चिम एशियायां प्रचलति संघर्षः तैल-गैस-आपूर्तिषु वर्धमानं दबावं जनयति, अतः कम्पनीभिः एतान् व्ययान् बहुकालं यावत् अवशोषयितुं शीघ्रमेव असम्भवं भवितुम् अर्हति औद्योगिकडीजलस्य मूल्ये अपि ऊर्ध्वगामिनि संशोधनं दृश्यते। शोधनालयानाम् आक्रमणानि : यदा प्रचलति संघर्षे तैल-गैस-स्थापनं लक्ष्यं जातम् तदा आरभ्य वैश्विक-विपण्ये अशान्ति-वातावरणं प्रचलति कुवैतदेशेन उक्तं यत्, शुक्रवासरे एव इरान्-देशेन स्वस्य मीना-अल्-अहमदी-शोधनालयस्य उपरि आक्रमणं कृतम्, अतः अस्य सुविधायाः कतिपयानां खण्डानां बन्दीकरणम् आवश्यकम् अभवत् सऊदी अरब-यूएई, कतार-देशयोः उत्पादनक्षमता सर्वा प्रभाविता अस्ति।

नगरस्य प्रत्येकं प्रमुखं सङ्गमस्थानं संकेतमुक्तं कर्तुं निश्चितम् अस्ति

## देशस्य द्वितीयबृहत्तमस्य रङ्गमार्गस्य निमार्णं-११२ किलोमीर्ट व्याप्तस्य



ब्रह्मास्त्र ▸▸ भोपाल

सः अवदत् यत्, राज्यस्य बृहत्तमं फ्लाईओवरं प्राप्तुं अतिरिक्तं, जबलपुरं अधुना पञ्च नूतनानां फ्लाईओवरानाम् अनुमोदनं प्राप्तवान्, यत् निकटभविष्यत्काले नगरस्य प्रत्येकं प्रमुखं सङ्गमस्थानं संकेतमुक्तं कर्तुं निश्चितम् अस्ति। अपि च, देशस्य द्वितीयबृहत्तमस्य रङ्गमार्गस्य निमार्णं-११२ किलोमीर्ट व्याप्तस्य-अधुना अन्तिमपदे अस्ति। एकदा एतत् आधारभूतसंरचनाजालं पूर्णतया स्थापितं जातं चेत् जबलपुरस्य चरित्रे पूर्णं परिवर्तनं भविष्यति, येन प्रमुखमहानगरानां पङ्क्तौ दृढतया स्थातुं शक्यते। पेन्टिनाका-उड्डयन-मार्गस्य दीर्घतायाः विस्तारस्य निर्णयः विशेषतया चञ्चल-चतुष्पथ-स्थानानां समावेशार्थं गृहीतः-यथा साम्राज्य-तिराहा (साम्राज्य-क्रॉसिंग्)-अतः गोराबाजार-पर्यन्तं यातायातस्य निर्बाधः प्रवाहः सुनिश्चितः अभवत्

अस्याः महत्त्वपूर्णस्य उपलब्धेः कृते लोकनिर्माणमन्त्री राकेशसिंहः केन्द्रीयसडकपरिवहनमन्त्री नितिनगडकरी तथा राज्यस्य मुख्यमन्त्री डॉ. मोहन यादवः प्रति आभारं प्रकटितवान्। सः टिप्पणीं कृतवान् यत्, केन्द्रराज्यसर्वकारयोः समन्वयस्य कारणात् जबलपुरं विकासमार्गे अग्रे दौडं कुर्वन् अस्ति। रक्षाविभागेन सह सम्बद्धानां दीर्घकालीनबाधानां समाधानं एकं चुनौतीपूर्णं कार्यम् आसीत्, यत् ताजानां सर्वेक्षणानाम्, तकनीकीसंशोधनानां च माध्यमेन सफलतया सम्पन्नम् इदानीं प्रशासनिकं अनुमोदनं प्राप्तम् अस्ति, अतः निर्माणकार्यस्य निविदाः प्लवन्ते, भूमौ कार्याणि च अतीव शीघ्रमेव आरभ्यन्ते इति संभावना वर्तते नगरस्य नागरिकाः अपि अस्य निर्णयस्य स्वागतं कृतवन्तः यतः पेन्टिनाका-गोराबाजार-क्षेत्रेषु यातायातस्य जामः निरन्तरं वर्धमानः आसीत्, येन सहस्राणि यात्रिकाणां नित्यं असुविधा भवति स्म एषः उड्डयनमार्गः न केवलं समयस्य रक्षणं करिष्यति अपितु ईंधनस्य उपभोगस्य न्यूनीकरणे प्रदूषणस्य निवारणे च सहायकः सिद्धः भविष्यति। अन्ततः पेन्टिनाका फ्लाईओवरस्य एतत् विस्तारितं रूपं जबलपुरस्य आधारभूतसंरचनाविकासे नूतनं मीलपत्थरं स्थापयितुं निश्चितम् अस्ति। साम्राज्य तिराहातः गोराबाजारपर्यन्तं यात्रा इदानीं वायुः भविष्यति, सामान्यतया नगरस्य प्रवेशबिन्दुषु यः यातायातस्य भीडः पीडयति सः अतीतस्य विषयः भविष्यति मन्त्री राकेशसिंहस्य दृष्टिः, सर्वकारस्य सक्रियप्रयत्नेन सह च प्रचुरं स्पष्टं कृतवती यत जबलपुरं आधुनिकं सुसंगठितं च नगरं परिणतुं प्रयत्ने संसाधनानाम् अभावः न भविष्यति। आगामिषु वर्षेषु एते सर्वे उड्डयनमार्गाः, रिंगमार्गाः च सम्पन्नाः भवन्ति चेत् जबलपुरं परिवहनस्य वाणिज्यस्य च निर्विघ्नकेन्द्ररूपेण।

पुनर्निर्माणं कर्तुं

## ९० डिग्री-परिवर्तनेन सह भोपालस्य कुख्यातसेतुः

### मासानां विवादस्य अनन्तरं संकल्पः

ब्रह्मास्त्र ▸▸ जबलपुर

अशबाग-रेलवे-ओवरसेतुः-मध्यप्रदेशस्य राजधानी भोपाले बहुचर्चितः संरचना, यः विवादे उलझितः अस्ति-अधुना आद्यतः पुनर्निर्माणं भविष्यति। ९० डिग्री-पर्यन्तं खतरनाकं मोडं कृत्वा राष्ट्रव्यापिरूपेण उपहासस्य आलोचनायाः च विषयः जातः अस्य सेतुस्य संशोधनार्थं अन्ततः निर्णयः कृतः अस्ति प्रायः दशमासानां विवादानाम्, नौकरशाहीविवादस्य च अनन्तरं लोकनिर्माणविभागस्य रेलमार्गस्य च मध्ये सहमतिः प्राप्ता अस्ति; फलतः इदानीं सेतुः सुरक्षितः कृत्वा सार्वजनिकप्रयोगाय उद्घाटयितुं शक्यते।

प्रायः १८ कोटिरूप्यकाणां व्ययेन निर्मितः अयं ओवरसेतुः २०२५ तमस्य वर्षस्य जूनमासे सम्पन्नः। किन्तु तस्य निर्धारित-उद्घाटनात् पूर्वमेव अस्य डिजाइनस्य दोषाः प्रकाशं प्राप्तवन्तः, येन सः बन्दः एव तिष्ठतु इति आवश्यकम् सेतुमध्ये समाविष्टं तीक्ष्णं, प्रायः ९० डिग्री-परिवर्तनं एतावत् खतरनाकं मन्यते स्म यत् कस्मिन् अपि वाहने सुरक्षितरूपेण तस्य मार्गदर्शनं अत्यन्तं कठिनं मन्यते स्म विशेषज्ञाः एतावत्पर्यन्तं गतवन्तः यत् एतत् ठोसमृत्युजालम् इति लेबलं दत्तवन्तः, न्यायस्य लघुदोषः अपि तीव्रदुर्घटनाम् उत्पन्नं कर्तुं शक्नोति इति चेतावनीम् अयच्छन्। यथा यथा सामाजिकमाध्यमेषु सेतुस्य चित्राणि वायरल् अभवन् तथा तथा देशे सर्वत्र तीव्रसमालोचनाः अभवन्। सर्वे-सामान्यजनात् आरभ्य अभियांत्रिकीविशेषज्ञाः यावत्-निर्माणस्य स्मारकीयं अभियांत्रिकी-दोषः इति उद्धृतवन्तः। विवादः एतावत्पर्यन्तं वर्धितः यत् अन्तर्राष्ट्रीयमञ्चे चचार्याः विषयः अभवत्।

## राशिफल

**मेष** : मेष राशियों के लिए दिन अच्छा रहेगा, खासकर बिजनेस वालों के लिए। आपकी योजनाएं आगे बढ़ेंगी।

**वृषभ** : निवेश के लिए दिन ठीक है, लेकिन उधार लेने या दिखावे में पैसा खर्च करने से बचें। धैर्य बनाए रखें, खासकर मुश्किल समय में।

**मिथुन** : आज आपको कोई बड़ी सफलता मिल सकती है। काम में आपकी मेहनत और टैलेंट दिखेगा।

**कर्क** : आपको किसी जरूरी चर्चा में शामिल होना पड़ सकता है। नया वाहन लेने का योग है। बिजनेस में सुधार होगा।

**सिंह** : धार्मिक कार्यों में मन लगेगा और भाग्य आपका साथ देगा। नौकरी में तारीफ या प्रमोशन मिल सकता है।

**कन्या** : जल्दबाजी में कोई काम न करें। सेहत को लेकर सावधान रहें। अपने जरूरी कामों को नजरअंदाज न करें।

**तुला** : दिन सामान्य रहेगा, लेकिन निजी जीवन की परेशानियां थोड़ा तनाव दे सकती हैं। पार्टनरशिप में सोच-समझकर काम करें।

**वृश्चिक** : मेहनत से काम करने का दिन है। किसी बहस में पड़ने से बचें। भावनाओं में आकर फैसला न लें।

**धनु** : नौकरी ढूंढ रहे लोगों के लिए अच्छा समय है। व्यापार में खुशखबरी मिल सकती है। खर्च बढ़ सकते हैं, इसलिए संभलकर चलें।

**मकर** : पारिवारिक मामलों में सावधानी रखें। किसी लेनदेन में समस्या आ सकती है। धैर्य से काम लें और बड़ों की बात मानें।

**कुंभ** : आप आत्मविश्वास से भरे रहेंगे। सामाजिक कामों में हिस्सा लेंगे। रिश्तों को मजबूत बनाने की कोशिश करें।

**मीन** : नए लोगों से जुड़कर आपको फायदा मिलेगा। आपकी बातों और व्यवहार से लोग प्रभावित होंगे।

## ज्योतिष/वास्तु

# बुध गोचर से इन राशि वालों की बदलेगी तकदीर, करियर-कारोबार में मिलेगा विशेष लाभ

बुध का मेष राशि में यह गोचर कुछ राशि के लोगों के सोचने-समझने के तरीके, आत्मविश्वास और अभिव्यक्ति की क्षमता को मजबूत कर सकता है। खासतौर पर व्यापार में यह समय बेहद लाभकारी साबित हो सकता है।

बुध ग्रह 30 अप्रैल 2026 को सुबह 06 बजकर 38 मिनट पर मेष राशि में प्रवेश करने वाले हैं। यहां पहले से मित्र ग्रह सूर्य भी मौजूद हैं, इसलिए सूर्य-बुध के प्रभाव से बुधादित्य योग का भी निर्माण होगा। ज्योतिष शास्त्र के अनुसार, बुध ग्रहों के राज कुमार है और वह बुद्धि, वाणी, तर्क, संवाद और व्यापार के कारक के रूप में जाने जाते हैं। उनका प्रभाव व्यक्ति को बेहतर संचार क्षमता प्रदान करता है। इसके अलावा बुध का गोचर भी 12 राशियों पर अपना विशेष प्रभाव डालता है। यही कारण है कि, बुध का मेष में आना ज्योतिष की महत्वपूर्ण घटनाओं



में से एक है। इस दौरान कुछ राशियों को अच्छे परिणाम की प्राप्ति संभव है। साथ ही आर्थिक स्थिति में भी सुधार देखने को मिलेगा। आइए इन लकी राशियों के बारे में जानते हैं।

**मेष राशि–** मेष राशि के जातकों के लिए बुध देव तीसरे और छठे भाव के स्वामी होते हैं। माना जा रहा है कि, अब वह आपके लग्न भाव में प्रवेश कर रहे हैं। ऐसे में समाज में मान-सम्मान बढ़ेगा। चीजों को लेकर आत्मविश्वास बढ़ेगा और नौकरी को लेकर किए गए प्रयास सफल होते हुए नजर आएंगे। समाज में मान-सम्मान और इज्जत बढ़ने की संभावना है। आपकी बोलने की शैली प्रभावशाली बनेगी। इस दौराम मेष राशि वालों की पहचान उनकी कला हो सकती हैं और साथ ही कार्यक्षेत्र में आपकी मेहनत रंग लाएगी। खास बात यह है कि विरोधियों पर भी आप हावी रहेंगे।

**मिथुन राशि–** मिथुन राशि वालों के लिए बुध देव अत्यंत महत्वपूर्ण ग्रह हैं, क्योंकि यह आपकी राशि के स्वामी होते हैं। माना जा रहा है कि, बुध का यह गोचर आपको मानसिक शांति और संतुलन प्रदान करेगा। घर-परिवार में खुशियों का माहौल बनेगा। किसी प्रभावि व्यक्ति से मुलाकात होगी। शिक्षा, लेखन, मीडिया के क्षेत्र में काम करने वालों को नए मौके मिलेंगे। वेतन बढ़ सकता है। आर्थिक मामलों में भी सुधार देखने को मिल सकता है।

**मकर राशि–** मकर राशि के जातकों के लिए बुध ग्रह भाग्य भाव यानी नौवें भाव के स्वामी होते हैं। इस गोचर के प्रभाव से नए काम करने की मेहनत रंग लेकर आएगी। सभी कार्य सफल होने के साथ-साथ आपको उनमें भाग्य का पूरा साथ मिलेगा। मानसिक तनाव कम होगा। अटके हुए काम पूरे होने लगेंगे। यदि आप शिक्षा, धर्म या ज्ञान से जुड़े कार्यों में हैं, तो यह समय आपके लिए उन्नति के नए अवसर लेकर आएगा। इस दौरान जीवन में सकारात्मक बदलाव देखने को मिलेंगे।

## खबर एक नजर...

### जाति सूचक शब्दों का प्रयोग कर युवक को मारा चाकू

**उज्जैन।** पंवासा क्षेत्र में बुधवार-गुरूवार रात बाबा ढाबे के सामने बाइक से ओव्हर टेक करने की बात पर हुए विवाद में बालेश्वर पिता तेजाराम परमार 21 साल ग्राम जम्बुरा को चार युवकों ने रोका और जाति सूचक शब्दों का प्रयोग करते हुए चाकू मार दिये। चारों हमलावर जान से मारने की धमकी देकर भाग निकले। घायल बालेश्वर को लोगों की सूचना पर उपचार के चरक अस्पताल पहुंचाया गया। मामले की जानकारी मिलने पर पंवासा थाना पुलिस ने घायल के बयान दर्ज कर एससी/एसटी एक्ट के साथ गाली-गलौच करने और चाकू मारने का प्रकरण दर्ज किया है। हमलावरों के नाम युवराज पिता यशवंत राजपूत, अजय पिता फूलसिंह, तंवर पिता गोवर्धन और रंजीत निवासी रूद्राहेड़ा घट्टिया होना सामने आये है। पुलिस की एक टीम चारों आरोपियों की तलाश कर रही है।

### यात्री बस ने बाइक सवार पिता-पुत्र को मारी टक्कर




**उज्जैन।** भैरवगढ़ थाना क्षेत्र के ग्राम धूलमहू मार्ग पर बाइक सवार उदयसिंह पिता हेमराज गुर्जर 30 साल निवासी सांखलीखेड़ा और उसके पुत्र आयुष को तेजगति से दौड़ती यात्री बस क्रमांक एमपी 13 पी 1091 ने टक्कर मार दी। दुर्घटना में पिता-पुत्र घायल हो गये। चालक बस लेकर मौके से भाग निकला। भैरवगढ़ थाना पुलिस ने घायल पिता की शिकायत पर बस चालक के खिलाफ प्रकरण दर्ज किया है। दुर्घटना का एक मामला उन्हेल थाना क्षेत्र के ग्राम पासलोद बस स्टैंड से सामने आया। नई टाटा पंच कार के चालक ने बाइक सवार हेमराज पिता कालूराम पांचाल 42 साल निवासी अमलावद कला इंगोरिया हाल मुकाम लालघाटी उन्हेल को टक्कर मार दी। हेमराज गंभीर घायल हुआ है। पुलिस ने अंकित पांचाल की शिकायत पर कार चालक की तलाश शुरू की है।

### अधिवक्ता के खाते से सायबर ठगों ने निकाले रुपए

**उज्जैन।** सायबर ठगों द्वारा लगातार ठगी की वारदातों को अंजाम दिया जा रहा है। खाचरौद में अधिवक्ता राजेन्द्र कुमार पिता नाथुलाल पुरोहित 77 साल के खाते से ठगों ने 1 लाख से अधिक की राशि का ट्रांजेक्शन कर लिया। थाना प्रभारी धनसिंह नलवाया ने बताया कि शिकायतकर्ता अधिवक्ता ने बताया कि ना उन्होने किसी लिंक पर क्लिक किया था, ना ही किसी को ओटीपी दिया। खाते से रुपए निकले का मैसेज मिलने पर ठगी का पता चला। मामले की शिकायत ऑनलाइन सायबर हेल्पलाइन पर भी दर्ज कराई थी। 2 दिन पहले ही बड़नगर थाना पुलिस ने भी गोकुल पिता बाबूलाल माली निवासी ग्राम खारी बावड़ी की शिकायत पर खाते से 1.16 लाख रुपए का ट्रांजेक्शन बिना ओटीपी दिये होना बताया था। गोकुल का कहना था कि उसका मोबाइल कुछ घंटों के लिये हैक हुआ था। उसके बाद खाते से रुपए निकले है। पूर्व में इस तरह के मामले सामने आ चुके है। ऑनलाइन सायबर हेल्प लाइन पर शिकायत दर्ज कराने के बाद भी समाधान नहीं हो पा रहा है। जिसके चलते पुलिस को मामले में प्रकरण दर्ज करना पड़ रहे है।

| | | |
|---|---|---|
| दिन | 458-7 | 269-7 |
| मेन बाजार | 366-5 | 779-3 |
| मिलन डे | 350-8 | 788-2 |
| मिलन नाइट | 460-0 | 458-7 |

2 8 9

### गौरक्षकों को पीछे आता देख लोडिंग छोड़ भागा चालक

# प्याज से भरे कट्टों के नीचे छुपाकर रखे 7 मवेशी, एक की मौत

ब्रह्मास्त्र ▸▸ उज्जैन

उज्जैन। आगर की ओर से आ रही लोडिंग में मवेशी भरे होने की खबर मिलने पर गौ रक्षकों ने पीछा किया तो चालक उन्हेल मार्ग पर लोडिंग छोड़ भाग निकला। 7 मवेशियों को प्याज से भरे कट्टों के नीचे छुपाकर वध के लिये ले जाया जा रहा था।

गुरूवार को लोडिंग पिकअप एमपी 53 जीए 4279 में पशुओं को भरकर लाया जा रहा था। आगर की ओर से आ रही पिकअप की खबर गौरक्षकों को मिली तो उन्होंने रोकने का प्रयास किया, लेकिन चालक ने रफ्तार तेज कर गाड़ी उन्हेल रोड की ओर मोड़ ली। पिकअप के ऊपरी हिस्से में प्याज के कट्टे भरे थे। गौरक्षकों ने पीछा नहीं छोड़ा। इस दौरान ग्राम चकरावदा के समीप पिकअप का एक पहिया निकल गया और पिकअप अनियंत्रित होकर खेत में उतर गई। चालक मौका पाकर भाग निकला। मवेशियों से भरी पिकअप की जानकारी भैरवगढ़ थाना पुलिस को मिली तो मौके पर पहुंची। प्याज के कट्टे सड़क पर फैल गये थे। पुलिस ने पिकअप को चैक किया तो उसमें क्रूरता पूर्वक भरे गये 7 केड़े मिले। जिन्हें बाहर निकालने पर सामने आया कि एक केडे की मौत हो चुकी है। एसआई शोभाराम किरार ने बताया कि मामले में पशु क्रूरता अधिनियम की धारा में प्रकरण दर्ज किया गया है। सभी मवेशियों को मुक्त करा गया है। जिन्हे गौशाला भेजा जायेगा। पिकअप नम्बर के आधार पर चालक और मालिक का पता लगाने के प्रयास किये जा रहे है। जिस तरह से मवेशियों को भरा गया था, उससे प्रतित हो रहा है कि वध के लिये ले जाया जा रहा था।




### इधर पाड़े काटने का हुआ खुलासा

महाकाल थाना पुलिस ने अवैध रूप से बूचड़खाना संचालित करने और पाड़े काटने के मामले का खुलासा किया है। पुलिस को सूचना मिली थी कि महाकाल मंदिर क्षेत्र के कोट मोहल्ला में बम्बईया वाली गली में हाजी मुस्तकीन और उसका भाई वसीम पाड़े काटने का काम कर रहे है। पुलिस टीम ने सूचना पर दबिश मारी। मकान हाजी मुस्तकीम अपने मकान में भाई के साथ मिलकर पाडा काट रहा था। दोनों पुलिस को देख पीछे के रास्ते से भाग निकले। पुलिस को मौके से पाड़े के कटे चार पैर के साथ मांस और क्रूरता पूर्वक बांध कर रखे 2 पाड़े के बछड़े मिले। अवैध बूचड़खाने से पुलिस ने धारदार चाकू, तराजू, इलेक्ट्रिक तोल कांटा सहित अन्य उपकरण बरामद किये है। महाकाल थाना प्रभारी गगन बादल ने बताया कि मामले में दोनों भाईयों के खिलाफ म. प्र. कृषक पशु परिरक्षण अधिनियम के साथ पशुओं के प्रति क्रूरता का निवारण और आयुध अधिनियम की धारा में प्रकरण दर्ज किया है। दोनों भाई पूर्व में पाड़े काटने के मामले में पकड़े जा चुके है। जिनकी तलाश जारी है।

# उज्जैन लोकायुक्त ने रतलाम में पकड़ा रिश्वतखोर पटवारी



ब्रह्मास्त्र ▸▸ उज्जैन

लोकायुक्त संगठन उज्जैन ईकाई की टीम ने गुरूवार को रतलाम जिले के सैलाना में नायाब नाजिर कक्ष से हल्का नम्बर 26 के पटवारी कैलाश वडखिया को 20 हजार की रिश्वत लेते रंगेहाथ पकड़ा। निरीक्षक राजेन्द्र वर्मा ने बताया कि जितेन्द्र पिता ईश्वरलाल पाटीदार निवासी ग्राम अडवानिया ने 10 अप्रैल को उज्जैन लोकायुक्त कार्यालय में शिकायत दर्ज कराई थी कि ग्राम सैलाना और बागरियों की खेड़ी में 5 हेक्टयर कृषि भूमि है। उक्त भूमि की वास्तविक स्थिति जानने के लिये उसके पिता ने 22 जनवी को सीमांकन के लिये लोकसेवा केन्द्र के माध्यम से आवेदन किया था। इसके बाद भी सीमांकन नहीं होने पर 9 मार्च को तहसील कार्यालय गया और हल्का पटवारी से पूछताछ की तो उन्होंने कहा कि फीस जमा करा दोगे तो नपती हो जाएगी। 9 अप्रैल को पटवारी कैलाश वडखिया आवेदक के घर पहुंचा और सीमांकन के लिए रूपए 30 हजार की मांग की। 10 हजार रुपए दे चुका हूं। शिकायत की पुष्टि के बाद गुरूवार को टीम रतलाम के सैलाना पहुंची और पटवारी को रिश्वत की राशि 20 हजार रुपए लेते रंगेहाथ पकड़ा गया।

### हीरामिल की चाल में युवक को गोली मारने के बाद बदमाश ने

# गरोठ ब्रिज के नीचे छुपाया था 12 बोर का कट्टा

ब्रह्मास्त्र ▸▸ उज्जैन



हीरामिल की चाल में युवक को गोली मारने के बाद बदमाश ने गरोठ ब्रिज के नीचे कपड़े में लपेटकर कट्टा छुपा दिया था। रिमांड अवधि में 12 बोर का कट्टा बरामद होने पर गुरूवार दोपहर बदमाश को न्यायालय में पेश कर जेल भेज दिया गया।

देवासगेट थाना क्षेत्र में सोमवार-मंगलवार रात विष्णुपुरा में रहने वाला लव पिता चंद्रकांत निर्मल को 3 बदमाशों ने घेरकर गोली मार दी थी। पुलिस ने गोली मारने वाले बदमाश जय उर्फ बच्चा पिता मंगल चौहान निवासी शांतिनगर हाल मुकाम हीरा मिल की चाल को गिरफ्तार कर लिया था। जिसे न्यायालय में पेश कर 2 दिनों की रिमांड पर लिया गया था। एसआई राधेश्याम आवलिया ने बताया कि जय उर्फ बच्चा गोलीकांड का मुख्य आरोपी था, जिससे रिमांड अवधि में कट्टा बरामद करने के प्रयास किये गये। पूछताछ में उसने 12 बोर के कट्टे से गोली चलाना बताया और कालियादेह महल के पास से गुजरे गरोठ ब्रिज के नीचे छुपा कर रखा होने की बात कहीं। पुलिस टीम उसे गरोठ ब्रिज के नीचे लेकर पहुंची, जहां निशानदेही पर कपड़े में लपेटकर रखा गया कट्टा बरामद कर लिया गया। गुरूवार को रिमांड खत्म होने पर उसे न्यायालय में पेश कर जेल भेजा गया है।

**अनमोल गुर्जर की गिरफ्तारी पर इनाम-** जय उर्फ बच्चा के साथ गोली चलाने में गुर्जर गैंग का बदमाश अनमोल और अन्य बदमाश भी शामिल था। दोनों फरार हो गये है। अनमोल गुर्जर कुछ माह पहले भी नीलगंगा थाने के पास मल्टी में गोली चला चुका था। उक्त मामले में भी उसकी गिरफ्तारी अब तक नहीं हो पाई थी। अनमोल गुर्जर की बढ़ती अपराधिक गतिविधियों को देखते हुए पुलिस अधीक्षक द्वारा उसकी गिरफ्तारी पर दोनों मामलों में 10 हजार का इनाम घोषित किया गया है।

### इधर रौनक गुर्जर की तलाश

गुर्जर गैंग के कुख्यात बदमाश रौनक गुर्जर की तलाश चिमनगंज थाना पुलिस को है। 11 अप्रैल को ढांचा भवन में अतिक माहूरकर को गोली लगी थी। पुलिस जांच में अतिक को लगी गोली का मामला षडयंत्र साबित हुआ था। जिसमें रौनक गुर्जर द्वारा घायल को झूठी शिकायत दर्ज कराने के लिये प्रेरित किया था। उक्त मामले में चिमनगंज पुलिस ने अतिक और उसके एक साथी राहुल चौहान को गिरफ्तार कर लिया था। वहीं षडयंत्र की घटना में रौनक गुर्जर, बंटी मालवीय, दीपक परमार को आरोपी बनाया था। रौनक के साथ दोनों आरोपियों की तलाश जारी है।

### फर्जी नम्बर प्लेट के साथ 4 युवक हिरासत में

# 45 लाख की 2 कारों में भरी मिली 5.31 लाख की शराब

ब्रह्मास्त्र ▸▸ उज्जैन

लग्झरी कारों में अवैध शराब तस्करी करते 4 युवकों को घेराबंदी कर हिरासत में लिया गया है। दोनों कारों से 5.31 लाख की अंग्रेजी शराब बरामद की गई है। वहीं कारों की कीमत 45 लाख रुपए होना सामने आई है। चारों से पूछताछ की जा रही है। आज रिमांड पर लिया जायेगा।

नानाखेड़ा थाना पुलिस को गुरूवार शाम खबर मिली थी कि इंदौर की ओर से एक्सयूवी क्रमांक सीजी 10 सीबी 2098 में अवैध शराब भरी हुई है। थाना प्रभारी नरेन्द्र कुमार यादव ने लग्झरी गाड़ी से अवैध शराब की तस्करी का पता चलते ही एसआई हेमंतसिंह जादौन, अनिल ठाकुर, प्रधान आरक्षक चंद्रपालसिंह मंडलोई, दिग्विजयसिंह, मुकेश मुनिया, अनिल सिसोदिया, आरक्षक श्यामबरणसिंह, मुकेश मालवीय की टीम बनाई और घेराबंदी शुरू की। इंजीनियरिंग कॉलेज परिसर के पास से उक्त एक्सयूवी को रोका गया। जिसमें सचिन पिता गोपाल राव 25 साल निवासी झुग्गी झोपड़ी चिमनगंज और यश पिता विनोद चित्तौड़ा 21 साल न्यू इंदिरानगर नागझिरी होना सामने आये। दोनों को हिरासत में लिया गया और गाड़ी की तलाशी ली गई। जिसमें 23 पेटी अंग्रेजी शराब की भरी होना सामने आया। यहीं नहीं तलाशी में एक ही नम्बर जीजे 18 एफसी 1058 की 2 फर्जी नम्बर प्लेट भी बरामद हो गई। पूछताछ में पता चला कि स्कार्पियों क्रमांक एमपी 09 ए क्यू 5267 से भी शराब लाई जा रही है। पुलिस टीम ने तत्काल स्कार्पियों की तलाश में सर्चिंग शुरू की। उक्त कार को शनि मंदिर ब्रिज के नीचे से पकड़ा गया। जिसमें 21 पेटी अंग्रेजी शराब की मिली। स्कार्पियों में साहिल उर्फ मनीष पिता संतोष माली 23 साल निवासी गिरीराज रतन कालोनी कानीपुरा रोड और चंद्रशेखर उर्फ कालू उर्फ मेडिकल पिता नंदकिशोर भोई निवासी विधायक नगर पंवासा सवार थे। थाना प्रभारी यादव के अनुसार दोनों कारों से 44 पेटी शराब कीमत 5.31 लाख बरामद की गई है। एक्सयूवी की कीमत 25 लाख और स्कार्पियों की 20 लाख रुपए है। चारों शराब तस्करों के खिलाफ आबकारी अधिनियम की धारा 34 (2) का प्रकरण दर्ज किया गया है। शुक्रवार दोपहर न्यायालय में पेश कर रिमांड पर लिया जायेगा।




### उज्जैन-गुजरात में लगाते थे ठिकाने

थाना प्रभारी नरेन्द्र कुमार यादव के अनुसार चारों युवकों से पूछताछ में पता चला कि उज्जैन नगर निगम सीमा और गुजरात में शराब प्रतिबंध होने पर इंदौर से अवैध तरीके से लाकर दोनों जगह महंगी कीमत में बेचने का काम करते है। चारों का रिकार्ड खंगालने पर चंद्रशेखर के पूर्व में भी आबकारी अधिनियम के मामले दर्ज होना सामने आये है। रिमांड अवधि में तस्करी से जुड़े कई राज सामने आ सकते है, वहीं आरोपियों की संख्या भी बढ़ सकती है।

स्वामी, मुद्रक, प्रकाशक, संदीप मेहता द्वारा अवंतिका ऑफसेट 2, महाकाल मंदिर मार्ग, मालीपुरा, उज्जैन (म.प्र.) से मुद्रित एवं प्रकाशित। संपादक-संदीप मेहता 9827771777 फोन : 0734-4012777 Email -dainikbrahmastra@gmail.com